दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 27 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-243 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

राहुल गांधी शाह मानहानि केस में 8 साल बाद बरी

नई दिल्ली । उत्तर प्रदेश स्थित सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मानहानि के एक केस में बरी कर दिया है। दरअसल एक स्थानीय भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की शिकायत दाखिल की थी। उनके अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि आज अदालत ने फैसले में राहुल गांधी को मानहानि मामले में दोषमुक्त किया है। बचाव पक्ष ने संबंधित प्रावधान का हवाला देते हुए अदालत में कहा कि यह बयान 'गुड फेथ' (सद्भावना) में दिया गया था और उनका मकसद किसी की मानहानि करना नहीं था।

मुंबई लोकल 10 घंटे ठप, ट्रैक पर मिले 3 शव

मुंबई। मुंबई में सोमवार को रेलवे ट्रैक पर तीन लोगों के शव मिले। दरअसल मुंबई में सोमवार को कई लोकल ट्रेनें 10 घंटै तक तक फंसी रहीं और यात्रियों को ट्रैक पर चलना पड़ा। इसके बाद शाम को ट्रैक पर शव मिले। मुंबई के ट्रांसपोर्ट सिस्टम में यह दिक्कत सुबह 10.00 बजे कांजुरमार्ग स्टेशन के पास लगी आग की वजह से हुई। इसके बाद विखरोली-ठाणे लाइन पर सिग्नलिंग सिस्टम खराब हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक घाटकोपर-विक्रोली सेक्शन पर दो लोग मृत मिले, दोनों को राजावाड़ी हॉस्पिटल भेजा गया है। भांडुप में भी ट्रेन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

संतों के आशीर्वाद से होगा देश व समाज का भला : मुख्यमंत्री

सीएम ने कैमूर में अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का किया शुभारंभ

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कैमूर जिला के भभुआ प्रखंड अंतर्गत परसिया ग्राम में आयोजित श्री भाष्यकार श्रीरामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी महामहोत्सव एवं दिव्य-भव्य विराट अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधु-संतों, धमार्चार्यों एवं श्रद्धालुओं

प्रख्यात संत श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी का लिया आशीर्वाद

कहा-मां मुंडेश्वरी धाम और गुप्तधाम को विकसित करेगी बिहार सरकार



का अभिनंदन करते हुए मां मुंडेश्वरी की पावन धरती को नमन किया।इस अवसर पर अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि इस दिव्य एवं भव्य धर्म सम्मेलन में शामिल होने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। संतों के आशीर्वाद से ही देश और समाज का कल्याण होता है। सनातन संस्कृति, संतों के आशीर्वाद एवं जनसहभागिता से विकसित भारत और समृद्ध बिहार का संकल्प साकार होगा। सनातन धर्म की परंपराओं, दर्शन और सांस्कृतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने में संत समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है।

सीएम ने कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति हजारों वर्षों से पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करती रही है। भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पीएम मोदी लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प भारत को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। सीएम ने कहा कि बिहार भी विकास और समृद्धि की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए व्यापक कार्य किए हैं। उनके द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और उनके सपनों को साकार करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में प्राचीन मंदिरों के विकास और जीर्णोद्धार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लगभग 3,500 करोड़ रुपये की लागत से गयाजी स्थित विष्णुपद मंदिर का विकास एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर के विकास एवं जीर्णोद्धार के लिए भी लगभग 1,000 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है। हजारों वर्ष प्राचीन मां मुंडेश्वरी मंदिर का विकास एवं जीर्णोद्धार भी कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैमूर और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। मां मुंडेश्वरी मंदिर और गुप्तधाम जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों तक श्रद्धालुओं की पहुंच आसान बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि बिहार में सड़क, बिजली और अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास पर लगातार काम किया गया है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच वर्षों में बिहार में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि किसी व्यक्ति को मजबूरी में मजदूरी करने के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़े। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रख्यात संत पूज्य श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद सह प्रसिद्ध गायक मनोज तिवारी ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मंत्री मो. जमा खान, विधायक भरत बिंद, संगीता कुमारी, विधान पार्षद संतोष कुमार सिंह, पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडे, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, शाहाबाद क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक सत्य प्रकाश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधु-संत एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने भोजपुरी फिल्मों को सब्सिडी देने की घोषणा की

पवन सिंह और शिल्पी राज बने बेस्ट मेल-फीमेल सिंगर

पटना। बापू सभागार में सोमवार को आईवीवाई भोजपुरी म्यूजिक अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की कि इस वर्ष से फिल्मों को सब्सिडी देने की शुरूआत भोजपुरी फिल्मों से होगी। उन्होंने भोजपुरी कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कलाकार मिलकर फिल्म सिटी के लिए उपयुक्त स्थान तय करें, सरकार इसके निर्माण में सहयोग करेगी। मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद की मौजूदगी में ह्यसुरों का जश्न, सितारों के संगह्व थीम पर आयोजित समारोह में यशी फिल्म्स के प्रमुख अभय सिन्हा और आईवीवाई कंपनी के विनय सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में भोजपुरी संगीत और सिनेमा से जुड़ी कई चर्चित हस्तियों ने भाग लिया।

गयाजी से बैंकॉक के लिए पहली नॉन-स्टॉप उड़ान सेवा शुरू

सीएम सम्राट चौधरी ने दिखाई हरी झंडी



गयाजी/पटना (एनएसबी)। बिहार में अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्कता के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गया जी से बैंकॉक के लिए इंडिगो एयरलाइंस की पहली नॉन-स्टॉप अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवा (6ए 1083) का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस नई हवाई सेवा से बिहार की अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी और विशेष रूप से मगध क्षेत्र में पर्यटन एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यात्रा करनेवाले सभी यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बिहार में नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में लगातार विस्तार किया जा रहा है। गयाजी से बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान शुरू होने से गयाजी का अंतर्राष्ट्रीय संपर्क और सुदृढ़ होगा। इससे भगवान बुद्ध की ज्ञान एवं करुणा की भूमि बिहार और थाईलैंड के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक तथा पर्यटन संबंधों को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गयाजी विश्वभर के बौद्ध श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए विशेष महत्व रखता है। सीधी अंतर्राष्ट्रीय उड़ान उपलब्ध होने से विदेशों से आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिलेगी और बोधगया सहित पूरे मगध क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं का विस्तार होगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था, होटल, परिवहन, हस्तशिल्प तथा अन्य पर्यटन आधारित व्यवसायों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में इंडिगो एयरलाइंस के स्पेशल डायरेक्टर आरके सिंह ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री को गयाजी-बैंकॉक मार्ग पर इंडिगो एयरलाइंस की प्रथम नॉनस्टॉप उड़ान का सांकेतिक रूप से बोर्डिंग पास भेंट किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

सप्ताह में दो दिन होगी उड़ान

इंडिगो एयरलाइंस की यह सीधी उड़ान सेवा गयाजी और बैंकॉक के बीच सप्ताह में दो दिन संचालित की जाएगी. राज्य सरकार आने वाले समय में पटना, दरभंगा, गयाजी और पूर्णिया एयरपोर्ट के जरिए नागरिक उड्डयन और एयर कनेक्टिविटी का दायरा और अधिक बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है।

राहुल बोले-ज्ञानेश को हटाएं, 30 सेकेंड में रोक देंगे आंदोलन



नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी ने 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली को टालने से इनकार कर दिया। राहुल ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि दिल्ली के हर व्यापारी से हम प्यार करते हैं, उनकी बात सुन रहे हैं।मोदी जी से कहिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटा दें। 30 सेकंड में आंदोलन रुक जाएगा। दिल्ली के कश्मीरी गेट पर सोमवार को व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस से 1 नवंबर को रामलीला मैदान में होने वाली रैली को दिवाली के बाद कराने की मांग की। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के सभी दलों को पत्र लिखा जाएगा। संगठन ने दिवाली फेस्टिवल सीजन में 10 हजार करोड़ रुपए के व्यापारिक नुकसान की चेतावनी दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा- यह त्योहार का मौसम है, लेकिन इस समय आप कमरतोड़ महंगाई से जूझ रहे है।

टीआरई-4 : 33,320 पद पर 9 लाख अभ्यर्थियों ने भरा फॉर्म

पटना (एनएसबी)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई -4.0) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 3 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। वहीं, आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 2 नवंबर तय की गई है। इस भर्ती में शिक्षा विभाग में विद्यालय अध्यापक के 33,320 पदों पर नियुक्ति होनी है। अब तक 9 लाख कैंडिडेट ने फॉर्म भरा है।

बीपीएससी ने आवेदन की तारीख बढ़ाई, 3 नवंबर तक मौका



आयोग कार्यालय में अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि का प्रमाण, आधार संख्या और मोबाइल नंबर जमा करने को कहा गया है। आयोग की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, जिन अभ्यर्थियों के पहचान पत्र के रूप में आधार संख्या दर्ज नहीं होगी, उन्हें 200 रुपए अतिरिक्त बायोमेट्रिक शुल्क देना होगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन और शुल्क जमा करने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में रमन कुमार मंडल और अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य मामले में 1 अगस्त 2025 को पारित आदेश के आलोक में आवेदन की तारीख बढ़ाई है। साथ ही संबंधित मामले के याचिकाकताओं को 29 अक्टूबर तक

विधान परिषद की 8 सीटों के लिए मतगणना आज

पटना (एनएसबी)। प्रतीक्षा की घड़ियां पूरी हो रही हैं और बहुत संभव है कि मंगलवार देर रात तक सभी आठ सीटों का परिणाम घोषित हो जाए। इसी के साथ उन 150 प्रत्याशियों (स्नातक कोटे में 90 और शिक्षक कोटे में 60) के भाग्य का निर्णय हो जाएगा, जो विधान परिषद में शिक्षक और स्नातक कोटे की इन सीटों के लिए दांव आजमाए हुए हैं। इनमें सर्वाधिक उत्सुकता पटना (स्नातक) सीट को लेकर है, जिसने अनंत सिंह की राजनीति को डांवाडोल स्थिति में ला दिया है। पटना सहित स्नातक कोटे की चार सीटों पर 23 अक्टूबर को मतदान हुआ था। शिक्षक कोटे की भी इतनी ही सीटें हैं। मंगलवार सुबह आठ बजे से मतगणना की शुरूआत होगी और आशा है कि पहले शिक्षक कोटे की सीटों के परिणाम सार्वजनिक हों।

दल बदलने वाले छह विधायकों पर कार्रवाई की मांग खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दी राहत



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु में दल बदलने वाले छह पूर्व विधायकों को पांच साल के लिए अयोग्य ठहराने की मांग को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सोमवार को शीर्ष अदालत ने इस संबंध में दायर याचिका खारिज कर दी। मामला अन्नाद्रमुक के उन छह विधायकों से जुड़ा है, जिन्होंने पार्टी के निर्देश के विपरीत मतदान करने के बाद विधानसभा की सदस्यता छोड़ दी थी और बाद में तमिझागा वेत्री कझगम में शामिल हो गए थे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। पीठ ने टिप्पणी की कि कोई जनप्रतिनिधि इस्तीफा देकर मंत्री बनता है तो यह राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा है। इससे पहले मद्रास उच्च न्यायालय ने 24 सितंबर को संबंधित जनहित याचिका खारिज करते हुए कहा था कि विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देना संवैधानिक व्यवस्था का हिस्सा है। न्यायिक आदेश के माध्यम से इस अधिकार पर कानून से बाहर अतिरिक्त शर्तें नहीं लगाई जा सकतीं। याचिकाकर्ता ने छह पूर्व विधायकों को पांच वर्ष तक चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने के साथ उपचुनाव के खर्च की भरपाई की व्यवस्था बनाने की मांग की थी।

IPS आदित्य कुमार को कैट से राहत नहीं मिली



पटना (एनएसबी)। तत्कालीन डीजीपी एसके सिंघल को पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के नाम पर फोन कॉल कराकर दबाव डालने के मामले में IPS अधिकारी आदित्य कुमार को राहत नहीं मिली है। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT) की पटना पीठ ने इस मामले में आदित्य कुमार के खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई को रद करने से इनकार कर दिया है। कैट ने राज्य सरकार को विभागीय जांच में तेजी लाते हुए छह महीने के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया है। साथ ही स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान अधिकारी को बचाव का उचित अवसर दिया जाए और उनकी ओर से असहयोग की स्थिति में भी जांच को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रखा जाए।

गुवाहाटी के होटल में शूटआउट, 5 की मौत



आरोपी ने किराए पर ले रखी थी होटल, मालिकों से चल रहा था विवाद

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के गुवाहाटी में सोमवार रात एक होटल में शख्स ने 6 लोगों पर फायरिंग कर दी। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। मरने वालों में एक महिला भी शामिल है। घटना बोरा सर्विस एरिया में स्थित बिलास इन होटल में हुई। पुलिस कमिश्नर पार्थ सारथी महंत ने बताया कि गोलीबारी होटल के लीज समझौते से जुड़े संपत्ति विवाद के कारण हुई। आरोपी घनकांत गोगोई ने पिछले साल इस होटल को लीज (किराए) पर लिया था। पिछले कुछ समय से होटल के मालिकों और उसके बीच लीज समझौते को लेकर विवाद चल रहा था। सोमवार की रात भी आरोपी का होटल मालिकों से विवाद हुआ। इसी बीच उसने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से सभी लोगों को गोली मार दी।

100 प्रतिशत एथेनॉल वाले ईंधन को सरकार की मंजूरी



सरकार बोली-कच्चे तेल का आयात और प्रदूषण घटेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने 100 प्रतिशत एथेनॉल-ब्लेंडेड फ्यूल के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। हालांकि, इसे सिर्फ उन्हीं गाड़ियों में इस्तेमाल किया जा सकेगा, जिन्हें कंपनी ने खासतौर पर ई 100 फ्यूल से चलने के लिए बनाया हो। नए नियमों से ऐसी कारों की टेस्टिंग और उन्हें चलाने की मंजूरी मिलने का रास्ता साफ हो गया है। भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन अधिसूचित कर दिया। इसके साथ ही, 100 प्रतिशत इथेनॉल वाले ई 100 फ्यूल से चलने वाली फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ियों का रास्ता साफ हो गया है। फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ियां ई 85 (85 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) और 100 प्रतिशत इथेनॉल वाले ई 100 ईंधन पर चलने के लिए भी सक्षम बनाए जाते हैं।

सामान्य गाड़ियों में इस्तेमाल नहीं होगा ई 85 या ई 100 फ्यूल : मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि 20 प्रतिशत से ज्यादा इथेनॉल वाले फ्यूल का इस्तेमाल सिर्फ उन्हीं गाड़ियों में किया जा सकेगा, जिन्हें ज्यादा इथेनॉल से चलाने के लिए डिजाइन और प्रमाणित किया गया है। इसका सीधा मतलब ये हुआ कि 20 प्रतिशत इथेनॉल वाले ई 20 पेट्रोल या सामान्य पेट्रोल से चलने वाली गाड़ियों में ई 85 या ई 100 फ्यूल का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे।

नीलम को अब आवास खाली करने का नोटिस



नीलम देवी से राज्यमंत्री का दर्जा छीना

पटना (एनएसबी)। मोकामा विधायक अनंत सिंह पर जदयू लगातार कड़े एक्शन ले रही है। पार्टी से निकालने के बाद सदस्यता रद्द करने की मांग की गई। अब सरकारी आवास खाली कराने को लेकर नोटिस जारी कर दिया गया है। नीलम देवी को पटना के 1, मॉल रोड स्थित सरकारी आवास को खाली करने का आदेश दिया गया है। बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग की ओर से जारी पत्र में उन्हें 25 नवंबर 2026 तक आवास खाली करने को कहा गया है। आवास खाली करने का नोटिस जारी होने के बाद कांग्रेस की पूर्व विधायक नीतू सिंह अनंत सिंह से मिलने पहुंचीं। वहीं सोमवार सुबह उनकी पत्नी नीलम देवी को 20 सूत्री समिति के सदस्य पद से हटा दिया गया। इसके साथ ही नीलम देवी से राज्य मंत्री का दर्जा भी वापस ले लिया गया है।

चुनाव आयोग बोला-SIR का फॉर्म 6 नहीं बदला



सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा-फैसले सबकी सहमति से लिए, सुनवाई कल

नई दिल्ली (एजेंसी)। एसआईआर पर एक महीने से जारी विवाद के बीच चुनाव आयोग ने कहा कि हमने रक्फ़के फॉर्म 6 में कोई बदलाव नहीं किया। नियमों के अनुसार इस पर बदलाव का अधिकार केंद्र के पास है।

चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में काउंटर एफिडेविट दाखिल किया। आयोग ने कहा कि एसआईआर पर सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं। फैसलों पर CEC ज्ञानेश कुमार, कमिश्नर सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी तीनों की सहमति थी। कोर्ट में दाखिल एफिडेविट पर भी तीनों के दस्तखत हैं। यह हलफनामा उस याचिका के जवाब में फाइल किया गया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने ECI, CEC और दूसरे अधिकारियों को नोटिस दिया था। विवाद तब शुरू हुआ जब पिछले महीने 'इंडियन एक्सप्रेस' ने रिपोर्ट दी कि दो चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर के फॉर्म 6 बदलावों पर आपत्ति जताई थी। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। रक्फ़ से जुड़ी राहुल गांधी समेत 13 विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 27 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

खबरें : एक नजर में

रबी महाभियान का आयोजन

दनियावां / पटना (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय प्रखंड कार्यालय भवन के सभागार भवन मे वासंतिक (रबी) महाभियान का आयोजन किया गया।प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को रबी फसल की बुआई के पूर्व मिट्टी की जांच और बीजोपचार कराने पर बल दिया गया।इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेंद्र कुमार गौरव ने किसानों को दलहन और तिलहन की उन्नत बीजों के बारे में बताया।मौके पर बीटीएम अश्विनी पाल ने पौधा संरक्षण के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड आत्मा अध्यक्ष विकेश कुमार ने किया।मौके पर पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार सहित प्रखण्ड के सैकड़ो प्रगतिशील किसान, षि समन्वयक एवं किसान सलाहकार उपस्थित थे।

सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। फतुहा-दनियावां राजमार्ग पर धोवा पुल के पास सोमवार की शाम हुए एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कलेज, पटना भेज दिया है। मृतकों की पहचान नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के राणा बीघा गांव निवासी 55 वर्षीय अरविंद प्रसाद आर्य और उनके 26 वर्षीय पुत्र ज्ञानदेव कुमार उर्फ सोनू के रूप में की गई। सोमवार को अरविंद प्रसाद अपने पुत्र को दिखाने डक्टर के पास बाइक से पटना गए थे। सोमवार की शाम दोनों बाइक से पटना से अपने घर नालंदा लौट रहे थे। इसी दौरान फतुहा थाना क्षेत्र के धोवा पुल के समीप एक अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर गए और ट्रक दोनों को रौदते हुए फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को फतुहा अस्पताल पहुंचाया, जहां डक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों की चीत्कार से परिसर में कोहराम मच गया। पुलिस अज्ञात ट्रक की तलाश में जुटी है। मृतक ज्ञानदेव उर्फ सोनू तीन भाई-बहनों में घर का इकलौता चिराग था। परिजनों के अनुसार उसके पिता अरविंद प्रसाद घर पर ही किराना दुकान चलाते थे, जबकि सोनू फोटोग्राफी का काम करता था। सोनू की शादी वर्ष 2022 में हुई थी और उसका दो साल का एक मासूम बेटा है। बताया जाता है कि पिता अरविंद प्रसाद सोमवार को सोनू के साथ डक्टर को दिखाने पटना गए थे। पटना से घर लौटने के दौरान दोनों फतुहा में एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

पीपा पुल चालू नहीं होने से नाराज लोगों ने किया सड़क जाम, आगजनी

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। कच्ची दरगाह स्थित पीपा पुल चालू नहीं होने से नाराज स्थानीय लोगों ने सोमवार को नदी थाना क्षेत्र के कच्ची दरगाह-फतुहा स्टेट हाईवे पर आगजनी कर सड़क जाम कर दिया। इस कारण सड़क पर वाहनों का आवागमन करीब दो घंटे तक प्रभावित रहा। आक्रोशित लोग पीपा पुल को जल्द जोड़कर चालू करने की मांग कर रहे थे।
प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि पीपा पुल चालू नहीं होने से दियारा क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों की मांग है कि संबंधित विभाग जल्द से जल्द पीपा पुल को जोड़कर चालू करे, ताकि दियारा क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में सहूलियत मिल सके। गौरतलब है कि कच्ची दरगाह से दियारा क्षेत्र को जोड़ने के लिए पीपा पुल का इस्तेमाल किया जाता है। इसके माध्यम से दियारा के निवासी पटना आते-जाते हैं। पुल चालू नहीं होने से लोगों में नाराजगी है, जिसके विरोध में उन्होंने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। सड़क जाम होने से इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना पर पहुंची नदी थाने की पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर करीब दो घंटे बाद परिचालन सामान्य कराया।

मोकामा में हादसे में महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी

मोकामा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा थाना क्षेत्र के शिवनार गांव में बुधवार को एक दुखद हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान शिवनार निवासी ष्ण देव शर्मा की पत्नी स्वीटी कुमारी (30) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि पारिवारिक विवाद के बाद महिला घर से बाहर निकली थी, इसी दौरान सड़क पर आ जाने से वह ट्रक की चपेट में आ गई।घटना की सूचना मिलते ही मोकामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोकामा थाना अध्यक्ष ने बताया कि ट्रक को जप्त कर लिया गया है और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

हथीदह थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

मोकामा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। हथीदह थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने हथीदह थाने में लिखित शिकायत दी है। आवेदन के अनुसार बच्ची बकरियों को लेकर खेत में गई हुई थी, उसी दौरान एक व्यक्ति द्वारा घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। हथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बच्ची की मेडिकल जांच कराई गई है। रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

राजगीर में भारत-न्यूजीलैंड रग्बी का रोमांचक मुकाबला आज

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे अंतरराष्ट्रीय सीरीज का उद्घाटन, महिला-पुरुष अंडर-20 टीमों के बीच भिड़ंत के साथ मिक्स्ड टीमों के मुकाबले भी होंगे

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार की धरती पर मंगलवार की शाम अंतरराष्ट्रीय रग्बी का रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। राजगीर स्थित खेल परिसर के एथलेटिक स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड की माओरी अंडर-20 टीमों के बीच रग्बी सेवंस सीरीज खेली जाएगी।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को ही इस सीरीज का औपचारिक उद्घाटन करेंगें। भारत-न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित इस सीरीज में महिला और पुरुष टीमों के बीच मुकाबलों के साथ दोनों देशों के खिलाड़ियों की संयुक्त मिक्स्ड टीमें भी मैदान पर उतरेगीं।

यह आयोजन युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देने के साथ खेल के जरिये दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग को मजबूत करने का अवसर बनेगा। इस दौरान केंद्र और बिहार सरकार के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी तथा रग्बी जगत से जुड़े पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

इसके कार्यक्रम के अनुसार, शाम 4 बजे से उद्घाटन एवं स्वागत समारोह शुरू होगा। इस दौरान भारत-न्यूजीलैंड खेल संबंधों के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित सीरीज के बारे में अतिथियों को जानकारी दी जाएगी।

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे, बिहार के ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार, खेल एवं उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह, न्यूजीलैंड के कार्यवाहक उच्चायुक्त मैट आयर्स, बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रीता वर्मा और भारतीय रग्बी फुटबल यूनियन के अध्यक्ष राहुल बोस समेत अन्य गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे।



'पुरुष टीम के मुकाबले से होगी शुरुआत'

उद्घाटन के बाद शाम 4 : 20 बजे भारत और न्यूजीलैंड की अंडर-20 पुरुष टीमों के बीच मुकाबला शुरू होगा, जो शाम 4 : 40 बजे तक चलेगा। इससे पहले न्यूजीलैंड की माओरी पुरुष टीम पारंपरिक हाका प्रस्तुति देगी। दोनों देशों की टीमों के मैदान में प्रवेश, अतिथियों से परिचय और राष्ट्रीय गान के कार्यक्रम के बाद मुकाबले का रोमांच शुरू होगा।

पुरुष टीमों के मैच के बाद शाम 4 : 40 से 5 बजे तक भारतीय और न्यूजीलैंड की टीमों को स्मृति पदक प्रदान किए जाएंगे। इसके बाद महिला टीमों के मुकाबले की तैयारी होगी। शाम 5 : 15 से 5 : 35 बजे तक भारत और न्यूजीलैंड की अंडर-20 महिला टीमों के बीच मैच खेला जाएगा। महिला मुकाबले से पहले न्यूजीलैंड की माओरी महिला टीम भी पारंपरिक हाका प्रस्तुति देगी।

'मिक्स्ड टीमों के बीच भी होगे मुकाबले'

इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण भारत और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को मिलाकर बनाई गई मिक्स्ड टीमें होंगी। शाम 5 : 45 बजे से पुरुष और महिला मिक्स्ड टीमों का परिचय कराया जाएगा। इसके बाद यूनिटी सेवन्स और सेंटेनरी सेवन्स नाम से गठित टीमों के बीच मुकाबले खेले जाएंगे। पुरुष मिक्स्ड टीमों का मैच शाम 6 : 12 से 6 : 15 बजे तक और महिला मिक्स्ड टीमों का मैच शाम 6 : 15 से 6 : 35 बजे तक निर्धारित है। इस दौरान दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच आपसी सहयोग, खेल भावना और मैत्री का संदेश देने पर जोर रहेगा।

कार्यक्रम के समापन से पहले भारतीय और न्यूजीलैंड की महिला एवं पुरुष अंडर-20 टीमों को विशेष रूप से तैयार स्मृति पदक और फ्रेंडशिप शील्ड प्रदान की जाएगी। शाम 6 : 50 बजे से समापन एवं सम्मान समारोह शुरू होगा।

शिक्षा विभाग में पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्यव्यापी सतर्कता अभिचेतना सप्ताह के तहत सोमवार को विकास भवन स्थित शिक्षा विभाग के सभागार में पदाधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी ने न तो रिश्वत लेने और न ही देने की शपथ ली। साथ ही, भ्रष्टाचार से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी संबंधित एजेंसी को देने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर निदेशक प्रशासन विजय कुमार पांडेय ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और पारदर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना होगा।

राज्यव्यापी अभियान की शुरुआत सोमवार से हुई। यह एक नवंबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य लोगों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करना और ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और सरकारी कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

कभी अभिभावक तो कभी गुरु की भूमिका में दिखे शिक्षा मंत्री



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कक्षा में जाकर बच्चों से समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को दिए निर्देश।

पैतृक गांव डुमरिया और दुबौली के मिडिल स्कूलों का किया निरीक्षण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने सोमवार को गोपालगंज प्रवास के दौरान अपने पैतृक गांव डुमरिया के मिडिल स्कूल और दुबौली कन्या मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। शिक्षा मंत्री ने कक्षा में जाकर बच्चों और शिक्षकों से बात की। इस दौरान वे कभी अभिभावक तो कभी गुरु की भूमिका में नजर आए।

शिक्षा मंत्री ने बच्चों से उनकी पढ़ाई और विद्यालय से जुड़ी समस्याओं के बारे में पूछा। उनकी बातें ध्यान से सुनीं। श्री तिवारी ने करीब आधे घंटे तक दोनों विद्यालयों में घूम-घूमकर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उनका जोर इस बात पर रहा कि बच्चों को विद्यालय में पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल और जरूरी सुविधाएं मिलें। शिक्षा मंत्री का यह दौरा बच्चों की समस्याओं को करीब से समझने और विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है।

खबरें — खास-खास

करुणा किंग्स और बसावन पार्क क्वार्टर फाइनल में

विमला देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में करुणा ने 67 और बसावन पार्क ने 29 रन से जीता मुकाबला



पटना (दैनिक नवसंदेश)। द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को दो टीमों ने दमदार प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। सीएबी ग्राउंड पर खेले गए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में करुणा किंग्स ने राज सयर इंडोर क्रिकेट एकेडमी को 67 रन से हराया, जबकि बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने टर्फ एरिना ए को 29 रन से पराजित कर अंतिम आठ में प्रवेश किया।

सरदार पटेल स्पोर्टस फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में करुणा किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 21 ओवर में नौ विकेट पर 133 रन बनाए। दिव्यांश ने नाबाद 24, सत्यम कुमार ने 15 और राजा वर्मा ने 14 रन का योगदान दिया। टीम को अतिरिक्तके रूप में 64 रन मिले। राज सयर के कप्तान आयुष सिंह ने 11 रन देकर चार विकेट चटकाए, जबकि अयांश कृष्णा को दो विकेट मिले।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राज सयर की टीम 16.2 ओवर में 66 रन पर सिमट गई। अमन सिंह ने 12 और कप्तान आयुष सिंह ने 13 रन बनाए। करुणा के कप्तान प्रतीक शर्मा, अभिषेक, कुमार आयुष प्रजापति और दिव्यांश ने दो-दो विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। प्रतीक शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

रोहन और शरद की पारियों से बसावन पार्क की जीत : दूसरे मुकाबले में बसावन पार्क क्रिकेट एकेडमी ने टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 154 रन बनाए। रोहन सिंह ने 38 और शरद सिंह ने 33 रन की उपयोगी पारियां खेलीं। अभिनव प्रकाश और कप्तान अरुणव राय ने 15-15, विराज सिंह ने 12 और हार्दिक ने नाबाद 10 रन बनाए। टीम को अतिरिक्तके रूप में 30 रन मिले। टर्फ एरिना की ओर से क्षितिज और सुजल कुमार ने दो-दो विकेट लिए।

जवाब में टर्फ एरिना की टीम निर्धारित 21 ओवर में 125 रन पर अलआउट हो गई। सम्राट सिंह ने 39, कप्तान आयुष ने 27 और दिव्यांशी सिंह ने 12 रन बनाए। टीम को अतिरिक्त के रूप में 36 रन मिले। बसावन पार्क के हार्दिक कत्यान ने चार ओवर में 14 रन देकर चार विकेट चटकाए, जबकि रोहन सिंह ने दो और ओमकार पाठक ने एक विकेट लिया। हार्दिक कत्यान को प्लेयर अफ द मैच चुना गया।

ब्रिक्स संसदीय मंच-2026 के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए बिहार विधान सभा अध्यक्ष डा.प्रेम कुमार



ब्रिक्स संसदीय मंच-2026 के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए बिहार विधान सभा अध्यक्ष प्रेम कुमार।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर के संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच-2026 के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस समारोह का में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत किया। साथ ही, उन्होंने अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार से मिलकर बिहार का हाल चाल जाना।

इस वर्ष ब्रिक्स संसदीय मंच का विषय जन-केंद्रित विकास के लिए संसदों को सशक्त बनाना है। मंच पर सदस्य एवं साझेदार देशों के प्रतिनिधियों ने संसदीय सहयोग, लोकतांत्रिक मूल्यों, जनकल्याण और समावेशी विकास को बढ़ावा देने से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया।

डा. प्रेम कुमार ने कहा कि ब्रिक्स संसदीय मंच विभिन्न देशों की संसदों के बीच संवाद, सहयोग और अनुभवों के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण अवसर है। ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच जनहित से जुड़े मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण विकसित करने तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक सहयोग, लोकतांत्रिक मूल्यों और जन-केंद्रित विकास को नई दिशा दे रहा है। भारत की संसदीय परंपराएं और लोकतांत्रिक व्यवस्था विश्व समुदाय के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

डा प्रेम कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि ब्रिक्स संसदीय मंच-2026 के माध्यम से सदस्य देशों के बीच संसदीय सहयोग और मजबूत होगा तथा विकास, शांति और जनकल्याण के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

गयाजी-बैंकक सीधी उड़ान से पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा : डा. प्रेम कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान सभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार गयाजी से बैंकाक के लिए इंडिगो एयरलाइंस की पहली नन-स्टॉप अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवा के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त की । इस अवसर पर उन्होंने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गयाजी और बैंकक के बीच सीधी हवाई सेवा शुरू होना बिहार की अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्कता के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

डा प्रेम कुमार ने कहा कि भगवान बुद्ध की ज्ञान, शांति और करुणा की भूमि बोधगया विश्वभर के बौद्ध श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। गयाजी से बैंकक के बीच सीधी उड़ान शुरू होने से भारत और थाईलैंड के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंध और मजबूत होंगे। इससे बोधगया सहित पूरे मगध क्षेत्र में विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि इस हवाई सेवा से होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और पर्यटन से जुड़े व्यवसायों को लाभ मिलेगा। बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों और स्थानीय उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी मदद मिलेगी। यह पहल बिहार को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

डा. प्रेम कुमार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में बोधगया से पहली विदेशी उड़ान का परिचालन शुरू हुआ था। अब गयाजी से बैंकक के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू होना राज्य की हवाई संपर्कता के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि पटना, दरभंगा, गयाजी और पूर्णिया एयरपोर्ट के माध्यम से बिहार में हवाई सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। राज्य में अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्कता को और मजबूत करने से पर्यटन, व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। गयाजी-बैंकक के बीच सप्ताह में दो दिन संचालित होने वाली यह उड़ान बिहार के विकास को नई गति प्रदान करेगी।

सड़क मरम्मति कार्य में लायें और तेजी : जिलाधिकारी

चिन्हित 1,257 स्थलों में से 1,055 स्थलों पर 687 किमी सड़क की मरम्मति कार्य पूर्ण



जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सड़क मरम्मती कार्यो की समीक्षा की।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना जिले में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मती के लिए विशेष अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सड़क मरम्मती कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को दीपावली से पूर्व सभी चिन्हित क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मती हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरम्मती कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिले में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मती के लिए कुल 1,257 स्थलों को चिति किया गया है, जिनमें से 1,055 स्थलों पर मरम्मती कार्य पूरा कर लिया गया है। मरम्मत किए गए सड़क खंडों की कुल लंबाई 687 किलोमीटर से अधिक है।

समीक्षा के दौरान विभागवार प्रगति की जानकारी देते हुए बताया गया कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल पटना में चिति 96 स्थलों में से 72, मसौढ़ी में 20 में से 16, दानापुर में 38 में से 26, पालीगंज में 73 में से 51 तथा बाढ़ में चिति 166 स्थलों में से 85 स्थलों पर मरम्मती कार्य पूर्ण हो चुका है।

पथ निर्माण विभाग के पटना सिटी प्रमंडल अंतर्गत चिन्हित 187 स्थलों तथा दानापुर प्रमंडल में चिति 129 स्थलों पर मरम्मती कार्य पूरा कर लिया गया है। न्यू कैपिटल प्रमंडल में चिति 355 स्थलों में से 350 स्थलों पर मरम्मती कार्य पूर्ण हो चुका है।

इसी प्रकार, मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत चिति 63 स्थलों में से 9 स्थलों पर तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत चिति सभी 130 स्थलों पर मरम्मती कार्य पूरा कर लिया गया है।

जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष स्थलों पर मरम्मती कार्य में तेजी लाते हुए इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा मरम्मत किए गए सड़क खंडों पर आवश्यकतानुसार उचित साइनबोर्ड एवं संकेतक लगाने का भी निर्देश दिया, ताकि वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को सुरक्षित आवागमन में सुविधा हो।

'जिले में सड़क मरम्मती अभियान के तहत विभागों द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अतिरिक्त आम नागरिकों से प्राप्त फीडबैक तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं के आधार पर भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सीएम क्यूआरटी के माध्यम से सड़क मरम्मती से संबंधित प्राप्त तीन शिकायतों का भी ससमय निष्पादन करते हुए मरम्मती कार्य पूरा किया गया है।'

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को गति देने तथा दीपावली से पूर्व सड़कों की मरम्मती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

लोक पंच द्वारा एसबीआई, गांधी मैदान, पटना के प्रांगण में नाटक लालच का जाल का मंचन

लेखन एवं निर्देशन मनीष महिवाल ने किया

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नाटक लालच का जाल एक समकालीन सामाजिक नाटक है, जो डिजिटल युग में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों और उनके जाल में फँसते आम लोगों की कहानी प्रस्तुत करता है।



नाटक का दृश्य।

नाटक की कहानी अलग-अलग घटनाओं के माध्यम से साइबर अपराध की भयावह दुनिया को उजागर करती है। पहली कहानी अमित की है, जो पटना का एक कॉलेज छात्र है और अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पार्ट-टाइम नौकरी की तलाश कर रहा है। घर बैठे आसानी से हजारों रुपये कमाने के लालच में वह अनजाने में साइबर अपराधियों के जाल में फँस जाता है। अपने बैंक खाते के माध्यम से ठगी की रकम दूसरे खातों में पहुँचाने के बदले कमीशन पाने वाला अमित का अकाउंट मनी म्यूल अकाउंट बन जाता है।

जब साइबर सेल उसके खाते को फ्रीज कर देती है और उसे पता चलता है कि उसका बैंक खाता साइबर ठगी के पैसों के लेन-देन में इस्तेमाल हुआ है, तब उसे अपनी गलती और उसके गंभीर कानूनी परिणामों का एहसास होता है।

दूसरी कहानी राहुल की है, जो एक फर्जी वीडियो कॉल के जरिए डिजिटल ब्लैकमेलिंग का शिकार बन जाता है। सामाजिक बदनामी के डर से वह अपराधियों को पैसे दे देता है, लेकिन उनकी माँग लगातार बढ़ती जाती है। मानसिक तनाव और निराशा के बीच राहुल आत्मघाती विचारों तक पहुँच जाता है। अंततः वह हिम्मत जुटाकर अपने दोस्त की मदद लेता है और साइबर सेल तक पहुँचता है, जहाँ उसे सहायता और न्याय की उम्मीद मिलती है।

ऐसे कुछ घटनाओं के माध्यम से नाटक यह दिखाता है कि डिजिटल दुनिया में थोड़ी-सी लापरवाही, लालच या भय किस तरह किसी व्यक्ति के जीवन को संकट में डाल सकता है। साथ ही, यह संदेश देता है कि साइबर अपराधियों के सामने झुकना या चुप रहना समाधान नहीं है। जागरूकता, साहस और समय पर सही सहायता लेना ही इस जाल से बाहर निकलने का रास्ता है।

नाटक का उद्देश्य दर्शकों को साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों, डिजिटल ब्लैकमेलिंग, बैंक खातों के दुरुपयोग और अनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। यह नाटक विशेष रूप से युवाओं को सावधान रहने, अनजान लोगों पर भरोसा न करने और साइबर अपराध का शिकार होने पर बिना भय के पुलिस एवं साइबर सेल से संपर्क करने का संदेश देता है।

कलाकार : मृत्युंजय प्रसाद, रजनीश पांडे, अभिषेक राज, रोहित कुमार, सोनल कुमारी, प्रिंस, गौतम एवं मनीष महिवाल। लेखक, निर्देशक : मनीष महिवाल । एसबीआई के सहयोग से लोक पंच पटना की प्रस्तुति।

संक्षिप्त खबरें

टीकाकरण संबंधी कौशल में सुधार को प्रशिक्षण आयोजित

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण संबंधित कौशल में तेजी से सुधार के लिए एएनएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण पीरो अनुमंडल मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मो नासिर हुसैन की देखरेख में आयोजित इस प्रशिक्षण सह साक्षात्कार कार्यक्रम में कुल 60 एएनएम शामिल



हुई । इस दौरान उन्हें स्वास्थ्य विभाग के स्टेट टीम के सदस्य मो निशात आलम द्वारा टीकाकरण सारणी व सत्र प्रबंधन, दवाओं को सुरक्षित रखने के तरीके, कोल्ड चेन प्रबंधन, टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव की स्थिति में आवश्यक उपाय व प्रभावी परामर्श सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मो नासिर हुसैन ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य सुरक्षित टीकाकरण हेतु एएनएम को पूरी तरह तैयार करना है। यहां आयोजित इस प्रशिक्षण सह साक्षात्कार कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी एएनएम ने प्रशिक्षक के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनसे कई मामलों में आवश्यक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य कर्मी मौजूद थे।

रेलवे स्टेशन पर सबमर्सिबल का तार चोरी

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। दानापुर रेल मण्डल के कोईलवर रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों द्वारा सबमर्सिबल का बिजली तार काटकर चोरी कर लिए



जाने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। स्टेशन पर पानी की सप्लाई बंद होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी के लिए यात्री इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।इस संबंध में कोईलवर रेलवे स्टेशन के जीए इंचार्ज विनोद कुमार ने बताया कि दो दिन पहले असामाजिक तत्वों ने सबमर्सिबल का बिजली तार काट लिया और उसे चोरी कर ले गए। इसके कारण स्टेशन की पेयजल व्यवस्था ठप हो गई है। पानी की आपूर्ति बंद रहने से स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को पेयजल के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना रेल मंडल कार्यालय, दानापुर और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को दे दी गई है। अब यात्रियों को पेयजल की सुविधा बहाल होने का इंतजार है।

ट्रैक्टर ने लूना सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर, जख्मी

उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव के समीप सोमवार की सुबह घटी घटना

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव के समीप सोमवार की सुबह ट्रैक्टर ने लूना सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव निवासी स्व. एनुल हक के 65 वर्षीय पुत्र मो. टोका है। वह पेशे से फल विक्रेता है। लूना द्वारा गांव-गांव घूम कर फल बेचते हैं। इधर, मो. टोक ने बताया कि वह रोज की तरह लूना पर फल लेकर बेचने के लिए पियनिया गांव जा रहे थे। उसी दौरान पियनिया गांव के समीप पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने उनके लूना में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

गांजा एवं नगदी के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। गीधा थाना पुलिस द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक के पास से गांजा एवं नगदी के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 40 ग्राम गांजा, 1230 रुपए नगद एवं एक मोबाइल बरामद किया गया। वह बबुरा थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी जमुना पाठक का पुत्र अक्षयवर पाठक है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि गीधा थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक के पास मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची तो अक्षयवर पाठक पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगा। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस ने गीधा थाना में उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

स्वयं की चिंता के साथ राष्ट्र की चिंता करें बच्चे-महाला दीदी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के मैना सुंदर भवन में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनों का कार्यक्रम हुआ। उद्घाटन राष्ट्रीय संयोजिका दुर्गा वाहिनी प्रज्ञा माहाला



दीदी ने किया। दीदी ने बहनों को सम्बोधित करते हुए आज के परिवेश में बच्चों को किस प्रकार सँस्कारित करें, अपने स्वयं की चिंता के साथ राष्ट्र की चिंता करनी चाहिए, साथ ही अशोक सिंघल जी ने महिलाओं के लिए जो कार्य किये उस पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिले की मेयर इंदु देवी ने की। कार्यक्रम में क्षेत्र संयोजिका मातृशक्ति डॉ. शोभा रानी सिंह, प्रान्त संयोजिका दुर्गा वाहिनी पिंकी कुमारी, विभाग संयोजिका मातृशक्ति शीला उपाध्याय, जिलाध्यक्ष राजीव रंजन, जिला संयोजिका अनीता दीदी उपस्थित थी। मंच संचालन पटना विभाग संयोजिका दुर्गा वाहिनी प्रियंका कुमारी ने किया।

मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में तीन गिरफ्तार, महिला भी शामिल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) विशंभरपुर थाना क्षेत्र के विशंभरपुर गांव में मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने छापेमारी कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपितों में एक महिला भी शामिल है।पुलिस ने रविवार की शाम कार्रवाई करते हुए तीनों को पकड़ा।पूछताछ के बाद सोमवार को उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विशंभरपुर गांव निवासी विशाल बैठा, हरिश्चंद्र बैठा और तारा देवी के रूप में हुई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीते 21 अक्टूबर की शाम गांव में पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर कुछ लोग अरुण कुमार के घर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे।इसका विरोध करने पर आरोपितों ने धारदार हथियार से हमला कर अरुण कुमार और उनके भाई मिंटू कुमार को गंभीर रूप से घायल कर दिया।घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया गया।वहां एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

हरदिया ने अवेंजर्स आरा को हराकर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता

बिलौटी गांव में आठ टीमों ने लिया भाग, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड के बिलौटी गांव में रविवार को दिवारात्रि वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी किशुन कुमार मिश्रा ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ और चुस्त-दुरुस्त रखता है, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक संबंधों को भी मजबूत बनाता है। देर रात को खेले गए प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला हरदिया और अवेंजर्स आरा की टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में हरदिया की टीम ने अवेंजर्स आरा को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं, अवेंजर्स आरा की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। विभिन्न मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। मैच के दौरान दर्शक दीर्घा में मौजूद लोगों ने जयकारों और तालियों के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के समापन पर अतिथियों ने



विजेता हरदिया और उपविजेता अवेंजर्स आरा की टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।आयोजन में मनोज तिवारी, रंजन तिवारी और अखंड तिवारी की प्रमुख भूमिका रही। मैच में निर्णायक की भूमिका राहुल ओझा और मनोज तिवारी ने निभाई। प्रतियोगिता में बिलौटी, अवेंजर्स आरा, हरदिया, जोकहरी, खरौनी, बनाही, नवोदय और नवादा की टीमों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना था।

हेरोइन एवं नगदी के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

64 ग्राम हेरोइन 7,800 नगद एवं 1 मोबाइल बरामद

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सहार थाना पुलिस को एक सफलता हाथ आई है। इस दौरान पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर हेरोइन एवं नगदी के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 64 ग्राम हेरोइन, 7800 रुपए नगदी एवं 1 मोबाइल बरामद किया गया। इसके अलावे उनके पास रहे बाइक को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार तस्करों में सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव निवासी बैजनाथ साह का पुत्र संतोष साह, नवादा थाना क्षेत्र के करमन टोला निवासी शंकर राम का पुत्र इंद्रजीत कुमार, टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ला निवासी भगवान पासवान का पुत्र छठु पासवान एवं उसी थाना क्षेत्र के भलुहीपुर मोहल्ला निवासी संजय प्रसाद का पुत्र सागर कुमार शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस रिलीज जारी कर दी। उन्होंने बताया कि सहार थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दो व्यक्ति आरा से मादक पदार्थ लेकर एकवारी आने वाले हैं। सूचना के सत्यापन उपरांत उनके निर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर किया गया, जिसमें अंचलाधिकारी सहार को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया, उसके बाद गठित टीम द्वारा एकवारी गांव के पास मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग शुरू की गई। इसी क्रम में आरा की तरफ से आ रहे एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देख बाइक घुमा कर भगाने का प्रयास करने लगे। तभी सशस्त्र बल के सहयोग से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जब उनकी तलाशी ली गई तो, उनके पास से 64 ग्राम हेरोइन, 7,800 रूपए नगदी एवं 1 मोबाइल बरामद हुआ। जब पुलिस द्वारा उनसे पूछताछ की तो संतोष साह और छठु पासवान की संलिप्ता पाई गयी। इसके पश्चात त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने संतोष साह और छठु पासवान को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार संतोष साह का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। वह सहार थाना थाना में दर्ज शराब कांड, अरवल जिले के मेहंदिया थाना में एनडीपीएस एक्ट, पटना जिले के बिहटा एवं मसौढ़ी थाना में भी शराब कांड मामले में आरोपित रहा है और जेल भी जा चुका है।

समाजिक बदलाव के महानायक कांऽरामनरेश राम की 16वीं बरसी पर क्रांति पार्क पूर्वी नवादा आरा में संकल्प दिवस मनाया गया

रामनरेश राम गरीबों के सच्चे हिमायती थे : सांसद सुदामा प्रसाद



आरा (दैनिक नवसंदेश)। भाकपा-माले के तत्कालीन सहार के पूर्व विधायक रामनरेश राम के निधन की 16 वीं बरसी पर क्रांति पार्क पूर्वी नवादा आरा में संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान सबसे पहले उनके तस्वीर माल्यार्पण किया गया,उसके बाद उनके याद में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई है। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि रामनरेश राम भोजपुर के सामंतवादी विरोधी वर्ग संघर्ष के सबसे अगुआ व्यक्ति थे जिनके नेतृत्व में गरीबों ने अपने मुक्ति की लड़ाई की शुरूआत थी जो आज पूरे देश में लड़ाई जारी हैं। उन्होंने आगे कहा कि सचमुच में समाजिक बदलाव के महानायक थे एवं उच्चे दर्ज कम्युनिस्ट नेता थे। संचालन नगर सचिव सुधीर सिंह ने किया। संकल्प सभा में राज्य कमेटी सदस्य व अगियांव के पूर्व विधायक शिवप्रकाश रंजन, राज्य कमेटी सदस्य संगीता सिंह, जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, जिला स्थाई समिति सदस्य राजनाथ राम, जिला स्थाई समिति सदस्य जितेंद्र कुमार सिंह, आइसा जिला सचिव जयशंकर प्रसाद, ऐपवा नगर अध्यक्ष शोभा मंडल, आइसा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, आइलाज नेता अमीत कुमार बंटी, जिला सह सचिव रौशन कुशवाहा, दीनानाथ सिंह, बालमुकुंद चैधरी, कलावती देवी, नगर कमेटी सदस्य हरिनाथ राम, मिल्टन कुशवाहा, संतविलास राम, साहिल अरोरा, राजा श्रीवास्तव, राजू प्रसाद, किरन प्रसाद, सुमित कुमार, रितेश कुमार सहित कई लोग शामिल थे। यह जानकारी भाकपा-माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पत्रकारों को दी।

भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर दिसंबर माह में रजत जयंती



आरा (दैनिक नवसंदेश)। भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर दिसंबर माह में रजत जयंती वर्ष 2006 के तहत, होने वाले भिखारी ठाकुर लोक रंगरस सह सम्मान 2006 कार्यक्रम को लेकर तैयारी समिति की बैठक की गई। लोक गायक अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में सहर के ढेरों कलाकार,पत्रकार, साहित्य श्रजक, चित्रकार इस अवसर पर उपस्थित हुए। इस अवसर पर उपस्थित बुद्धिजीवी वर्ग ने रजत जयंती लोक रंगसर कार्यक्रम में भोजपुरिया कला संस्कृति के कलात्मक वैचारिक पक्ष को प्राथमिकता देने और उसे प्रदर्शित करने की बातें रखीं। इस अवसर पर प्रख्यात पत्रकार कमलेश पाण्डेय,सरफाज अहमद ने अपने संबोधन क्रम में भिखारी ठाकुर के मौलिक रचित नाटकों के प्रसांगिकताऔर प्रदर्शन पर बातें रखीं। वहीं वरिष्ठ चित्रकार रौशन राय ने कहा कि इस अवसर पर भोजपुरी पेंटिंग प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाना चाहिए। भोजपुरी संस्कृति में व्यापक संभावनाएं हैं जो संस्कृति का हिस्सा है। इस अवसर पर पुरे कार्यक्रम का खाका तैयार किया गया जिसमें एक स्मारिका का वैचारिक खाका भी तैयार हुआ। वहीं वरिष्ठ रंगकर्मी नाटककार चंद्रभूषण पाण्डेय ने भी सभा को संबोधित करते हुए रजत जयंती कार्यक्रम को सांस्कृतिक सामाजिक और कला के प्रति समर्पित बताया। बोले कि भोजपुरिया कला कर्म व भिखारी ठाकुर की नाटकों का कोई तोड़ नहीं है।हम अपने कला संस्कृति को लेकर सजग बने यहीं सभी से अनुरोध है। संबोधन क्रम को जारी रखते हुए कुमार अजय सिंह के दो पुस्तकों, एतिहासिक गांव एकौना और भोजपुरी कथा लोक का लोकार्पण भी हुआ। सभी सम्मानित सदस्यों ने लेखक को इस पहल के लिए शुभकामनाएं मंगलकामनाएं बधाईयां दी। सभा को संचालित वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र सिंह ने किया और कहा कि रजत जयंती 2026 अपने कला संस्कृति और मंचन को लेकर जिला में एक कलात्मक संवाद स्थापित करने में सहयोगी बनेगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में मुख्य आलोक कुमार सिंह, नंद किशोर राम, स्वामी विक्रमादित्य, डॉ शीलभद्र, सर्वजीत कुमार, गांधी जी आदि उपस्थित थे।

पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम में नदारद रहे कर्मी

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। सरकार प्रायोजित विकास कार्यों व नीतियों के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा प्रस्तावित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम कागजी घोड़ा बनकर रह गया। उक्त कार्यक्रम के तहत प्रत्येक पंचायत में महीने के अंतिम रविवार को ग्राम सभा आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनने, योजनाओं का चयन करने व सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों से लोगों को अवगत कराया जाना है लेकिन पीरो प्रखंड के ज्यादातर पंचायतों में यह आयोजन महज दिखावा साबित हो रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार रविवार को प्रखंड के सभी 22 पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर से बजाप्ता आदेश जारी किया गया था। साथ ही प्रत्येक पंचायत के लिए अलग-अलग पर्यवेक्षक, नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी व सहयोगी कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी लेकिन ज्यादातर पंचायतों में आयोजित ग्राम सभा के दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी नदारद रहे। बरांव पंचायत के मुखिया श्रीराम सिंह सिंह ने इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी पीरो को भेजे गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि यहां आयोजित ग्राम सभा के लिए समेकित बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका मनोरमा कुमारी को पर्यवेक्षक, कार्यपालक सहायक को नोडल पदाधिकारी, ग्राम कचहरी सचिव को सहायक नोडल पदाधिकारी व आवास सहायक, स्वच्छता पर्यवेक्षक, विकास मित्र, किसान सलाहकार आदि को सहयोगी कर्मी के रुप में प्रतिनियुक्त किया गया था लेकिन ग्राम कचहरी सचिव को छोड़कर अन्य सभी कर्मी ग्राम सभा में नदारद थे। यही स्थिति दूसरे पंचायतों में देखी गई। ऐसे में यह आयोजन महज दिखावा बनकर रह गया।

सतर्कता अभिचेतना सप्ताह के अवसर पर समाहरणालय सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ दायित्वों के निर्वहन तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति प्रतिबद्धता की ली गई शपथ

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, आरा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी कार्यप्रणाली में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा देने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता एवं प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने, कार्यों में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ ली गई। साथ ही, सरकारी सेवाओं के निष्पादन में नैतिक मूल्यों का पालन करने, नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप कार्य करने तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सुशासन की स्थापना, प्रशासनिक व्यवस्था में जनविश्वास को मजबूत करने तथा भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति विकसित करने के लिए प्रत्येक पदाधिकारी एवं कर्मी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकारी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक आचरण सुनिश्चित करने से आम नागरिकों को बेहतर, निष्पक्ष एवं प्रभावी सेवाएँ उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है। उक्त कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (लो0शि0नि0), भोजपुर के साथ अन्य वरीय पदाधिकारी एवं प्रधान सहायक उपस्थित रहे।

रक्तदाता संवाद सह सम्मान समारोह का आयोजन

समारोह के दौरान रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित



आरा (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाविद्यालयीन विद्यार्थी विभाग की ओर से महिला कॉलेज, आरा में पहली बार रक्तदाता संवाद सह सम्मान समारोहह्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान के प्रति युवाओं को जागरूक करना, रक्तदाताओं के योगदान को सम्मान देना तथा समाज में सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभावना को बढ़ावा देना था। शुभारंभ दक्षिण बिहार के बौद्धिक प्रमुख उपेंद्र भाई त्यागी, डॉ. कुमार जितेंद्र, अमरेंद्र राजेश, गुड्डू सिंह बबुआन, विकास कुमार और नरेंद्र प्रताप पालित ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में रक्तदान शिविर आयोजित करने वाले आयोजकों को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, जरूरतमंदों की सहायता के लिए रक्तदान करने वाले रक्तदूतों को प्रमाण-पत्र और मेडल प्रदान कर उनके सेवा-भाव की सराहना की गई। इस अवसर पर रक्तदाताओं के योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया गया तथा युवाओं से रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में आगे आने का आह्वान किया गया। मुख्य वक्ता उपेंद्र भाई त्यागी ने अपने बौद्धिक उद्बोधन में सामाजिक समरसता और भारत के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला, उन्होंने समाज में आपसी सद्भाव, एकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करने पर जोर दिया। वहीं, गुड्डू सिंह बबुआन ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक ऐसा संगठन है, जो समाज को देने और सेवा करने की भावना पर बल देता है। उन्होंने सेवा-भाव को सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए युवाओं को समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. विकास ने कहा ऐसे इतिहासिक कार्यक्रम हेतु तन मन धन से हम खड़े है यह राष्ट्र है तभी हम है साथ ही रक्तदाता सामान्य से परिवार से आने वाले असामान्य से कार्यों को कर जाते किसी के जीवन को बचाते है जो सभी को सीखने वाला विषय है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्तम, रौशन, प्रकाश बजरंगी, रूपेश, हिमांशु, अमित, गौतम, मनीष, दीपक सिंह, विशाल, धीरज सहित अन्य स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु शिविर 28 से 30 अक्टूबर तक

पटना-आरा-सासाराम एनएच-119ए फोरलेन परियोजना के प्रभावित रैयत को होगा मुआवजा भुगतान

आरा (दैनिक नवसंदेश)। पटना-आरा-सासाराम फोरलेन एनएच-119ए पैकेज-2 परियोजना के अंतर्गत अंचल उदवंतनगर के प्रभावित रैयतों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु 28 से 30 अक्टूबर 2026 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों का आयोजन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक निर्धारित स्थलों पर किया जाएगा। 28 अक्टूबर राजस्व ग्राम डेम्हा, प्राथमिक विद्यालय, डेम्हा, 29 अक्टूबर राजस्व ग्राम कसाप पंचायत सरकार भवन, कसाप, तथा 30 अक्टूबर राजस्व ग्राम उदवंतनगर पंचायत सरकार भवन, उदवंतनगर किया गया। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को शिविरों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने तथा प्रभावित रैयतों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

कवि तथा साहित्यकार की रचनाओं में समाज को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी : डॉ. गोपाल जी ठाकुर



कार्यक्रम में सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर व अन्य ।

■ मैथिली के नामचीन कवियों एवं साहित्यकारों के बीच सांसद ने मिथिला के विकास पर की चर्चा

दरभंगा (एनएसबी)। कवि तथा साहित्यकार की रचनाओं से युवा पीढ़ी को समाज को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। आवश्यकता इस बात की है कि साहित्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए तथा मैथिली भाषा और साहित्य से समाज को जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करनी चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद सह लोकसभा में सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने जाले विधानसभा के मुरैठ गांव में शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित साहित्यिक सह सांस्कृतिक कविगोष्ठी में उपरोक्त विचार व्यक्त किए। सांसद डॉ ठाकुर ने मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, मैथिली भाषा, साहित्य और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर मैथिली के नामचीन कवियों एवं साहित्यकारों के बीच विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि मिथिला की साहित्यिक परंपरा को संरक्षित करने, मैथिली भाषा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने जैसे विषय पर समाज को जागृत करने की जरूरत है। सांसद ठाकुर ने बुद्धिजीवियों के बीच कहा कि मिथिला की पहचान उसकी प्राचीन सभ्यता, ज्ञान-विज्ञान, दर्शन, लोकपरंपराओं, कला, संगीत और समृद्ध साहित्यिक विरासत से जुड़ी हुई है तथा मैथिली भाषा ने अपनी विशिष्ट साहित्यिक परंपरा के माध्यम से देश की भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध किया है। इस विरासत को सुरक्षित रखना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सांसद डॉ ने कवि, साहित्यकार और बुद्धिजीवी समाज के मार्गदर्शक होते हैं। उनकी रचनाएं समाज को नई दिशा देने के साथ-साथ अपनी भाषा, संस्कृति और मूल्यों के प्रति जागरूकता भी पैदा करती हैं। मैथिली साहित्यकारों का योगदानों की चर्चा करते हुए कहा कि मिथिला की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत बनाने कि जरूरत है जिसके लिए साहित्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए तथा युवा पीढ़ी को मैथिली भाषा और साहित्य से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। सांसद डॉ ठाकुर ने इस मौके पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा एनडीए सरकार में मैथिली भाषा के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए कार्यों तथा पहल की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल जी की सरकार में मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया तथा मोदी जी के द्वारा सीबीएसई बोर्ड में शामिल किया गया। इसको साथ ही मैथिली भाषा में संविधान का विमोचन, सीटेट परीक्षाओं में शामिल कर यह साबित कर दिया कि मिथिला मैथिली का सर्वांगीण विकास भाजपा की पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर साहित्यकार रवीन्द्र कुमार मिश्र, कवि डा प्रतिभा स्मृति रंजना भारती विनोद हंसोड़ डा राजकुमार पोद्दार मुकेश सोनू साहित दर्जनों साहित्यकार कवि एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

पत्नी ने नशेड़ी पति को भेजवाया जेल

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सिंहवाड़ा के वार्ड संख्या-तीन मे अपने घर मे नशे की हालत मे एक हंगामा करने लगा। पत्नी ने इसकी सूचना सिंहवाड़ा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के पति मदन महतो हिरासत मे ले लिया। इस मामले मे उनकी पत्नी कमारी देवी ने थाना मे एफआईआर दर्ज कराई है। उसने दिये आवेदन मे बताया की आवेदन के अनुसार, 25 अक्टूबर की रात मदन महतो शराब पीकर घर आए और हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस उन्हें थाने ले गई। जांच के दौरान नशे की पुष्टि होते ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी थाना अध्यक्ष कमलेश कुमार मिश्र ने बताया के गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

विद्यार्थियों को स्टडी किट प्रदान किया गया

दरभंगा (एनएसबी)। युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार पटना के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, दरभंगा के माध्यम से आज (सोमवार) को जिला नियोजनालय, दरभंगा के कार्यालय परिसर में नियोजन-सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम योजना के तहत कुल 20 स्टडी किट का वितरण किया गया। साथ ही इसमें बीपीएससी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों को 07 स्टडी किट, एसएससी एवं दूसरी परीक्षाओं के लिए कुल-05 एवं रेलवे की परीक्षा में 08 अभ्यर्थियों को स्टडी किट प्रदान किया गया। इस योजना का लाभ लेने हेतु अभ्यर्थी के लिए नियोजनालय मे निबंधन न्यूनतम छः माह पूर्व होना अनिवार्य है, वार्षिक आय तीन लाख से कम होना चाहिए।

आवारा कुत्तों के काटने से 17 लोग घायल,

तारडीह (एनएसबी)। क्षेत्र में आवारा कुत्तों के काटने से 17 लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। घायलों में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी पीएचसी, तारडीह ले जाया गया, जहां उन्हें एंटी-रेबीज टीके का पहला डोज दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों में श्रीरामपुर के जगेवन गडेरी (65), रंजना कुमारी (10) और कपिल सिंह (71), महिया के मो. मुसाफिर (70) और आनंद कुमार ठाकुर (44), लगमा की कौशल्या देवी (60), ककोढ़ा के अबु सैफ (45), इजराहट्टा की अनबिया प्रवीण (2), बैका की अंजुम प्रवीण (15), सकतपुर के कमल कुमार सिंह (44), राज कुमार (28) और सतीश नाथ मिश्रा (42), राजाखरवार के नीतीश कुमार (22), कैथवार की प्रिया कुमारी (15) तथा कठरा के अलीकन (58), रोहन कुमार (9) और पूजा कुमारी (18) कुत्तों के काटने से घायल हुए हैं। घायलों की सूची में दो साल से अधिक उम्र की बच्ची से लेकर 71 वर्ष के बुजुर्ग तक शामिल हैं।

डीएमसीएच रजिस्ट्रेशन काउंटर परिसर में मरीज के परिजन ने किया हंगामा

दरभंगा (एनएसबी)। डीएमसीएच के न्यू सर्जरी बिल्डिंग में ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर के सामने सोमवार को अचानक पहुंची दो महिलाओं ने एक डाटा ऑपरेटर पर निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराने के नामपर 30 हजार रुपए ठगने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। महिलाओं के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां मरीजों की भीड़ जुट गई। करीब 45 मिनट तक वहां हाई वोल्टेज ड्रामा चला।

करीब डेढ़ बजे रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद होने पर काउंटर के दोबारा खुलने के इंतजार में दर्जनों मरीज वहां मौजूद थे। इसी दौरान दो महिलाएं वहां पहुंचीं। उन्होंने डाटा ऑपरेटर को घेर लिया और उनपर जमकर बरसने लगीं।भरौली गांव निवासी इंद्रासन देवी चीख- चीख कर कह रहीं थीं कि डाटा ऑपरेटर उनकी जान पहचान का है। वे इलाज के लिए डीएमसीएच नहीं आई थीं।उन्हें निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराना था। जान पहचान होने के कारण डाटा ऑपरेटर ने ऑपरेशन कराने का आश्वासन देकर उसने उनसे 30 हजार रुपए ले लिए थे। वह पैसे उसने निजी अस्पताल में जमा नहीं कराए । ये जानकारी मिलने पर उसे ढूंढने लगीं। काफी मशक्कत के बाद उसने 10 हजार का चेक दिया। बाकी राशि को लेकर वह टाल मटोल कर रहा था। आखिरकार उसे खोजते- खोजते डीएमसीएच आया।मामले की जानकारी मिलने पर डाटा ऑपरेटर के सुपरवाइजर वहां पहुंचे। डाटा ऑपरेटर की ओर जल्द बकाया राशि लौटाने का आश्वासन दिए जाने पर काफी मशक्कत के बाद दोनों महिलाओं को शांत कराया गया।

दो महिला ने एक डाटा आपरेटर पर पैसा ठगने का लगाया आरोप

डीएमसीएच की दोनों एक्स-रे मशीन एक सप्ताह से है खराब

दरभंगा (एनएसबी)। डीएमसीएच की व्यवस्था पटरी से उतर रही है। स्थिति यह है कि महीना भर कभी भी एक्स-रे मशीन ठीक से नहीं चल पाता है। डीएम सीएच में दो एक-रे मशीन है । लेकिन एक सप्ताह से दोनों मशीन खराब है ।इमरजेंसी विभाग में एक मशीन है वह भी खराब है। यह मशीन किस मिस्त्री से बनाया जाता है जो एक महीना भी चालू रूप से नहीं चल पाता है। रोगी को इधर-उधर भटकना पड़ता है। एक मशीन ठीक है जो अधीक्षक कार्यालय के पास है वहां पर इतना भीड़ बना हुआ रहता है कि रोगी को चार-पांच घंटे रुकने के बाद बाहर का रास्ता देखना पड़ता है । जिस रोगी का स्थिति ठीक नहीं रहती है उसे तो डीएमसीएच से अलग ही एक्स-रे कराना पड़ता है। इतना ही नहीं डीएमसीएच में एक भी एंटीबायोटिक दवा उपलब्ध नहीं है। जिस तरह की पिपरा सलीम 4.5 एमजी, नेरेपोनम, पीपरासीन, एनेकसोकलेभी1.2, इडसेटरम एवं मेरोपेनम ये इस सभी एंटीबैटिक दवा डीएमसीएच में नहीं है ।यह दवा सभी जरूरी है बीसीसीआई एल एल को दवा के लिए मांग किया जाता है। यदि डीएमसीएच के द्वारा 5000 लिखा जाता है तो बीसीसीआई ल 25, 50 ही भेजता है। यह सब का कष्ट गरीब रोगी को भुगतना पर रहा है। जिनकी पास में पैसा नहीं रहता है वह दवा के अभाव में ही मरता है।

एंटीबैटिक दवाओ का भी लगा हुआ है टोटा, मरीज हो रहे परेशान

सड़क हादसे में साइकिल सवार वृद्ध की मौत, तीन युवक घायल

अलीनगर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के बसबा चौक के निकट एसएच-88 पर सोमवार की शाम मोटरसाइकिल और साइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर में साइकिल सवार करीब 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

■ मोटरसाइकिल और साइकिल के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर

■ घायलों को डीएमसीएच किया गया रेफर

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद सड़क से गुजर रहे लोगों ने घायल वृद्ध को तत्काल उठाकर अलीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, मोटरसाइकिल सवार तीनों घायल युवकों का भी सीएचसी में प्राथमिक उपचार किया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल डीएमसीएच रेफर कर दिया।इस संबंध में अलीनगर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान बहेड़ा थाना क्षेत्र के बैगनी गांव निवासी सज्जाद अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

बिना सूचना पट्ट के चल रहा निर्माण कार्य, गुणवत्ता पर भी उठ रहे सवाल

बेनीपुर (एनएसबी)। नगर परिषद में धेरूख रेलवे गुमटी के समीप दरभंगा-कुशेश्वरस्थान मुख्य पथ में नाला निर्माण कार्य स्थल पर योजना से संबंधित बोर्ड नहीं है। इसके नही रहने के कारण लोगों को न तो योजना की पूरी जानकारी मिल पा रही है और न ही इसकी लागत, कार्य अवधि एवं निर्माण की निर्धारित समय सीमा का पता चल रहा है। इसको लेकर लोगों में उहापोह है। निर्माण स्थल पर योजना की जानकारी लेने पर बताया गया कि नाला निर्माण कार्य बुडको (बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम) द्वारा कराया जा रहा है। हालांकि यह जानकारी नहीं मिल पाई कि नाला कहां तक बनाया जाना है और इस पर कितनी राशि खर्च होनी है। लेकिन आज तक कार्यस्थल पर योजना की बुनियादी जानकारी संबंधित बोर्ड नहीं है।



नाला निर्माण का कार्य।

■ डेढ़ करोड़ से धेरूख गुमटी से धरौड़ा चौक तक बन रहा है नाला

इस संबंध में बुडको के सहायक अभियंता रूपेश झा से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि धेरूख रेलवे गुमटी से धरौड़ा चौक तक नाला निर्माण कार्य करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। हालांकि जब उनसे कार्यस्थल पर योजना का विवरण उपलब्ध नहीं रहने और निर्माण कार्य की स्थिति के संबंध में जानकारी मांगी गई तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की। साथ ही कनीय अभियंता को अविलंब कार्यस्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का जायजा लेने की बात कही। बेनीपुर में बुडको की ओर से कराए जा रहे अन्य निर्माण कार्यों की स्थिति भी सवालों के घेरे में है। आशापुर टावर चौक से बहेड़ा तक नाला निर्माण तथा एसएच-88 से बलहा तक नाला सह सड़क निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से चल रही योजनाओं की नियमित निगरानी कौन कर रहा है? कार्यस्थल पर योजना का बोर्ड, लागत, कार्य अवधि और संबंधित अभियंता का विवरण उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि आम लोग भी निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त कर सकें।

मिथिला का पुरातात्विक इतिहास काफी समृद्ध व उन्नत वैज्ञानिक शोध करने की जरूरत : डॉ. फणिकान्त

दरभंगा (एनएसबी)। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार राजा विदेह माधव अपने पुरोहित गौतम रहुगण के साथ सरस्वती तट से सदानीरा (गंडक) नदी के तट पर इस मिथिला भूमि को कृषि योग्य बनाया। उत्तर वैदिक काल में यह क्षेत्र प्रमुख राजनीतिक और सांस्कृतिक केन्द्र बना। वाल्मीकि रामायण के अनुसार राजा निमि ने इस राजवंश की नींव रखी और उनके पुत्र मिथि के नाम पर इस क्षेत्र का नाम 'मिथिला' हुआ और यहाँ के शासक 'जनक' कहलाए। राजा जनक के काल में यह वैदिक दर्शन, न्याय और तर्कशास्त्र का प्रमुख केन्द्र रहा। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग एवं प्राचीन भारतीय इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग तथा डॉ प्रभात दास फाउंडेशन, दरभंगा के संयुक्त तत्त्वावधान में "मिथिला का पुरातात्विक इतिहास" विषय पर पीजी संस्कृत विभाग में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को मुख्य अतिथि रूप में संबोधित करते हुए आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया, पूर्वी जोन, कोलकता के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ मणिकान्त मिश्र ने कही। उन्होंने कहा कि मिथिला का पुरातात्विक इतिहास प्राचीन वैदिक संस्कृति, मौर्य, शुंग, कुषाण और गुप्त कालों से लेकर मध्यकाल तक है।

बलिराजगढ़ की खुदाइयों से मौर्य काल से लेकर शुंग, कुषाण, गुप्त और पाल काल तक की प्राचीन मानव बस्तियों और सांस्कृतिक निरंतरता के प्रमाण मिले हैं।लोह युग और प्राचीन सभ्यता में मधुबनी जिला के बासुअड़/बाबूबरही क्षेत्र में स्थित यह 176 एकड़ में फैला एक विशाल टीला है, जिसमें प्राचीन विदेह राज्य या मिथिला की राजधानी आता हैं।उन्होंने बौधयान, उच्चैठ स्थान, सहरसा के महिषी स्थान आदि की भी चर्चा करते हुए कहा कि ये सभी स्थान मौर्यकाल से पहले के है। उन्होंने कहा कि मिथिला क्षेत्र में पुरातत्त्व सर्वे आफ इंडिया का केन्द्र खुलना चाहिए, ताकि यहां के पुरातत्व संबंधी सारे काम सुचारू रूप से चल सके। मिथिला का पुरातात्विक इतिहास काफी समृद्ध एवं उन्नत है, जिसे संजोकर उसपर वैज्ञानिक शोध करने की जरूरत है। मुख्य अतिथि के रूप में मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. पुनीता झा ने कहा कि मेरा माइनर/मेजर प्रोजेक्ट पुरातत्त्व से संबंधित है, जिसे मैं शीघ्र ही प्रकाशित कराऊंगी। उन्होंने कहा कि मिथिला क्षेत्र के सभी पुराने गढ़ों एवं मंदिरों आदि की समुचित देखरेख होनी चाहिए। प्राचीन भारतीय इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग के अध्यक्ष डॉ अमिर अली खान ने उद्घाटन संबोधन में कहा कि पुरातत्त्व मिथिला की प्राचीन पहचान को दशार्ता है, जिस पर योजना बाद एवं संगठित रूप से काम करने की जरूरत है। अतिथि स्वागत एवं विषय प्रवेश करते हुए संगोष्ठी के संयोजक डॉ. आर एन चौरसिया ने कहा कि मिथिला का पुरातात्विक इतिहास हमारी सभ्यता, ज्ञान-परंपरा और सांस्कृतिक निरंतर की को दशार्ता है। वैज्ञानिक पुरातात्विक प्रमाणों एवं साहित्यिक स्रोतों के समुचित अध्ययन से प्राचीन मिथिला को और अधिक प्रामाणिक रूप में प्रस्तुत करना संभव है।अध्यक्षीय संबोधन में संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णकान्त झा ने विभाग की ओर से इस सफल आयोजन के लिए सभी व्यक्तियों को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि मिथिला में पुरातात्विक स्रोत के रूप में अभिलेख, मुद्रा, पांडुलिपि, साहित्यिक प्रमाण आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, जिन्हें प्रकाश में लाने की आवश्यकता है। फाउंडेशन के सचिव मुकेश कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



कार्यक्रम में अतिथि व अन्य।

किराना दुकान से देसी शराब बरामद, दुकानदार गिरफ्तार

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के खादी भंडार के पास एक दुकान में छापेमारी कर पुलिस ने 13.2 लीटर देसी शराब के साथ दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दुकानदार लालपुर निवासी प्रकाश ठाकुर बताया गया है। पुलिस सूत्रो के अनुसार 25 अक्टूबर की शाम गुप्त सूचना मिली कि खादी भंडार के पास स्थित एक दुकान में देसी शराब की बिक्री की जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही दुकानदार भागने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान दुकान के काउंटर से प्लास्टिक में रखी 200 एमएल की 41 पीस तथा बाल्टी में छिपाकर रखी 200 एमएल की 25 पीस देसी शराब बरामद की गई। कुल 66 पीस शराब की मात्रा 13.2 लीटर बताई गई है। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

रूस के साथ नए करार से शिक्षा, प्रौद्योगिकी संस्कृति का होगा विस्तार : डॉ. शिव किशोर

एस के चौधरी ट्रस्ट से करार होने पर डॉ. संत कुमार चौधरी को किया सम्मानित

दरभंगा (एनएसबी)। रूस के कई विश्वविद्यालयों ने एस.के.चौधरी एजुकेशनल ट्रस्ट के साथ करार कर मिथिला में शिक्षा, प्रौद्योगिकी,संस्कृति,आर्थिक विकास व नवाचार में अभिनव आयाम,अल्प सुविधा प्राप्त शिक्षार्थियों व शोधार्थियों को नए अवसर मिलेंगे। नए विषय और नवाचार से पोषित होकर नए आयाम गढ़ेंगे। उक्त बातें शिक्षाविद डॉ.शिवकिशोर राय तथा उज्ज्वल कुमार ने अपने रूस यात्रा के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ अकादमिक करार के पश्चात स्वदेश लौटे एस.के.चौधरी एजुकेशनल ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ संत कुमार चौधरी को अभिनंदित करते हुए कही। रूस के विश्वविद्यालय से हुए शैक्षणिक करार के संबंध में बताया कि रूस ने डॉ.राय को 2027 के 13,14,15 फरवरी को आयोजित होने वाले वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय मेगा एक्सपो के लिए आमंत्रित भी किया है।

इस अवसर पर होली मेरी इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ.शिवकिशोर राय ने डॉ.चौधरी की इन नवीनतम उपलब्धियों से अभिभूत होते हुए कहा कि बसैठ-चानपुरा गाँव में विगत कई वर्षों से देश-विदेश के शीर्षस्थ अधिकारियों सहित विभिन्न प्रांतों के राज्यपालों के साथ-साथ केंद्रीय व प्रांतीय मंत्रियों,सांसदों, विधायकों सहयोग रहा है। वहीं डॉ.राय ने डॉ.संत चौधरी की इस सार्वकालिक महत्व रखने वाले सकरात्मक प्रयास को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय महत्व का बताया। उज्ज्वल कुमार ने रूस के साथ हुए करार को एक पृथक व अति विशिष्ट महत्व की संज्ञा देते हुए डॉ.चौधरी द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों से वर्तमान पीढी.के युवाओं के लाभान्वित होने की बात कही।



डॉ संत कुमार चौधरी को सम्मानित करते डॉ. शिव किशोर राय एवं उज्जवल कुमार।

संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक मंच पर दिव्यांगजनों के अधिकारों की सशक्त आवाज बने संजय झा : ईश्वर मंडल

दरभंगा (एनएसबी)। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद एवं मिथिला के विकास पुरुष संजय झा द्वारा संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक मंच पर दिव्यांगजनों के अधिकारों, समावेशन एवं सशक्तीकरण के मुद्दों पर भारत की आवाज को प्रखरता से रखने के लिए जदयू जिलाध्यक्ष सह विधायक राजेश कुमार मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

विधायक ईश्वर मंडल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के दिव्यांगजनों के अधिकारों पर सम्मेलन जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का पक्ष मजबूती से प्रस्तुत करना देश के लिए गौरव की बात है। दिव्यांगजनों को समान अधिकार, सम्मानजनक जीवन, अवसरों की समानता तथा समाज की मुख्यधारा में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में संजय झा का दृष्टिकोण अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायी है।उन्होंने कहा कि किसी भी संवेदनशील और समावेशी समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने प्रत्येक नागरिक, विशेषकर दिव्यांगजनों एवं वंचित वर्गों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए कितना प्रतिबद्ध है। संकट एवं आपदा की परिस्थितियों में भी प्रत्येक वर्ग को समान सुरक्षा प्रदान करना तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संजय झा के नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता से समाज के वंचित एवं विशेष जरूरतों वाले वर्गों के अधिकारों, सम्मान और सशक्तीकरण से जुड़े प्रयासों को नई ऊर्जा मिलेगी।



सम्मेलन में संजय झा एवं अन्य ।

संक्षिप्त खबरें

वसंतिक रवि महाअभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी एवं किसान।

बिस्फी (एनएसबी)। किसान भवन के सभागार में सोमवार को वसंतिक रवि महोत्सव महाअभियान सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रामानुज प्रसाद, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कौशल कुमार सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष चंद्रजीत यादव सहित कई लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी कौशल कुमार सिंह ने किया.कार्यक्रम में किसानों को रवि फसलों की उन्नत खेती, समेकित कृषि प्रणाली, मोटे अनाज के उत्पादन और सब्जियों की वैज्ञानिक खेती के तौर तरीके बताए गए. अधिकारियों और वैज्ञानिकों ने किसानों से परंपरागत खेती के साथ वैज्ञानिक तकनीक को अपनाने की अपील की. ताकि फसल उत्पादन बढ़ाने के साथ उनके आमदनी में भी इजाफा हो सके. अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रामानुज प्रसाद ने उपस्थित किसान को संबोधित करते हुए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने योजना के उद्देश्य और उनके मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया. किसाने से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की. कहा कि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर किसान खेती को अधिक लाभकारी बना सकते हैं. इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक राकेश यादव,,जुबेर अहमद,विनोद कुमार यादव, अमीतेनर कुमार, मो जलालुद्दीन, विनय कुमार बिंदेश्वर झा, साधु पासवान ज्ञान पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे.

नवनिर्मित वस्त्र प्रतिष्ठान ईश्वरायम का शुभारंभ



उद्घाटन करते सांसद एमएलसी।

मधुबनी (एनएसबी)। गिलेशन मार्केट मधुबनी स्थित इंडिया गोल्ड प्लाजा झ द वेडिंग मॉल भाजपा मधुबनी के जिला कोषाध्यक्ष श्रवण पूर्वे के नवनिर्मित वस्त्र प्रतिष्ठान ह्वाईश्वरायम को मधुबनी के सांसद डॉक्टर अशोक कुमार यादव भाजपा एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने फीता काट कर उद्घाटन किया! उद्घाटन के अवसर पर सांसद अशोक यादव ने कहा कि आधुनिक साज-सज्जा और वस्त्रों की आकर्षक विविधता के साथ शुरू हुआ यह प्रतिष्ठान मधुबनी के स्थानीय व्यापार जगत में एक नई पहल है। इससे बंजारों का रौनक बढ़ता है और विकास का रास्ता दिखाई देता है! संसद में इस शुभारंभ पर श्रवण पूर्व को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएँ। कामना दी! एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने कहा कि ह्वाईश्वरायमह्व ग्राहकों का विश्वास अर्जित करे, निरंतर प्रगति करे और सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करे। स्थानीय उद्यमों की उन्नति, व्यापारियों का प्रोत्साहन और नए अवसरों का सृजन—मधुबनी की आर्थिक समृद्धि को सशक्त बनाने के महत्वपूर्ण आधार हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के ब्यान पर भाजपा के नेताओं को मिर्ची लगा

मधुबनी (एनएसबी)। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के ब्यान पर भाजपा के नेताओं को मिर्ची लगा है. यह देश मे चलरहे बोट चोरी के खिलाफ आंदोलन से घबराकर मुद्दों से भटकाने का साजिश है. ये बात राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव हनुमान प्रसाद राउत जे पी सेनानी ने प्रेस बिग्यप्ति जारी कर कहा है. राउत ने कहा कि जिसरोज भाजपा नेताओं के आका मोदी जी सोनिया गाँधी को बारबाला. कहा था उस रोज अपने आका को मयार्दा समझाये होता तो आज यह दीन नहीं देखना पड़ता. उन्होंने कहा कि डरी, घबराई हूई भाजपा गलत गलत हाथकण्डा अपनाकर देश को गुमराह करना चाहती है. लेकिन उनके चाल चरित्र को जनता समझ चुकी है।

खड़गे का बयान शर्मनाक, बिना शर्त माफी मांगें : मो. मुस्लिम आजाद

अलीनगर (एनएसबी)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर दिए गए कथित अमर्यादित बयान की जदयू अलीनगर प्रखंड अध्यक्ष मो. मुस्लिम आजाद ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा राजनीतिक मयार्दा के विरुद्ध है और कांग्रेस की हताशा को दशार्ती है। मो. मुस्लिम आजाद ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआइआर जैसे मुद्दों पर विरोध जताने के लिए अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल उचित नहीं है। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन राजनीतिक विरोध के दौरान भाषा की मयार्दा बनाए रखना सभी दलों की जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमेशा मर्यादित राजनीति और आपसी सम्मान का संदेश दिया है। जदयू इस तरह की बयानबाजी का पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से अपने बयान पर बिना शर्त माफी मांगने की मांग की।

सढवाड़ा पैक्स चुनाव में अनियमितता को लेकर दो दिवसीय धरना शुरू



सढवाड़ा मे धरनास्थल पर नारेबाजी करते प्रदर्शनकारी।

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के सढवाड़ा मे ग्रामीणो ने सोमवार को दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन शुरू किया। धरनास्थल पर नारेबाजी करते ग्रामीण पैक्स चुनाव में अनियमितता का आरोप लगा रही है। धरना स्थल पर रामनरेश सहनी की अध्यक्षता और पूर्व सरपंच राजेश चौधरी के संचालन में सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए रामानंदन भगत ने आरोप लगाया कि सढवाड़ा पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंधकारिणी सदस्यों का निर्वाचन विधिसम्मत प्रचार-प्रसार के बिना संपन्न कराया गया। उन्होंने इस मामले में सिंहवाड़ा बीडीओ की भूमिका पर सवाल उठाते हुए राज्य निर्वाचन आयोग से आगामी पंचायत चुनाव से पहले संबंधित अधिकारी को बर्खास्त करने की मांग की। पूर्व सरपंच राजेश चौधरी ने कहा कि पैक्स चुनाव में कथित अनियमितताओं के विरोध में ग्रामीण लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मंगलवार को दोपहर तीन बजे तक प्रशासन के साथ सफल वार्ता नहीं होने पर सढवाड़ा चौक पर अतरबेल-बिशनपुर पथ जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा।बताया गया है की धरना की पूर्व सूचना सदर एसडीओ सहित संबंधित अधिकारियों को दी गई है। वहीं इस मामले में पटना हाई कोर्ट में भी याचिका दायर की गई है। इसमें गुपचुप तरीके से चुनाव संपन्न कराने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ को बर्खास्त करने की मांग की गई है। मौके पर धरना में उमेश राय, मो. मुराद, जीवछ राम, गुलाब साह, रामपुकार यादव, राकेश चौधरी, सुबोध साह, रामएकबाल भगत, शत्रुघ्न सहनी, दीपक साह और वीरेंद्र साह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

अवैध पटाखा भंडारण के विरुद्ध लदनियां थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

1.18 करोड़ रुपये मूल्य के अवैध पटाखे जब्त, महिला सहित 2 अभियुक्त गिरफ्तार

मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी



छापामारी स्थल पर पुलिस।

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनसुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए जिले में अवैध पटाखों के अवैध भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक-25.10.2026 को लदनियां थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि लदनियां बाजार में बिना किसी वैध अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के भारी मात्रा में अवैध पटाखे बिक्री हेतु छुपाकर रखे गए हैं।

उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार लदनियां थाना की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लदनियां बाजार स्थित श्रीराम ट्रेडर्स दुकान, पूर्व कोल्ड ड्रिंक दुकान, संतोष पूर्वे के किराए के गोदाम एवं संतोष पूर्वे के आवासीय मकान में विधिवत छापेमारी की गई।विधिवत तलाशी के दौरान उक्त स्थलों से भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित पटाखा बरामद कर जब्त किया गया। जब्त पटाखों का कुल बाजार मूल्य करीब 1,18,00,983 रुपये (एक करोड़ अठारह लाख नौ सौ तिरासी रुपये) आंका गया है। मौके से अवैध भंडारण व कारोबार में संलिप्त 01 महिला सहित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य अभियुक्त फरार हैं। इस संदर्भ में लदनियां थाना कांड संख्या- 462/26, दर्ज कर विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं एवं कांड में संलिप्त फरार मुख्य अभियुक्त संतोष पूर्वे की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा संभावित ठिकानों पर सघन छापेमारी जारी है।

18वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल

राजनगर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अवसर पर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई



शपथ दिलाते अधिकारी।

जयनगर (एनएसबी)। सतर्कता जागरूकता सप्ताहझ2026 के अवसर पर आज दिनांक 26 अक्टूबर 2026 को श्री कोजा राम लोमरोड़, कमांडिंग ऑफिसर, 18वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, राजनगर के निर्देशन में वाहिनी मुख्यालय राजनगर एवं बाह्य सीमा चौकियों में अधिकारियों तथा बल कार्मिकों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं बल कार्मिकों ने सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं निष्पक्षता जैसे नैतिक मूल्यों को अपने व्यक्तिगत जीवन तथा कार्यस्थल पर अपनाने और सुशासन को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस वर्ष की थीम ह्वसत्यनिष्ठा से समृद्धिह्वके माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के विकास में नैतिक आचरण, पारदर्शिता तथा भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यप्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं बल कार्मिकों ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने, अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करने तथा कार्यों में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही, जनहित एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए एक जवाबदेह, पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त कार्य संस्कृति विकसित करने का संकल्प लिया गया। इस प्रकार, सतर्कता जागरूकता सप्ताहझ2026 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने सभी कार्मिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने तथा नैतिक मूल्यों के साथ राष्ट्र सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

मधुबनी के डॉ. संत कुमार चौधरी ने भारत-रूस शैक्षणिक सहयोग को दी नई दिशा, तीन रूसी विश्वविद्यालयों से एमओयू

■ कजान (रूस) में आयोजित टाइम फोरम में हुए समझौते, शिक्षा, शोध और छात्र-शिक्षक आदान-प्रदान को मिलेगा बढ़ावा



संयुक्त हस्ताक्षर करते।

मधुबनी (एनएसबी)। रूस के तातारस्तान गणराज्य के कजान में आयोजित तातारस्तान इनिशिएटिव फॉर म्यूचुअल एफिशिएंसी फोरम में शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, जयपुर तथा न्यू दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट , नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. संत कुमार चौधरी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। फोरम के दौरान उन्होंने रूस के तीन प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों से भारत और रूस के बीच शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान, छात्र-शिक्षक आदान-प्रदान तथा कौशल विकास के नए अवसर खुलने की उम्मीद है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस फोरम में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्नीखानोव, रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार सहित विभिन्न देशों के अधिकारी, राजनयिक, उद्योगपति, शिक्षाविद और संस्थागत प्रतिनिधि शामिल हुए। फोरम का उद्देश्य व्यापार, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, संस्कृति और नवाचार के क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना था।

तीन प्रतिष्ठित रूसी विश्वविद्यालयों से समझौता

डॉ. चौधरी के नेतृत्व में पहला एमओयू अल्मेतयेव्स्क स्टेट टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटीझपेट्रोलियम हायर स्कूल के साथ किया गया। इसके तहत शिक्षकों, शोधकताओं और विद्यार्थियों के आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान, शैक्षणिक सम्मेलनों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा ज्ञान-विनिमय को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। दूसरा समझौता सेंट पीटर्सबर्ग स्थित हर्जेन स्टेट पेडागॉजिकल यूनिवर्सिटी ऑफ रूस के साथ हुआ। इस साझेदारी के माध्यम से संकाय एवं विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, संयुक्त शोध, कार्यशालाएं, शैक्षणिक प्रकाशनों का साझा उपयोग और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। समझौते में शोधार्थियों के मार्गदर्शन तथा मास्टर और डॉक्टरेट स्तर के शोध कार्यों में सहयोग की संभावनाएं भी शामिल हैं। तीसरा एमओयू फाइनेंशियल यूनिवर्सिटी अंडर द गवर्नमेंट ऑफ द रशियन फेडरेशन के इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक्स, मैनेजमेंट एंड लॉ के साथ संपन्न हुआ। इस समझौते का उद्देश्य अर्थशास्त्र, प्रबंधन, विधि, उद्यमिता, नवाचार, अनुप्रयुक्त अनुसंधान और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच सहयोग को बढ़ाना है।

मधुबनी के ग्रामीण विकास पर दिया जोर

फोरम में अपनी प्रस्तुति के दौरान डॉ. संत कुमार चौधरी ने राजस्थान, बिहार, झारखंड, ओडिशा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में संचालित संस्थानों की उपलब्धियों और सामाजिक योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा, सतत कृषि पद्धतियों और वंचित समुदायों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर मधुबनी जिले में शिक्षा के विस्तार, कौशल विकास, कृषि नवाचार, सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीण विकास से जुड़ी पहलों पर भी प्रकाश डाला। उनकी प्रस्तुति में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को आम लोगों तक पहुंचाने तथा ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधारने के प्रयासों को प्रमुखता दी गई।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसर

फोरम में डॉ. चौधरी की प्रस्तुति को प्रतिभागियों ने सराहा। उनके संस्थानों की शैक्षणिक उपलब्धियों और सामाजिक विकास से जुड़े प्रयासों में विभिन्न रूसी विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संगठनों ने रुचि दिखाई। इस दौरान भविष्य में अनुसंधान, नवाचार, संकाय विकास, छात्र गतिशीलता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। डॉ. चौधरी की इस सहभागिता और तीन एमओयू पर हस्ताक्षर को भारत-रूस शैक्षणिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इन समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन से विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधकताओं को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने तथा वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक एवं अनुसंधान संबंधी अवसरों से जुड़ने में मदद मिलने की उम्मीद है।

कोजागरा परर कवि गोष्ठी आयोजित, कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध



कवि गोष्ठी में उपस्थित।

जयनगर (एनएसबी)। समस्तीपुर के जिला जज समीर कुमार झा, विधान परिषद सदस्य घनश्याम ठाकुर और पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ मिथिलांचल के प्रसिद्ध पर्व कोजागरा के अवसर पर दुल्लीपट्टी में न्यायाधीश नीलेश भारद्वाज एवं भारत सरकार के प्रोविडेंट फंड विभाग में पदस्थापित निखिल भारद्वाज के सम्मान में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मैथिली एवं हिंदी साहित्य से जुड़े कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से मिथिला की संस्कृति, परंपरा और साहित्यिक विरासत को जीवंत किया। कवियों की प्रस्तुति पर श्रोता खूब आनंदित हुए।कवि गोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. वंशीधर मिश्रा ने की, जबकि मंच का संचालन अजीत आजाद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्तीपुर के जिला जज समीर कुमार झा, विधान परिषद सदस्य घनश्याम ठाकुर एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर कवि कमलेश प्रवेन्द्र, झोली पासवान, प्रो. शिव कुमार झा, नारायण यादव, ऋजन कश्यप एवं आदया कुमारी ने अपनी कविताओं का पाठ किया। उनकी रचनाओं ने उपस्थित श्रोताओं को खूब गुदगुदाया और कार्यक्रम में साहित्यिक माहौल को जीवंत बना दिया।मिथिला की पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार कार्यक्रम में शामिल अतिथियों एवं कवियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में डॉ. वीरेंद्र झा, डॉ. प्रभात कुमार झा, शिक्षाविद् मनीष कुमार झा, प्रवीण कुमार झा, समाजसेवी वीरेंद्र यादव, डॉ. गौरव झा एवं निशांत शामिल थे। कार्यक्रम में भाकपा-माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह, मुखिया महासंघ मधुबनी के जिलाध्यक्ष सह जनसुराज पार्टी की खजौली विधानसभा प्रत्याशी रुपम कुमारी, डॉ. परशुराम मिश्र, प्रभा झा, राम कृपाल यादव, रुणा कुमारी, विभा झा, अरुणा झा, पूर्व प्रमुख चंद्रमोहन सिंह, गौड़ी सिंह, प्रीति कुमारी, उमेश ठाकुर, बिपिन झा, अनिल पासवान, अमर झा एवं मोनू ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में साहित्य प्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कोजागरा के अवसर पर आयोजित इस कवि गोष्ठी ने मिथिला की सांस्कृतिक परंपरा, साहित्यिक समृद्धि और आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

मुजफ्फरपुर से खेत बचाओ अभियान का कृषि मंत्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ

राज्य के 16 लाख किसानों तक पहुंचने का लक्ष्य

खेत बचाओ जीवन बचाओ महज एक नारा नहीं, बल्कि धरती किसान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का संकल्प है : विजय



खेत बचाओ जीवन बचाओ अभियान का फीता काटकर उद्घाटन करते कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा।



कृषि जन कल्याण संवाद को संबोधित करते कृषि मंत्री विजय सिन्हा।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। किसानों की समृद्धि, मिट्टी के संरक्षण और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को मुजफ्फरपुर से खेत बचाओ अभियान सह कृषि जन कल्याण संवाद का शुभारंभ किया गया। नगर के रामदयालु नगर स्थित अतिथि सभागार में आयोजित भव्य समारोह में राज्य के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने फीता काटकर इस अभियान का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन संबोधन सह कृषि जन कल्याण संवाद में कृषि मंत्री ने किसानों से इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ह्यखेत बचाओ, जीवन बचाओह्न केवल एक नारा नहीं, बल्कि धरती, किसान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का संकल्प है। कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के आह्वान पर 22 अक्टूबर से देशव्यापी खेत बचाओ अभियान शुरू हुआ है। बिहार में यह अभियान 26 अक्टूबर से 30 नवंबर 2026 तक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य खेतों का संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना और किसानों को वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से किसानों को समृद्ध बनाने के साथ कृषि क्षेत्र को नई दिशा दी जा सकती है।

मौके पर विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि खरीफ मौसम में पूरे बिहार में 7275 किसान बैठकों का आयोजन किया गया, जिनमें 6,19,436 किसानों ने भाग लिया। इनमें 2,12,610 महिला किसान भी शामिल थीं। अब रबी मौसम 2026-27 में अभियान को राज्य के सभी 534 प्रखंडों तक पहुंचाने की योजना है। इसके तहत प्रत्येक प्रखंड की कम से कम दो पंचायतों में विशेष किसान जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। अभियान के माध्यम से 15 से 16 लाख किसानों तक सीधे पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषि मंत्री ने नकली खाद और बीज की बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की बात कही।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नकली उर्वरकों के उत्पादन एवं बिक्री में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों का पदार्फाश करने और दोषियों की पहचान उजागर करने वाले किसानों और अधिकारियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने किसानों को मिट्टी की नियमित जांच कराने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसा के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करने और यूरिया सहित रासायनिक खादों के संतुलित प्रयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता से अधिक रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल खेती की लागत बढ़ाने के साथ मिट्टी के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा सकता है। कृषि मंत्री ने प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों को कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के तहत प्राथमिकता देने की घोषणा की। उन्होंने जैविक खादों के उपयोग, जल संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता केवल बैठकों और कार्यक्रमों की संख्या से नहीं, बल्कि खेती के तरीकों में सकारात्मक बदलाव से तय होगी। कार्यक्रम में पद्मश्री राजकुमारी देवी, कृषि निदेशक मुकेश लाल, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार, बामेती निदेशक पवन कुमार सहित कृषि विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मेडिकल ओवरब्रिज से कांटी तक घंटों लगी रही वाहनों की कतार



फोरलेन सड़क निर्माण कार्य से काँटी में लगी भीषण जाम।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के कांटी में शनि मंदिर के समीप फोरलेन निर्माण कार्य के कारण सोमवार को भीषण जाम लग गया। निर्माण कार्य के लिए सड़क की एक लेन बंद किए जाने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई। सड़क के दोनों ओर छोटी-बड़ी गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। जाम का असर मेडिकल ओवरब्रिज से लेकर कांटी तक देखने को मिला।

वहीं, चांदनी चौक और मोतिहारी रोड पर भी वाहन घंटों फंसे रहे। जाम के कारण स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और लंबी दूरी की यात्रा करने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। फोरलेन पर वाहनों की लंबी कतार लगने के बाद कई छोटे वाहन चालक जाम से बचने के लिए वैकल्पिक रास्तों की तलाश में ग्रामीण सड़कों की ओर जाने लगे। इससे दोपहर तक ग्रामीण मार्गों पर भी वाहनों का दबाव बढ़ गया और वहां भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय निवासी रुस्तम मियां ने बताया कि रविवार देर रात से ही फोरलेन पर जाम लगना शुरू हो गया था। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पहले से कोई ठोस तैयारी नहीं होने के कारण दिन चढ़ने के साथ स्थिति और गंभीर होती चली गई। उन्होंने कहा कि फोरलेन निर्माण कंपनी और जिला प्रशासन को निर्माण कार्य के दौरान यातायात प्रबंधन के लिए पहले से वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था करनी चाहिए थी। वैकल्पिक रास्तों की तलाश में ग्रामीण सड़कों पर पहुंचे वाहन वहां भी फंसने लगे। इससे यातायात का दबाव आसपास के मार्गों पर भी बढ़ गया। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य के दौरान उचित रूट डायवर्जन और यातायात प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि आम लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में परेशानी न हो।

संक्षिप्त खबरें

तिरहुत स्नातक-शिक्षक निर्वाचन की मतगणना की सभी तैयारी पूरी, सुबह 8 बजे से होगी शुरूआत

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 की मतगणना मंगलवार, 27 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर स्थित एमआईटी के प्रशासनिक भवन में होगी। मतगणना की तैयारियों और प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए सोमवार को प्रमंडलीय सभागार में निवार्ची पदाधिकारी सह प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें अभ्यर्थियों और उनके निर्वाचन अभिकताओं को मतगणना से संबंधित नियमों और प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। आयुक्त ने बताया कि सुबह सात बजे नियमानुसार वज्रगृह खोला जाएगा और आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतगणना हॉल बनाए गए हैं। प्रत्येक हॉल में 14 गणना टेबल और एक सहायक निवार्ची पदाधिकारी की टेबल निर्धारित की गई है। मतगणना के लिए प्रशिक्षित



तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद चुनाव की मतगणना के लिए की गई तैयारी।

पर्यवेक्षकों और सहायकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। मतगणना आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के तहत एकल संक्रमणीय मत प्रणाली से होगी। निर्धारित मिश्रित पद्धति के अनुसार पहले मतदान केंद्रवार मतपत्रों की संख्यात्मक गिनती की जाएगी। इसके बाद मतपत्रों को मिलाकर अभ्यथीर्वार गणना होगी। मतों के अंतरण, कोटा निर्धारण और डाटा एंट्री की प्रक्रिया भी निर्धारित नियमों के अनुसार पूरी की जाएगी। मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली के 203 मतदान केंद्रों से प्राप्त मतपेटिकाओं को एमआईटी स्थित वज्रगृह में सुरक्षित रखा गया है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के साथ त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है। मतगणना केंद्र में केवल अधिकृत व्यक्तियों को फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर प्रवेश मिलेगा। प्रमंडलीय आयुक्त ने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बिहार के मखाना को राष्ट्रीय पटल पर स्थान मिलना मेहनतकश किसानों-उद्यमियों का सम्मान : भाजपा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नगर विधानसभा के पश्चिमी नगर मंडल के वार्ड 13 के बूथ नंबर 83 पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय आकाशवाणी कार्यक्रम मन की बात का 139 वां एपिसोड को भाजपा नेताओं ने सुना। इस दौरान उपस्थित केन्द्रीय



मन की बात कार्यक्रम मे शामिल सांसद एवं अन्य नेतागण।

जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ राजभूषण निषाद ने पीएम मोदी के द्वारा बिहार के पूर्णिया के मखाना की विदेशों में निर्यात की चर्चा किए जाने पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं डॉ निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने मन की बात के माध्यम से निरंतर जमीनी हुनर और स्थानीय उत्पादों को संबल दिया है। आज पूर्णिया के मखाना का राष्ट्रीय मंच से उल्लेख किए जाने से सीमांचल सहित पूरे बिहार के मखाना किसानों, प्रसंस्करणकताओं और ग्रामीण उद्यमियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। यह संबोधन बिहार की ब्रांडिंग और वैश्विक पहचान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। वहीं भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने, उनकी बेहतर पैकेजिंग एवं विपणन तथा स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है। श्री मालाकार ने कहा कि मन की बात में अंगदान के प्रति लोगों में जागरूकता, ई-संजीवनी, विज्ञान एवं अनुसंधान, ब्रेन रिसर्च, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से जुड़े विषयों के महत्व पर चर्चा की गई। इससे देश को ज्ञान, अनुसंधान और तकनीकी विकास की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश महतो, जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, अरविंद सिंह, वार्ड पार्षद अमित रंजन, जिला सह कोषाध्यक्ष साकेत शुभम ठाकुर, विकास कुमार, राघवेंद्र शर्मा, मोहन सहनी, किशोर सिंह, पूर्व पार्षद हरिओम महतो, सुरेश चौधरी, संजीत पासवान, हरि किशोर राय सहित दर्जनो भाजपा नेतागण मौजूद रहें।

दिल्ली की 'वोट बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' रैली में एकजुटता दिखाएँ राजद कार्यकर्ता

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर 2026 को प्रस्तावित ईंडी गठबंधन की वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव सह राष्ट्रीय प्रवक्ता मो वशीम अहमद मुन्ना ने राजद कार्यकर्ताओ से एकजुट होकर दिल्ली कूच करने का आव्हान किया है।



राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता मो वशीम अहमद मुन्ना ने की अपील

वसीम अहमद मुन्ना राईन ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और मतदाताओं के अधिकारों की मजबूती आज देश के सामने महत्वपूर्ण सवाल हैं।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल सरकार बनाने की व्यवस्था नहीं, बल्कि जनता को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार देने वाली संवैधानिक व्यवस्था है। प्रत्येक मतदाता का वोट समान महत्व रखता है। चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, मतदाता सूची की पारदर्शिता और मतदान के अधिकार पर जनता का भरोसा कायम रहना लोकतंत्र की बुनियादी शर्त है। उन्होंने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव लगातार सामाजिक न्याय, गरीबों, वंचितों और आम जनता के अधिकारों की राजनीति करते रहे हैं। ऐसे समय में जब चुनावी पारदर्शिता और मतदाता अधिकारों को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं, तब लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सभी विपक्षी दलों और जागरूक नागरिकों को अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर को रामलीला मैदान में होने वाली रैली केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मताधिकार, निष्पक्ष चुनाव और लोकतांत्रिक जवाबदेही जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का अवसर है। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और जनता के फैसले का सम्मान हर परिस्थिति में होना चाहिए।

राजद प्रखंड अध्यक्ष मंजर हुसैन के भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। कच्ची-पक्की ओपी क्षेत्र के दीघरा गैस प्लांट के पास सोमवार को हुई सड़क हादसे में बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान तुर्की थाना क्षेत्र के लदौरा गांव निवासी मोहम्मद मंजर हुसैन के 25 वर्षीय पुत्र सद्दाम हुसैन के रूप में हुई है, वह अंडे का व्यवसाय करता था।

जानकारी के अनुसार सोमवार को वह बाइक से किसी काम के सिलसिले में निकला था, इसी दौरान दीघरा गैस प्लांट के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही कच्ची-पक्की ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। साथ हीं आसपास के लोगों से पूछताछ की। फिलहाल दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई और किस वाहन से टक्कर लगी, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। वहीं युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने घटना को महज दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। वहीं पुलिस हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने के साथ मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले में मृतक के चाचा कुढ़नी राजद प्रखंड अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका दावा है कि यह केवल सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि साजिश के तहत की गई हत्या हो सकती है। हालांकि इस आशंका के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य फिलहाल सामने नहीं आई है। मृतक के परिजनों की ओर से हत्या की आशंका जताए जाने के बाद मामले के सभी पहलुओं की जांच की मांग उठी है। वहीं पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि घटना अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई दुर्घटना है या इसके पीछे कोई दूसरी वजह है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास में लगी है। अभी तक पुलिस की ओर से हत्या की पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस के अनुसार जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि सद्दाम हुसैन की मौत सड़क हादसे में हुई या मामले में कोई अन्य पहलू भी है।



घटनास्थल पर पड़ी मृतक की बाइक।

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

रामदयालु नगर मंडल के 71 बूथों पर सुनी गईं मन की बात

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुजफ्फरपुर पूर्वी जिला भाजपा के अंतर्गत रामदयालु नगर मंडल के सभी 71 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने मन की बात कार्यक्रम के 139वें एपिसोड को सुना। मंडल अध्यक्ष उत्पल रंजन के राजधानी प्रवास के कारण मंडल के दोनों महामंत्री अजय चंद्रवंशी और अमित पिंटू के नेतृत्व में मंडल पदाधिकारियों के लिए की गई व्यवस्था में मंत्री नूनदन सिंह, मंत्री अनिल ओझा, मंत्री संजीव सोनू, जिला आरटीआई संयोजक असीम सुंदरम, कार्यकारिणी सदस्य राजेश शिवम, शक्तिकेंद्र प्रमुख दिनेश चौधरी, चंदन कुमार, देवेन्द्र महतो सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व महिला सिपाही को पांच साल की सजा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की कार्रवाई में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में मुजफ्फरपुर जिला पुलिस बल में पदस्थापित पूर्व महिला सिपाही बेबी कुमारी को विशेष निगरानी न्यायालय ने सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (पीठासीन पदाधिकारी) सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने सोमवार, 26 अक्टूबर 2026 को निगरानी थाना कांड संख्या 27/2012 से संबंधित विशेष वाद संख्या 12/2012 में सजा का आदेश दिया।

15.5 लाख रुपये जुर्माना

बेबी कुमारी मुजफ्फरपुर जिला बल में महिला सिपाही संख्या 824 के पद पर तत्कालीन समय में कार्यरत थीं। उनके खिलाफ 35,42,955 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र के पुलिस निरीक्षक मदन प्रसाद सिंह की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई थी। अदालत ने 5 अक्टूबर 2026 को उन्हें दोषी करार दिया था। इस मामले में तत्कालीन अनुसंधानकर्ता अश्विनी कुमार, वरीय पुलिस उपाधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना ने समय पर आरोपपत्र दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 11 गवाहों की गवाही कराई गई। बिहार सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक कृष्ण देव साह ने प्रभावी पैरवी की। अदालत ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(ई) सहपठित धारा 13(2) के तहत पांच वर्ष की सजा और 7.50 लाख रुपये जुमार्ना लगाया। भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 420, 467, 468 और 471 के तहत तीन-तीन वर्ष की सजा तथा प्रत्येक धारा में 25-25 हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया। वहीं, धारा 120बी के तहत पांच वर्ष की सजा और 7.50 लाख रुपये जुमार्ना लगाया गया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित धाराओं के तहत अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक भ्रष्टाचार से जुड़े 22 मामलों में लोकसेवकों को अदालत से दोषी ठहराया जा चुका है। ब्यूरो ने बताया कि वर्ष 2000 से 2024 के बीच औसतन प्रतिवर्ष पांच से छह मामलों में सजा हुई थी। इसके मुकाबले वर्ष 2026 में दोषसिद्धि की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। ब्यूरो के अनुसार, भ्रष्टाचार के मामलों में अभियोजन की कार्रवाई लगातार जारी है।

सेवा संकल्प अभियान : जिले में 5911 योजनाओं की समीक्षा, गुणवत्ता में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

योजनाओं की निगरानी के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स गठित

मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)। जिले में सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत चयनित 5911 योजनाओं की प्रगति की जिलाधिकारी कुमार गौरव ने सोमवार को समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



चयनित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक करते डीएम कुमार गौरव।

समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त निशांत सिहारा ने विभागवार योजनाओं की स्थिति और प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चयनित 5911 योजनाओं में शिक्षा विभाग की 2427, ग्रामीण विकास विभाग की 1202, पंचायती राज विभाग की 998, स्वास्थ्य विभाग की 519, पीएचईडी की 452, समाज कल्याण विभाग की 202, नगर विकास एवं आवास विभाग की 61, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की 48 तथा पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की दो योजनाएं शामिल हैं। इनमें से 4877 योजनाओं को तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है, जो कुल योजनाओं का 82.51 प्रतिशत है। तकनीकी स्वीकृति प्राप्त योजनाओं में से 3298 को प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल गई है। शेष 1034 योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति लंबित है। जिलाधिकारी ने संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियों को 24 घंटे के भीतर तकनीकी स्वीकृति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्रशासनिक स्वीकृति से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने को कहा। अभियान के तहत विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों, सामुदायिक भवनों और पंचायत सरकार भवनों का जीर्णोद्धार, रंग-रोगन, मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इसके अलावा जरूरत के अनुसार नए भवनों और आधारभूत संरचनाओं का निर्माण भी कराया जा रहा है।

तकनीकी स्वीकृति के लिए लंबित 1034 योजनाओं को 24 घंटे में पूरा करने का निर्देश

जिलाधिकारी ने योजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता की नियमित निगरानी के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। टास्क फोर्स प्रतिदिन बैठक कर योजनाओं की अद्यतन स्थिति और कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा करेगी। वहीं स्वयं जिलाधिकारी भी नियमित रूप से अभियान की समीक्षा करेंगे और क्षेत्र भ्रमण के दौरान औचक निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने अपर समाहर्ता को एक सप्ताह के भीतर जिले के 125 भवनहीन एवं भूमिहीन विद्यालयों तथा पीएचईडी की 13 योजनाओं के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना और विकास कार्यों को गति देना है। सभी अधिकारी समन्वय स्थापित कर योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

सांसद की पहल पर सोना-सती माई मोहल्ले में पहुंची प्रशासनिक टीम, विकास की जगी उम्मीद

डीएम ने 24 घंटे के अंदर भेजे अधिकारी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सांसद देवेश चंद्र ठाकुर की पहल पर जिले के बथनाहा प्रखंड की हरनहिया पंचायत स्थित कमरगामा किशनपुर के वार्ड संख्या-11 के सोना-सती माई मोहल्ले में अब विकास की उम्मीद जगी है। सांसद के कहने पर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने 24 घंटे के भीतर प्रशासनिक टीम भेजकर इस बस्ती की

लगेंगे चापाकल, बिजली कनेक्शन और बांटे जाएंगे जमीन के पर्चे भी



ग्रामीणों से जानकारी लेती प्रशासनिक अधिकारियों की टीम।

वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। इस बस्ती में पूरी तरह महादलित समुदाय के लोग निवास करते हैं। सांसद को जानकारी मिली थी कि यहां न तो पेयजल की समुचित सुविधा है, न सार्वजनिक शौचालय और न ही बिजली की व्यवस्था पहुंची है। बस्ती की बदहाल स्थिति की जानकारी मिलते ही सांसद ने तत्काल मोबाइल फोन के माध्यम से जिलाधिकारी को संदेश भेजकर इस गंभीर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने डीएम से आग्रह किया कि वे प्रशासनिक टीम भेजकर वस्तुस्थिति की जानकारी लें अथवा स्वयं उनके साथ गांव का दौरा करें, ताकि बुनियादी सुविधाओं से वंचित लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। सासंद के इस संदेश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों की टीम को गांव भेजा। निरीक्षण के दौरान टीम में बिजली विभाग और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पंचायत के मुखिया भी मौजूद रहे। टीम ने बस्ती का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी। रिपोर्ट में बताया गया कि सड़क के दोनों ओर दो अलग-अलग टोले बसे हुए हैं। इन दोनों महादलित टोलों के लोगों ने अभी तक बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं किया है। जिलाधिकारी ने सांसद को आश्वस्त किया कि बिजली विभाग के अधिकारी गांव में कैंप लगाकर लोगों से आवेदन प्राप्त करेंगे, ताकि उन्हें बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पेयजल की समस्या को देखते हुए पीएचईडी की ओर से अगले ही दिन दो चापाकल लगाने की बात कही गई है। वहीं अंचलाधिकारी के द्वारा आपरेशन बसेरा के तहत 20 नवंबर तक बस्ती के लोगों के बीच जमीन के पर्चे बांटे जाएंगे। सांसद की इस पहल से लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की बाट जोह रहे महादलित परिवारों में उम्मीद जगी है। लोगों ने समस्याओं को गंभीरता से उठाने और प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई कराने के लिए सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के प्रति आभार जताया है। क्षेत्र में सांसद के इस पहल की सराहना हो रही है।

इंडिया गठबंधन की बैठक में दिल्ली रैली की तैयारियों पर चर्चा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। राष्ट्रीय जनता दल, जिला कार्यालय, औद्योगिक क्षेत्र, साहू चौक में सोमवार को इंडिया गठबंधन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के जिला संयोजक एवं पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा ने की। बैठक में आगामी 1 नवंबर 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली इंडिया गठबंधन की विशाल राष्ट्रीय रैली की तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय तथा अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में उपस्थित गठबंधन के नेता।

बैठक में उपस्थित गठबंधन के नेताओं ने रैली की सफलता के लिए सभी घटक दलों के बीच बेहतर तालमेल, आपसी समन्वय एवं संगठनात्मक एकजुटता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। नेताओं ने कहा कि रैली के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक कार्यकताओं एवं समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी दलों को मिलकर प्रयास करना चाहिए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र, संविधान, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया एवं नागरिकों के मताधिकार की रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर इंडिया गठबंधन की यह रैली राष्ट्रीय स्तर पर अपनी बात रखने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। बैठक में रैली की तैयारियों को लेकर विभिन्न सुझाव भी दिए गए तथा सभी घटक दलों के

अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान

पदाधिकारियों से अपने-अपने स्तर पर आवश्यक तैयारियां करने का आग्रह किया गया।

बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना, सीपीआई (एम) के जिला सचिव देवेंद्र प्रसाद यादव, सीपीआई के जिला सचिव जयप्रकाश राय, भाकपा (माले) के जिला सचिव नेयाज अहमद सिद्दीकी, इंडिया गठबंधन के जिला प्रधान महासचिव मो जलालुद्दीन खा, सुरेंद्र कुमार यादव, रामजीवन महतो, गोपाल यादव सहित गठबंधन के अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी घटक दलों के नेताओं एवं कार्यकताओं से आपसी समन्वय के साथ रैली की तैयारियों में जुटने तथा निर्धारित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

संक्षिप्त खबरें

पर्व-त्योहार के मद्देनजर सड़कों की मरम्मती में तेजी लाने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।



ग्रामीण कार्य एवं पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंताओं के साथ की समीक्षा बैठक, आवागमन की सुविधा सुदृढ़ करने पर दिया जोर

आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर जिले में आवागमन की सुविधा को सुगम एवं सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फेस्टिवल सीजन के दौरान लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में आमजनों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सड़कों की स्थिति बेहतर बनाए रखना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग को अपने-अपने क्षेत्राधिकार की सड़कों की स्थिति का आकलन करते हुए आवश्यक मरम्मती कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने तथा लंबित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में संबंधित विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा सड़क मरम्मती से जुड़े कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने किया मासिक निरीक्षण

सीतामढ़ी (एनएसबी)। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के आलोक में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा सोमवार को ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यशील स्थिति, प्रवेश एवं निकास रजिस्टर, डबल लॉक व्यवस्था, सील की स्थिति तथा अन्य सुरक्षा मानकों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों एवं प्रोटोकॉल का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा वेयरहाउस की सुरक्षा एवं रखरखाव में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था एवं अभिलेखों का अवलोकन किया तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी सीतामढ़ी श्री कौशल किशोर नाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

सीतामढ़ी के युवा नेता सुशील कुमार के जन्मदिन समारोह में चिराग पासवान और तेजस्वी यादव ने दी बधाई

सीतामढ़ी (एनएसबी)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय विधिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं सीतामढ़ी निवासी अधिवक्ता सुशील कुमार के जन्मदिन समारोह में पटना में कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान अपनी माता के साथ समारोह में पहुंचे और सुशील कुमार को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह में बिहार सरकार के विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर, गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान, विधायक डॉ. चंद्रप्रकाश, राजू तिवारी और बेबी कुमारी तथा वीआईपी के संस्थापक मुकेश सहनी समेत कई नेता शामिल हुए।

तबादले के बाद भी दाखिल-खारिज करने के आरोप में कुढ़नी के पूर्व सीओ पर कार्रवाई की अनुशंसा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। कुढ़नी के पूर्व अंचल अधिकारी अनिल कुमार संतोषी के खिलाफ तबादले के बाद भी दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने के मामले में कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। समाहर्ता-सह-जिलाधिकारी ने उनके विरुद्ध आरोप पत्र गठित कर बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को भेज दिया है। साथ ही, उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई है। जिलाधिकारी के अनुसार अनिल कुमार संतोषी के विरुद्ध कुढ़नी अंचल से स्थानांतरण होने के बाद भी दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने का आरोप लगा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर समाहर्ता, मुजफ्फरपुर से इसकी जांच कराई गई। जांच में उनके विरुद्ध लगाए गए आरोप प्रमाणित पाए गए। इसके बाद उनके खिलाफ प्रपत्र-क (आरोप पत्र) गठित कर विभाग को भेजा गया है। अनिल कुमार संतोषी 7 फरवरी 2024 से 4 जुलाई 2026 तक कुढ़नी अंचल अधिकारी के पद पर पदस्थापित थे। वर्तमान में उनका पदस्थापन सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के रूप में बंदोबस्त कार्यालय, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी में है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्थानांतरण के बाद भी दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन किए जाने के मामले में जांच के आधार पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। अब राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में आरोप प्रमाणित होने के बाद प्रशासनिक स्तर पर उठाए गए कदम को राजस्व कार्यों में नियमों के अनुपालन से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अंतिम अनुशासनिक निर्णय विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लिया जाएगा।

नाई परिवार ने मिलन समारोह आयोजित किया

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नाई परिवार मुजफ्फरपुर द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद सदस्य उर्मिला ठाकुर, नाई समाज के वरिष्ठ नेता संजय ठाकुर, प्राचार्य डॉ हरि नारायण ठाकुर, महेश ठाकुर चकोर आदि अतिथि उपस्थित हुए।कार्यक्रम में कला, शिक्षा और खेल के क्षेत्र में वेहतर प्रदर्शन करने वाले समाज के बच्चों को समाज की तरफ से प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव का हुआ आगाज

कमला बालिका उच्च विद्यालय सीतामढ़ी में दो दिवसीय उत्सव में 05 विधाओं के प्रतिभागी सहभागिता करेंगे

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

सीतामढ़ी। कमला बालिका उच्च विद्यालय, डुमरा में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव का उद्घाटन उप विकास आयुक्त श्वेता भारती के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव कला के विभिन्न विधाओं के प्रतिभाओं को विशेषकर सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले के लिए लिए एक अच्छा मंच है।

इसमें सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे वे अपनी कला का प्रदर्शन राज्य और राष्ट्र स्तर पर कर सकते है। उन्होंने कहा कि समूह लोक गीत, समूह लोक नृत्य, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक और चित्रकला आदि विधाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उन्होंने जिले की महान लोक संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह धरती ही लोक संस्कृति की धरती है। यहां गायन और वादन की भी समृद्ध लोक परंपरा रही है। ऐसे में उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला स्तरीय युवा उत्सव से सभी विधाओं में योग्य प्रतिभागी चुने जाएंगे जो आगे चल कर राज्य और देश के स्तर पर जिले का नाम रौशन करेंगे। इसमें सफल प्रतिभागियों के चयन के लिए चयन समिति बनाई गई है। सभी चयनित सफल प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे।



जिला स्तरीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करतीं उप विकास आयुक्त श्वेता भारती।

कला, संस्कृति विभाग, बिहार सरकार व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव 27 अक्टूबर तक निर्धारित है। उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि आप अपने मन में किसी तरह की घबराहट नहीं रखें। पूरे उत्साह के साथ जिला स्तरीय युवा उत्सव में अपनी भागीदारी निभाएं।जिस विधा में आप भाग लेंगे, उसमें पूरे उत्साह के साथ अपना श्रेष्ठ देने का प्रयास करें। मौके पर डीपीआरओ कमल सिंह, कला संस्कृति पदाधिकारी सुजीत कुमार सुमन, कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग सहित संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में मंच संचालन वरीय शिक्षक एसएन झा ने किया।

सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने विमर्श कक्ष में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं



आमजनों की समस्याओं को सुनते जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया।

संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए जिसमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,आई सी डी एस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।

सुरक्षित बचपन अभियान: गुड टच-बैड टच व साइबर अपराध से बचाव के बताए गए तरीके

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सीतामढ़ी के तत्वावधान में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले इस अभियान के प्रथम चरण में जिले के सभी विद्यालयों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार आयोजित इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को बाल यौन शोषण से बचाव, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट), 2012 तथा उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देना है। इसके साथ ही बच्चों को गुड टच-बैड टच की पहचान, ऑनलाइन सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए जा रहे हैं।

अभियान के तहत न्यायिक पदाधिकारियों, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों, साइबर पुलिस विभाग, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पदाधिकारी, छात्रायें व अन्य।

कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को किसी भी प्रकार के शोषण या अनुचित व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने तथा ऐसी स्थिति में भरोसेमंद व्यक्ति से सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के विद्वान सचिव संजना गांधी के मार्गदर्शन में कमला बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सीतामढ़ी की छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बीच अंतर समझाया गया। साथ ही सोशल मीडिया और इंटरनेट का सुरक्षित इस्तेमाल, व्यक्तिगत जानकारी एवं पासवर्ड की सुरक्षा तथा संदिग्ध लिंक और ऑनलाइन संदेशों से सतर्क रहने के बारे में जानकारी दी गई। वहीं, न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रेणी ऋषभ रंजन ने आदर्श बाल विद्यालय, भासर के बच्चों को अभियान के उद्देश्य और उनके अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने तथा शोषण से बचाव के प्रति जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बताया गया कि बच्चों को सुरक्षित, संवेदनशील और भयमुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। बच्चों को शोषण से बचाना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है।

कौमुदी महोत्सव में बही साहित्य और संगीत की रसधार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को नगर के गोला रोड स्थित वीणा आश्रम, राम भजन बाजार में कौमुदी काव्य कला केंद्र के तत्वावधान में कौमुदी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। साहित्य, संगीत, काव्य और नृत्य को समर्पित इस समारोह में भारतीय सांस्कृति की अदभुत झलक देखने को मिली। डॉ पुष्पा प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और सुरंगमा कला केंद्र के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना से हुई।

महोत्सव में प्रसिद्ध कवि गोपालदास नीरज की कालजयी कविता ह्यकारवां गुजर गया, गुबार देखते रहेह्ण का डॉ अरुण शाह ने भावपूर्ण पाठ किया। कविता की पंक्तियों ने श्रोताओं को जीवन की सच्चाइयों, टूटते सपनों और गुजरते समय के महत्व का एहसास कराया। ह्यस्वप्न झरे फूल-से, मीत चुभे शूल-सेह्ण और ह्यनींद भी खुली न थी कि हाय धूप ढल गईह्ण जैसी पंक्तियों ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। कविता के माध्यम से समय की कीमत समझने, अवसरों को पहचानने और जीवन में कर्म के महत्व का संदेश दिया गया। कौमुदी काव्य कला केंद्र के संस्थापक पूर्व विधायक केदारनाथ प्रसाद ने महोत्सव में उपस्थित श्रोताओं और



दीप प्रज्ज्वलित कर कौमुदी महोत्सव का उद्घाटन करते अतिथिगण।

कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्य, संगीत, काव्य और नृत्य हमारी सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण अंग हैं। इन कलाओं को संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की साझा जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से साहित्यिक चेतना का विकास होता है और युवाओं को भारतीय परंपराओं, जीवन मूल्यों तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति से जुड़ने का अवसर मिलता है। कला और साहित्य समाज को संवेदनशील बनाने के साथ-साथ आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

समारोह में शरद पूर्णिमा को आनंद, उपासना और सांस्कृतिक चेतना का पर्व बताते हुए साहित्य एवं कला के माध्यम से सामाजिक और आध्यात्मिक मूल्यों को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बज्जिकांचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और क्षेत्र में साहित्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का संकल्प भी परिलक्षित हुआ।

इस अवसर पर डॉ. अरुण शाह, ब्रजेश कुमार, उदय नारायण सिंह, प्रो प्रमोद नारायण मिश्र, अनीत कुमार यादव, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, अब्दुल लाल खां, गोपाल जी भारतीय, मायाशंकर प्रसाद, सुनील कुमार सिंह, मुस्कान केसरी, जगत शर्मा, कठपुतली कलाकार सुनील कुमार,

डॉ ओम कुमार तिवारी, डॉ. देवव्रत अकेला, कृष्ण किशोर, अब्दुल मजीद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि साहित्य, संगीत और कला केवल मनोरंजन के साधन नहीं, बल्कि समाज की पहचान और सांस्कृतिक चेतना को जीवंत रखने के सशक्त माध्यम हैं।

सम्पादकीय

बेटियों का सम्मान और शिक्षा

बेटी केवल एक परिवार की संतान नहीं, बल्कि समाज की आशा, संस्कृति की संवाहक और राष्ट्र के भविष्य की निर्माता है। उसके सपनों में एक परिवार की खुशियां, उसकी शिक्षा में समाज की प्रगति और उसके आत्मविश्वास में देश के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर छिपी होती है। जिस समाज में बेटियों को सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और समान अवसर मिलते हैं, वह समाज अधिक संवेदनशील, समृद्ध और प्रगतिशील बनता है। इसके विपरीत, जिस समाज में बेटियों को जन्म से पहले ही जीवन के अधिकार से वंचित कर दिया जाता है, उन्हें शिक्षा से दूर रखा जाता है या उनकी आकांक्षाओं पर सामाजिक रूढ़ियों का पहरा बैठा दिया जाता है, वहां वास्तविक विकास की कल्पना अधूरी रह जाती है।

इसी सामाजिक सच्चाई को सामने रखते हुए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। यह केवल एक नारा या सरकारी अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी, सामाजिक चेतना और मानवीय मूल्यों की कसौटी है। इसका उद्देश्य बेटियों के अस्तित्व की रक्षा करना, उनके प्रति भेदभाव समाप्त करना, शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस संदेश की सार्थकता तभी सिद्ध होगी, जब यह सरकारी कार्यक्रमों और सार्वजनिक आयोजनों से आगे बढ़कर प्रत्येक परिवार के व्यवहार, प्रत्येक विद्यालय के वातावरण और समाज की सोच का हिस्सा बनेगा।

भारतीय समाज में बेटियों ने सदियों से परिवार और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खेल, साहित्य, प्रशासन, कला, उद्यमिता और रक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर आज भी बेटियों के जन्म को लेकर भेदभावपूर्ण सोच देखने को मिलती है। कहीं बेटे को वंश का उत्तराधिकारी मानकर प्राथमिकता दी जाती है, तो कहीं बेटी को आर्थिक जिम्मेदारी समझ लिया जाता है। यह दृष्टिकोण न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि समाज की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है।

बेटा और बेटी, दोनों को समान स्नेह, सम्मान और अवसर मिलना चाहिए। किसी बच्चे का महत्व उसके लिंग से निर्धारित नहीं किया जा सकता। प्रत्येक बच्चे का अपना व्यक्तित्व, अपनी प्रतिभा और अपनी संभावनाएं होती हैं। माता-पिता का दायित्व है कि वे इन संभावनाओं को पहचानें और उन्हें विकसित होने का अवसर दें। बेटी का जन्म परिवार के लिए गर्व और प्रसन्नता का अवसर होना चाहिए। उसके आगमन पर उत्सव मनाना, उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखना, उचित पोषण देना और उसके भविष्य के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना एक स्वस्थ समाज की पहचान है। इसके लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है। परिवारों के भीतर ऐसी संवेदनशील सोच विकसित करनी होगी, जिसमें बेटी को किसी से कम न समझा जाए।

शिक्षा व्यक्ति को केवल अक्षर ज्ञान नहीं देती, बल्कि उसे सही और गलत में अंतर करना, अपने अधिकारों को समझना, निर्णय लेना और जीवन की चुनौतियों का सामना करना भी सिखाती है। बेटियों के संदर्भ में शिक्षा का महत्व और भी व्यापक है। शिक्षित बेटी अपने जीवन के प्रति जागरूक होती है, अपने स्वास्थ्य और अधिकारों को समझती है तथा परिवार और समाज के विकास में अधिक प्रभावी योगदान दे सकती है।

जब एक लड़की विद्यालय जाती है, तो उसके सामने संभावनाओं के अनेक द्वार खुलते हैं। वह अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार शिक्षक, चिकित्सक, वैज्ञानिक, अधिकारी, खिलाड़ी, उद्यमी या किसी अन्य क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकती है। शिक्षा उसे यह विश्वास देती है कि उसका जीवन केवल दूसरों की अपेक्षाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके अपने सपने और लक्ष्य भी महत्वपूर्ण हैं। फिर भी कई परिवारों में आर्थिक कठिनाइयों, सामाजिक रूढ़ियों, घरेलू जिम्मेदारियों और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण लड़कियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। कुछ स्थानों पर किशोरावस्था में ही उनकी शिक्षा रोक दी जाती है। कहीं विद्यालय की दूरी, परिवहन की कमी या आवश्यक सुविधाओं का अभाव बाधा बनता है, तो कहीं यह मान लिया जाता है कि बेटी को अधिक पढ़ाने की आवश्यकता नहीं है।

इन चुनौतियों का समाधान समन्वित प्रयासों से ही संभव है। सरकार को विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक, सुरक्षित भवन, स्वच्छ पेयजल, उपयोगी शौचालय, छात्रवृत्ति और जरूरत के अनुसार परिवहन जैसी सुविधाओं पर ध्यान देना चाहिए। अभिभावकों को बेटियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करनी चाहिए और विद्यालयों को ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए, जहां प्रत्येक छात्रा बिना भय और संकोच के सीख सके। बेटियों को आगे बढ़ाने का अर्थ केवल उन्हें विद्यालय भेज देना नहीं है। वास्तविक सशक्तीकरण तब होगा, जब उन्हें अपनी क्षमता विकसित करने और अपने जीवन से जुड़े निर्णयों में भागीदारी का अवसर मिलेगा। शिक्षा के साथ स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है।

जदयू : भविष्य की सियासी परीक्षा के लिए तैयार



प्रमोद कुमार सिंह

शिक्षाविद

बिहार की राजनीति में नेतृत्व का सवाल कभी केवल किसी एक व्यक्ति के भविष्य तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उससे जुड़ी पार्टी की दिशा, संगठन की मजबूती, गठबंधन की स्थिरता और सामाजिक समीकरणों की निरंतरता भी चर्चा के केंद्र में आ जाती है।

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के संदर्भ में आज यही प्रश्न महत्वपूर्ण होता जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लंबी राजनीतिक विरासत को आगे कौन और किस तरह संभालेगा। उनके पुत्र निशांत कुमार की सक्रिय राजनीतिक भूमिका ने इस बहस को नया आयाम दिया है। अब सवाल केवल इतना नहीं है कि निशांत राजनीति में कितनी दूर तक जाएंगे, बल्कि यह भी है कि क्या वे अपने पिता की राजनीतिक पूंजी को जनसमर्थन, संगठनात्मक क्षमता और स्वतंत्र नेतृत्व में बदल पाएंगे।

नीतीश कुमार बिहार की राजनीति के उन नेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने लंबे समय तक अपनी अलग राजनीतिक पहचान बनाए रखी। सुशासन, सामाजिक समीकरणों, गठबंधन की राजनीति और प्रशासनिक निर्णयों के सहारे उन्होंने राज्य की राजनीति में एक विशिष्ट स्थान बनाया। उनके राजनीतिक जीवन की एक उल्लेखनीय विशेषता परिवार को सत्ता और संगठन के केंद्र में आगे न रखने की छवि भी रही है। ऐसे में निशांत कुमार का सक्रिय राजनीति में प्रवेश स्वाभाविक रूप से राजनीतिक चर्चा का विषय बना। यह बदलाव केवल एक परिवार के भीतर की राजनीतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जदयू के भविष्य और नेतृत्व की निरंतरता से जुड़ा प्रश्न भी है।

परिवारवाद की बहस और बदलती राजनीतिक परिस्थितियां : भारतीय राजनीति में परिवारवाद लंबे समय से बहस का विषय रहा है। एक ओर राजनीतिक दलों में नेतृत्व की निरंतरता और भरोसेमंद उत्तराधिकारी की तलाश को व्यावहारिक आवश्यकता के रूप में देखा जाता है, तो दूसरी ओर यह सवाल भी उठता है कि क्या किसी नेता के परिजन को केवल पारिवारिक संबंधों के आधार पर राजनीतिक अवसर मिलना चाहिए लोकतंत्र में इस प्रश्न का उत्तर अंततः जनता के विश्वास, संगठन के समर्थन और व्यक्ति की योग्यता से ही निकलना चाहिए।

नीतीश कुमार की राजनीति को देखते हुए निशांत की भूमिका को लेकर उत्सुकता स्वाभाविक है। वर्षों तक सार्वजनिक राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहने के बाद सक्रिय राजनीति में आना अपने आप में एक बड़ा बदलाव है। इंजीनियरिंग की शिक्षा, आध्यात्मिक रुचि और अपेक्षाकृत शांत सार्वजनिक व्यक्तित्व उनकी पहचान के हिस्से रहे हैं। लेकिन राजनीति में किसी व्यक्ति की निजी विशेषताएं तभी प्रभावी नेतृत्व में बदलती हैं, जब वह जनता की समस्याओं को समझने, कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करने और कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है।

राजनीतिक विरासत किसी व्यक्ति को शुरुआती पहचान अवश्य दे सकती है, लेकिन वह अपने आप जनस्वीति की गारंटी नहीं बनती। जनता किसी नेता को उसके पारिवारिक परिचय से जान सकती है, मगर लंबे समय तक स्वीकार करने के लिए उसके काम, व्यवहार और निर्णयों का मूल्यांकन करती है। यही निशांत कुमार के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी।

नीतीश की राजनीतिक पूंजी को संभालना आसान नहीं : नीतीश कुमार ने बिहार में अपनी राजनीति को कई चरणों से गुजारा है। बदलते गठबंधनों, चुनावी चुनौतियों और सामाजिक समीकरणों के बीच उन्होंने अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की कोशिश की। उनकी राजनीतिक शैली में परिस्थितियों का आकलन, समय के अनुसार रणनीति में बदलाव और विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच संतुलन बनाने की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

इस तरह की राजनीतिक पूंजी एक दिन में तैयार नहीं होती। इसके पीछे वर्षों का अनुभव, चुनावी संघर्ष, संगठन के साथ निरंतर संपर्क और प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन होता है। इसलिए निशांत के लिए चुनौती केवल नीतीश कुमार की पहचान को आगे बढ़ाने की नहीं, बल्कि उन परिस्थितियों को समझने की भी है जिनके बीच यह पहचान बनी।

राजनीति में विनम्रता और सरलता महत्वपूर्ण गुण हैं। लेकिन इनके साथ स्पष्ट संवाद, निर्णय लेने का आत्मविश्वास, विरोधी विचारों को समझने की क्षमता और संगठनात्मक अनुशासन भी आवश्यक हैं। किसी भी नए नेता को इन गुणों को विकसित करने के लिए समय और अवसर दोनों चाहिए। निशांत के मामले में भी निष्पक्ष आकलन का आधार उनकी वर्तमान छवि नहीं, बल्कि आने वाले समय में उनका सार्वजनिक और राजनीतिक प्रदर्शन होना चाहिए।

जदयू के भीतर नेतृत्व और संगठन की कसौटी : किसी क्षेत्रीय राजनीतिक दल का भविष्य केवल उसके शीर्ष नेता पर निर्भर नहीं रह सकता। मजबूत संगठन के लिए दूसरी और तीसरी पंक्ति का नेतृत्व, अनुभवी कार्यकर्ताओं की भूमिका, स्पष्ट राजनीतिक दिशा और आंतरिक संवाद की व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है। जदयू के सामने भी यही चुनौती है कि नेतृत्व परिवर्तन या नई पीढ़ी की बढ़ती भूमिका के बीच संगठन की एकजुटता कैसे बनाए रखी जाए।

नीतीश कुमार के साथ लंबे समय तक काम करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं के पास राजनीतिक अनुभव तथा क्षेत्रीय संपर्कों की अपनी पूंजी है। उनके योगदान को नजरअंदाज करके कोई भी नई नेतृत्व व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती। दूसरी ओर, केवल पुराने अनुभव के आधार पर भविष्य की राजनीति का पूरा खाका तैयार करना भी उचित नहीं होगा। बदलती पीढ़ी की आकांक्षाओं, नए मतदाताओं की अपेक्षाओं और बिहार के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों को समझना भी आवश्यक है।

इसलिए जदयू के लिए सबसे उपयोगी रास्ता टकराव नहीं, बल्कि अनुभव और नई ऊर्जा के बीच संतुलन स्थापित करना होगा। यदि निशांत कुमार को भविष्य के नेतृत्व के रूप में विकसित करने की योजना है, तो उन्हें संगठन के विभिन्न स्तरों से जुड़ने, कार्यकर्ताओं के बीच समय बिताने और राजनीतिक निर्णयों की प्रक्रिया को समझने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। नेतृत्व की घोषणा से अधिक महत्वपूर्ण नेतृत्व का निर्माण होता है।

अनुभवी सहयोगियों की भूमिका को लेकर अटकलें : नीतीश कुमार की राजनीतिक सक्रियता में संभावित बदलाव को लेकर विभिन्न प्रकार की चर्चाएं होना स्वाभाविक है। किसी भी बड़े क्षेत्रीय दल में नेतृत्व के भविष्य पर विचार-विमर्श होता है, विशेषकर तब जब उसका प्रमुख चेहरा लंबे समय से पार्टी की दिशा तय करता रहा हो। ऐसे समय में अन्य वरिष्ठ नेताओं की भूमिका, संगठन में उनकी स्थिति और भविष्य की राजनीतिक संभावनाओं को लेकर अटकलें भी तेज हो सकती हैं।

उपेंद्र कुशवाहा सहित विभिन्न राजनीतिक नेताओं के नामों और उनकी संभावित भूमिकाओं को लेकर सार्वजनिक विमर्श को इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। हालांकि, किसी नेता की महत्वाकांक्षा या संगठन के भीतर किसी गुट की मंशा के बारे में ठोस प्रमाण के बिना निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। राजनीतिक दलों में विचारों और हितों का अंतर होना असामान्य नहीं है। असली प्रश्न यह है कि इन अंतरों का समाधान किस तरह किया जाता है।

लव-कुश समीकरण और सामाजिक आधार की चुनौती : बिहार की राजनीति में सामाजिक समीकरणों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। नीतीश कुमार की राजनीतिक सफलता के पीछे विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच समर्थन का आधार और गठबंधन की रणनीति भी महत्वपूर्ण रही है। लव-कुश समीकरण को जदयू की राजनीति के प्रमुख संदर्भों में गिना जाता है। लेकिन किसी भी सामाजिक समीकरण को स्थायी और सुनिश्चित राजनीतिक समर्थन मान लेना सही नहीं होगा।

समाज समय के साथ बदलता है। नई पीढ़ी के मतदाताओं की प्राथमिकताएं, शिक्षा, रोजगार, स्थानीय विकास, कानून-व्यवस्था और सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता जैसे मुद्दे राजनीतिक व्यवहार को प्रभावित करते हैं। केवल जातीय पहचान या पारंपरिक समर्थन के सहारे भविष्य की राजनीति नहीं चलाई जा सकती।

निशांत कुमार के लिए जरूरी होगा कि वे सामाजिक समीकरणों की विरासत को समझते हुए उससे आगे बढ़ें। उन्हें यह साबित करना होगा कि उनकी राजनीति केवल किसी खास समूह या परिवार की पहचान तक सीमित नहीं है, बल्कि बिहार के व्यापक हितों से जुड़ी है। युवाओं, किसानों, महिलाओं, विद्यार्थियों, रोजगार की तलाश कर रहे लोगों और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं पर स्पष्ट ष्टिकोण विकसित करना उनके सार्वजनिक व्यक्तित्व को अधिक व्यापक बना सकता है।

मंत्री पद और राजनीतिक नेतृत्व में अंतर : सरकार में मंत्री पद मिलना किसी भी नेता के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, लेकिन मंत्री पद और पार्टी के सर्वोच्च नेतृत्व की भूमिका अलग-अलग होती है। मंत्री को अपने विभाग के कामकाज, योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रशासनिक जवाबदेही और जनता से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देना होता है। वहीं, किसी राजनीतिक दल का नेतृत्व संभालने के लिए संगठन, चुनावी रणनीति, गठबंधन, वैचारिक दिशा और आंतरिक मतभेदों के प्रबंधन की व्यापक समझ चाहिए।

इसलिए निशांत कुमार की राजनीतिक क्षमता का आकलन किसी पद या मंच पर उनकी उपस्थिति के आधार पर ही नहीं किया जाना चाहिए। उनकी वास्तविक कसौटी यह होगी कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन कितनी प्रभावशीलता से करते हैं, कार्यकर्ताओं से कैसा संवाद बनाते हैं और जनहित के मुद्दों पर उनकी भूमिका कितनी स्पष्ट होती है। किसी नए नेता से तत्काल अनुभवी राजनेता जैसी दक्षता की अपेक्षा करना भी न्यायसंगत नहीं होगा। राजनीतिक समझ समय और अनुभव से विकसित होती है।

विरासत से पहचान तक का सफर : निशांत कुमार के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि वे अपने पिता की राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी के रूप में पहचाने जाएंगे या अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान स्थापित कर पाएंगे। दोनों के बीच अंतर है। विरासत किसी व्यक्ति को एक स्थापित मंच प्रदान कर सकती है, लेकिन स्वतंत्र पहचान उसके विचारों, कार्यशैली और जनसंपर्क से बनती है।

समय देगा नेतृत्व की असली परीक्षा का जवाब : नीतीश कुमार की विरासत का प्रश्न बिहार की राजनीति में आने वाले समय तक चर्चा का विषय बना रह सकता है। निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में आने से यह बहस तेज हुई है कि जदयू नई पीढ़ी के नेतृत्व की ओर किस तरह बढ़ेगा। लेकिन अभी किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।

भारत की वैश्विक छवि को गंभीर नुकसान की आशंका

वरिष्ठ कॉरपोरेट प्रोफेशनल एवं सामाजिक और मानवाधिकार कार्यकर्ता रेयाज आलम ने अल जजीरा पर प्रसारित उन परेशान करने वाले दृश्यों पर गहरी चिंता और दुख व्यक्त किया है, जिनमें रेस कोर्स मस्जिद में शुक्रवार की नमाज अदा करते हुए लोग रोते और दुआ करते दिखाई दे रहे हैं। बताया गया है कि मस्जिद को लेकर सात दिनों का नोटिस जारी किया गया है, जिसके बाद वहाँ अनिश्चितता का माहौल है।

उन्होंने कहा कि ऐसे दृश्य भारत में धार्मिक स्वतंत्रता, संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और एक लोकतांत्रिक तथा विविधताओं वाले देश के रूप में भारत की दिशा पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

रेयाज आलम ने सवाल किया, जब परेशान नमाजियों, मस्जिदों पर मंडराते ध्वस्तीकरण के खतरे और धार्मिक भेदभाव के आरोपों से जुड़ी खबरें बार-बार अंतरराष्ट्रीय मीडिया में दिखाई देती हैं, तो दुनिया में भारत की क्या छवि बनती है जब मुस्लिम धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने और अल्पसंख्यकों की असुरक्षा की खबरें भारत के बारे में अंतरराष्ट्रीय चर्चा का लगातार हिस्सा बन रही हैं, तो हम दुनिया को क्या संदेश दे रहे हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी खबरें लगातार सामने आने से दुनिया में यह धारणा मजबूत हो सकती है कि भारत के नागरिक होने के बावजूद मुसलमानों को धीरे-धीरे दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा महसूस कराया जा रहा है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है, क्योंकि हमारा संविधान सभी नागरिकों को समानता, धार्मिक स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार देता है। सिर्फ भाषणों और कूटनीतिक मुलाकातों से भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि सुरक्षित नहीं रखी जा सकती।



रेयाज आलम

वरिष्ठ कॉरपोरेट प्रोफेशनल
सामाजिक एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता

राजनीतिक नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए रेयाज आलम ने कहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश यात्राओं पर जाते हैं, तो महात्मा गांधी का उल्लेख करते हैं, भारत को शांति और आध्यात्मिकता की धरती के रूप में प्रस्तुत करते हैं और मुस्लिम बहुल देशों के नेताओं के साथ मित्रता और सद्भाव का प्रदर्शन करते हैं। लेकिन दुनिया यह भी देख रही है कि भारत के भीतर क्या हो रहा है। गांधी जी का नाम केवल विदेशों में कूटनीतिक छवि चमकाने के लिए नहीं लिया जा सकता, जबकि सत्य, सहिष्णुता, अहिंसा और हर धर्म के प्रति सम्मान जैसे उनके मूल्यों को अपने ही देश में कमजोर किया जा रहा हो।

उन्होंने आगे कहा, किसी विदेशी नेता को गर्मजोशी से गले लगाने से उन आम लोगों के आँसू नहीं मिट सकते, जो अपने इबादत स्थल के छिन जाने की आशंका से परेशान हैं। न ही सजे-सँवरे कूटनीतिक कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, निवेशकों और दुनिया भर के आम नागरिकों के सवालों को खामोश कर सकते हैं। यदि भारत वास्तव में वैश्विक नेतृत्व के रूप में सम्मान पाना चाहता है, तो उसे अपने देश में भी बहुलवाद, आपसी सम्मान और सभी धर्मों के प्रति समान आदर का पालन करना होगा।

रेयाज आलम ने स्पष्ट किया कि यह मामला केवल किसी एक मस्जिद तक सीमित नहीं है। यह भारत के संवैधानिक वादे की विश्वसनीयता और करोड़ों नागरिकों के उस विश्वास से जुड़ा है कि उनकी धार्मिक पहचान के कारण उन्हें असुरक्षा, अपमान या भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा।

रेयाज आलम ने यह भी चेतावनी दी कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में लगातार नकारात्मक खबरें आने का असर भारत के आर्थिक हितों पर भी पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर के निवेशक केवल आर्थिक आँकड़ों को नहीं देखते, बल्कि राजनीतिक स्थिरता, सामाजिक सद्भाव, संस्थाओं की विश्वसनीयता और मानवाधिकारों से जुड़े जोखिमों का भी आकलन करते हैं। धार्मिक भेदभाव और सामाजिक विभाजन को लेकर लगातार उठने वाली चिंताएँ उन कंपनियों के लिए प्रतिष्ठा संबंधी जोखिम बढ़ा सकती हैं, जो पर्यावरण, सामाजिक जिम्मेदारी और सुशासन के मानकों का पालन करती हैं।

इसी तरह, असहिष्णुता की धारणा भारत की सॉफ्ट पावर यानी दुनिया में भारत के प्रति आकर्षण और प्रभाव को कमजोर कर सकती है। इससे अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं और निवेश को आकर्षित करने, पर्यटन को बढ़ावा देने तथा दूसरे देशों के साथ व्यावसायिक साझेदारी बनाने के प्रयास भी प्रभावित हो सकते हैं।

हालाँकि, किसी एक खबर से निवेश या पर्यटन का रुझान तय नहीं होता, लेकिन देश के सामाजिक वातावरण के प्रति विश्वास लगातार कमजोर होने से उसकी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा और आर्थिक अवसरों को धीरे-धीरे नुकसान पहुँच सकता है। उन्होंने सवाल किया, भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी सभ्यतागत विविधता रही है। अलग-अलग धर्मों, भाषाओं, संस्तियों और परंपराओं को साथ लेकर चलना हमारी कमजोरी नहीं, बल्कि हमारी सबसे बड़ी पूँजी है। फिर हम धार्मिक विभाजन और पूजा स्थलों को लेकर बार-बार उठने वाले विवादों को अपने देश की अंतरराष्ट्रीय पहचान पर हावी होने देकर इस विरासत को जोखिम में क्यों डालें

रेयाज आलम ने प्रधानमंत्री और संबंधित राज्य सरकारों से अपील की कि वे राजनीतिक भाषणों से आगे बढ़कर संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को ठोस कार्रवाई के माध्यम से साबित करें।

उन्होंने माँग की कि किसी भी धार्मिक स्थल से संबंधित नोटिस पर पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ, कानून के अनुसार कार्रवाई हो तथा उचित कानूनी प्रक्रिया और न्यायिक सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी आग्रह किया कि किसी भी समुदाय को सामूहिक असुरक्षा या भेदभाव का सामना न करना पड़े।

उन्होंने राजनीतिक नेतृत्व से यह समझने की अपील की कि असहज सवालों को दबाने या सवाल उठाने वालों की आलोचना करने से राष्ट्रीय गौरव नहीं बढ़ता। एक आत्मविश्वासी लोकतंत्र सवालों और आलोचना का स्वागत करता है, कमजोर समुदायों की रक्षा करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कानून सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू हो।

अपने वक्तव्य के अंत में रेयाज आलम ने कहा- दुनिया भारत का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं करती कि उसके प्रधानमंत्री विदेशों में क्या कहते हैं। दुनिया यह भी देखती है कि भारत में उसके नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। यदि हम चाहते हैं कि दुनिया भारत को महात्मा गांधी की धरती के रूप में देखे, तो हमें गांधी जी के मूल्यों को अपनी सड़कों, संस्थाओं और पूजा स्थलों पर भी अपनाना होगा। कोई भी सरकार अपने ही नागरिकों के डर और शिकायतों को अनदेखा करते हुए लंबे समय तक एक सहिष्णु वैश्विक शक्ति की छवि बनाए नहीं रख सकती। प्रत्येक नागरिक की गरिमा की रक्षा करना किसी समुदाय पर किया गया उपकार नहीं, बल्कि हमारा संवैधानिक कर्तव्य और भारत की महानता की बुनियाद है।

कौमुदी महोत्सव में कमल नयन श्रीवास्तव को साहित्य रत्न सम्मान

पटना (दैनिक नवसंदेश) बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा पटना जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कौमुदी महोत्सव में साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए साहित्यकार कमल नयन श्रीवास्तव को साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

पाटलिपुत्र परिषद् की ओर से आयोजित इस महोत्सव में पटना साहिब के विधायक एवं सत्तारूढ़ दल के सचेतक रत्नेश कुशवाहा ने कमल नयन श्रीवास्तव को सम्मान प्रदान किया।



बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा पटना जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कौमुदी महोत्सव में साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए साहित्यकार कमल नयन श्रीवास्तव को साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गयी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

सम्मान प्राप्त करने पर कमल नयन श्रीवास्तव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पाटलिपुत्र परिषद् और आयोजकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और इसके माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानवीय मूल्यों को संरक्षित किया जा सकता है। साहित्य न केवल समाज को सही दिशा देने का काम करता है, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्तिक विरासत और परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि साहित्य रत्न सम्मान मिलना उनके लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। ऐसे सम्मान साहित्यकारों को अपने दायित्वों के प्रति और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने साहित्य एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

सोनी सब के आगामी सिटकम 'चुड़ैल चली ससुराल' में हिबा नवाब बनेंगी एक प्यारी और दिल जीत लेने वाली चुड़ैल

मुंबई,/ पटना (दैनिक नवसंदेश) । सोनी सब अपने आगामी फैमिली सिटकम 'चुड़ैल चली ससुराल' के साथ दर्शकों के लिए हँसी, प्यार और जादुई उथल-पुथल से भरा मनोरंजन लेकर आने के लिए तैयार है। यह शो एक प्रिय कहानी को भारतीय अंदाज में पेश करता है, जिसमें रोजमर्रा के पारिवारिक पलों को जादुई और कल्पनात्मक दुनिया के साथ खूबसूरती से जोड़ा गया है। इस दिलचस्प कहानी के केंद्र में हैं अभिनेत्री हिबा नवाब, जो उर्वशी का किरदार निभाती नजर आएँगी। उर्वशी एक प्यारी और दिल जीत लेने वाली चुड़ैल है, जिसकी जादुई दुनिया से शादीशुदा जीवन तक की अनोखी यात्रा दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन लेकर आएगी।

'चुड़ैल चली ससुराल' उर्वशी की कहानी है, जो एक नेकदिल चुड़ैल है और अपने जादुई संसार से बढ़कर प्यार को चुनते हुए, आरव पटेल और उसके परिवार के साथ एक नई जिदगी की शुरुआत करती है। एक सामान्य इंसान की तरह जीवन जीने का संकल्प लेकर वह आगे बढ़ती है, लेकिन रोजमर्रा की कई परिस्थितियाँ उसके लिए आसान नहीं होतीं और वह अक्सर उनसे जूझती नजर आती है। उसकी नीयत हमेशा अच्छी होती है, लेकिन दूसरों की मदद करने के लिए समय-समय पर जादू का इस्तेमाल करने की उसकी आदत कई बार अप्रत्याशित और बेहद मजेदार उलझनों को जन्म दे देती है। एक ओर, जहाँ शो की पृष्ठभूमि एक स्नेहभरे पारिवारिक माहौल में बुनी गई है, वहीं दूसरी ओर इसमें एक मनमोहक जादुई दुनिया भी देखने को मिलेगी। यह शो हास्य, भावनाओं और फैंटेसी का खूबसूरत मिश्रण पेश करने का वादा करता है। उर्वशी के रूप में दर्शकों को चुड़ैल की एक बिल्कुल नई छवि देखने को मिलेगी, जो दयालु, प्यारी और अपने प्रियजनों को हमेशा खुद से पहले रखने वाली है।



अपने किरदार को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए, हिबा नवाब ने कहा, 'चुड़ैल चली ससुराल' के साथ सोनी सब परिवार में वापसी करना मेरे लिए बेहद खास एहसास है। उर्वशी के किरदार की जो बात मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई, वह यह है कि वह चुड़ैल की आम छवि से बिल्कुल अलग है। वह प्यारी, मासूम है और हमेशा अपने दिल की सुनती है।

डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजे गए समाजसेवी दीपक

हरनौत/ पटना (दैनिक नवसंदेश) । थावे विद्यापीठ द्वारा उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार स्थित परमार्थ ज्ञान मंदिर कनखल, सभागार में आयोजित हरिद्वार अधिवेशन सह दीक्षांत समारोह के दौरान नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड श्रीचंदपुर निवासी समाजसेवी दीपक कुमार को डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया ।

अधिवेशन सह दीक्षांत समारोह में थावे विद्यापीठ के कुलपति डा. विनय कुमार पाठक ,कुलाधिपति महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती , कुलसचिव डा. पीएस दयाल यति सहित विद्यापीठ के अधिकारियों के हाथों डॉक्टरेट की मानद उपाधि विद्यापीठ के पारंपरिक परिधान सफेद कुर्ता , पायजामा एवं भगवा स्कार्फ, विद्यापीठ के बैज एवं पट्टा लगाकर अलंकृत किया गया ।

थावे विद्यापीठ के कुलसचिव डा. पीएस दयाल यति ने कहा कि दीपक कुमार द्वारा किए गए महनीय शोधकार्य ,शैक्षिक कार्य प्रदेशों तथा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर थावे विद्यापीठ की अकादमिक परिषद की अनुशंसा पर दीपक कुमार को विद्यावाचस्पति की मानद उपाधि प्रदान की गई ।



थावे विद्यापीठ द्वारा उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार स्थित परमार्थ ज्ञान मंदिर कनखल, सभागार में आयोजित हरिद्वार अधिवेशन सह दीक्षांत समारोह के दौरान नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड श्रीचंदपुर निवासी समाजसेवी दीपक कुमार को डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया ।

अधिवेशन सह दीक्षांत समारोह में दीपक ने राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना विषय को केंद्रित कर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए । ज्ञात हो कि दीपक कुमार ने प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस मुम्बई से चाइल्ड प्रोटेक्शन में स्पेशल शिक्

सड़क हादसे में घायलों को सात दिनों तक 1.50 लाख तक कैशलेस इलाज

जिले के 36 अस्पताल योजना में सूचीबद्ध

मोतिहारी(एनएसबी)। सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को जिला परिवहन कार्यालय के तत्वावधान में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री राहत योजना (पीएम-राहत) को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें परिवहन, स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के पदाधिकारियों के साथ जिला आयुष्मान के नोडल पदाधिकारी तथा योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों के प्रतिनिधि शामिल हुएस कार्यशाला में बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के बाद पहले सात दिनों तक अधिकतम 150 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। इसका उद्देश्य दुर्घटना के बाद गोल्डन आवर में घायल को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर



कार्यशाला में जानकारी देते डीडीसी सीएस एवं डीटीओ।

उसकी जान बचाना हैस इस दौरान टीएमएस 20 पोर्टल पर दुर्घटना पीड़ितों के पंजीकरण, पुलिस सत्यापन, कैशलेस इलाज की प्रक्रिया, अस्पतालों की जिम्मेदारी और दावा निष्पादन से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने योजना का लाभ पात्र दुर्घटना पीड़ितों तक पहुंचाने के लिए संबंधित विभागों और अस्पतालों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया।

36 अस्पताल योजना में शामिल : जिले में पीएम-राहत योजना के तहत कुल 36 अस्पताल सूचीबद्ध हैं। इनमें सदर अस्पताल मोतिहारी, एसडीएच चकिया, ढाका, सीएचसी घोड़ासहन, हरसिद्धि, कल्याणपुर, केसरिया, पहाड़पुर, पताही, रामगढ़वा, छौड़ादानो, मेहसी, एसडीएच रक्सौल, आरएच अरेराज, तुर्कौलिया और सुगौली सहित सरकारी स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैंस इसके अलावा रहमानिया मेडिकल सेंटर, चंदना सर्जिकियर, उज्जवल सेवा सदन, सीता राम प्रसाद मेमोरियल, चंद्रा लाइफ लाइन हस्पिटल, सरयू हस्पिटल, नेपाल आंख अस्पताल, जलाल मेडिकल सेंटर, मेजर आई हस्पिटल, साची हस्पिटल, जे जे कनक हस्पिटल, आस्था नर्सिंग होम, ड़ एलबी प्रसाद हस्पिटल, शिवा आई हस्पिटल, स्टोन क्लिनिक, माधव संतति मल्टी स्पेशलिटी, शरण नर्सिंग होम, महेश्वर सिंह हस्पिटल एंड ट्रमा सेंटर एवं विराट रामायण इंस्टीट्यूट अफ मेडिकल साइंसेज भी योजना के तहत सूचीबद्ध हैं।मौके पर डीडीसी ड प्रदीप कुमार, सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार, डीटीओ सहित अनेक चिकित्सकगण एवं अधिकारी मौजूद थे।

महिला सशक्तीकरण की दिशा में चंद्रा लाइफलाइन फाउंडेशन की पहल

मोतिहारी(एनएसबी)। चंद्रा लाइफलाइन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की सामाजिक पहल से महिलाएं लगातार जुड़ रही हैं। संस्था की ओर से शुरू किए गए अभियान के पहले ही दिन बड़ी संख्या में महिलाओं ने इससे जुड़कर सामाजिक सेवा में योगदान देने का संकल्प लिया। इसी क्रम में आज चांदमारी स्थित एएन टीचिंग सेंटर में सदस्यता अभियान के तहत करीब 200 महिलाएं एवं शिक्षिकाएं संस्था के मिशन से जुड़ी हैं। संस्था की निदेशिका ड हेना चंद्रा ने बताया कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और शिक्षिकाओं के ज्ञान एवं मार्गदर्शन से सामाजिक सेवा के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। महिलाओं ने समाज के जरूरतमंद वर्गो तक सेवा एवं जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों को पहुंचाने में सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई। चंद्रा लाइफलाइन



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ड़ हेना चंद्रा ने कहा कि महिलाओं और शिक्षिकाओं का जुड़ाव संस्था के लिए उत्साहवर्धक है। उनका अनुभव, ज्ञान और सहयोग सामाजिक बदलाव के प्रयासों को नई दिशा देगा। उन्होंने संस्था से जुड़ने वाली सभी महिलाओं एवं शिक्षिकाओं का स्वागत करते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण के साथ समाज के विकास के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। संस्था के अनुसार, महिलाओं की बढ़ती भागीदारी सामाजिक सेवा एवं महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

एलएनडी कॉलेज में प्रथम सेमेस्टर का आंतरिक मूल्यांकन शुरू

मोतिहारी(एनएसबी)। शहर के एलएनडी कलेज में सोमवार से ितक सत्र 2026-30 के प्रथम सेमेस्टर का आंतरिक मूल्यांकन शुरू हुआ। पहले दिन सभी मेजर विषयों की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित की गई।महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ड. जौवाद हुसैन ने बताया कि 27 अक्टूबर को सभी एमआईसी विषयों, 28 अक्टूबर को सभी एमडीसी विषयों, 29 अक्टूबर को एईसी, 30 अक्टूबर को एसईसी तथा 31 अक्टूबर को वीएसी विषयों की परीक्षा होगीस महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी ड़ प्रभाकर कुमार ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए फीस रसीद लाना अनिवार्य है। परीक्षा को लेकर महाविद्यालय प्रशासन की ओर से आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

संक्षिप्त खबरें

दस लाख रंगदारी मांगने व मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

कल्याणपुर(एनएसबी)। दस लाख रुपये रंगदारी मांगने और मारपीट के मामले में दर्ज प्राथमिकी के दो नामजद अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान केसरिया थाना क्षेत्र के दरमाहा निवासी नवल किशोर ठाकुर एवं कमलेश ठाकुर के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, इस मामले में नामजद अभियुक्त अभिषेक कुमार उर्फ लड्डू सिंह को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। वहीं, प्राथमिकी में नामजद मुख्य अभियुक्त छोटन सिंह पर पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया हैसमामले में ध्रुव पकड़ी निवासी पीड़ित मनोज कुमार यादव ने थाने में आवेदन देकर 12 लोगों को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया है। पुलिस ने नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

दिवंगत पत्रकार रामसागर सिंह चंदेल को दी श्रद्धांजलि

पिपरा(एनएसबी)। पीपरा प्रेस क्लब में सोमवार को स्थानीय पत्रकारों की शोकसभा आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ पत्रकार दिवंगत रामसागर सिंह चंदेल के असामयिक निधन पर पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया। उपस्थित पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए पांच मिनट का मौन रखा और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में पत्रकारों ने पत्रकारिता के क्षेत्र में रामसागर सिंह चंदेल के योगदान को याद किया तथा उनके निधन को पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। साथ ही शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार एसके कश्यप, विनय भारद्वाज, अनिल सिंह, मानकेश्वर पांडेय, अनिल कुमार, मनोज पासवान सहित कई पत्रकार मौजूद थे।

एक नवंबर को लोकतंत्र बचाओ, अराजकता भगाओ के मुद्दे पर प्रदर्शन करेगी भाजपा

पीपराकोठी(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के सूर्यपुर में सोमवार को भाजपा कार्यसमिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रमोद कुमार शामिल हुए। इस दौरान संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की सफलता को लेकर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा चुनाव आयोग, सर्वोच्च न्यायालय और एसआईआर जैसी संवैधानिक प्रक्रियाओं एवं संस्थाओं को लेकर जनता के बीच भ्रम फैलाने और दुष्प्रचार करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों के विरुद्ध भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाएगीस विधायक ने बताया कि आगामी एक नवंबर को भाजपा की ओर से श्लोकतंत्र बचाओ, अराजकता भगाओश के मुद्दे पर प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने पार्टी के सभी पदाधिकारियों,



सूर्यपुर में भाजपा की बैठक में मौजूद विधायक प्रमोद कुमार व अन्य नेता।

कार्यकर्ताओं और समर्थकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। उन्होंने संगठन की एकजुटता और सक्रियता को पार्टी की मजबूती का आधार बतायास बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। मौके पर धीरज जायसवाल, रविंद्र सहनी, कुमार राजेश सिंह, गुड्डू सिंह, राजू सिंह पटेल, गौरीशंकर साह, गुंजन जायसवाल, दुखित राय सहित कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे

आपदा मित्रों को सिखाए जीवन बचाने के गुर सीपीआर और खोज-बचाव का कराया अभ्यास

दो दिवसीय कार्यशाला में बाढ़, भूकंप और आपात स्थिति से निपटने के तरीके बताए गए

पीपराकोठी(एनएसबी)। आपदा के समय लोगों की जान बचाने और राहत कार्यो को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को स्थानीय जिला आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला शुरू हुई। सेल्सफोर्स के सहयोग से बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में आपदा मित्र स्वयंसेवकों को जीवन रक्षा, प्राथमिक उपचार और खोज-बचाव का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन आपदा प्रबंधन के प्रभारी पदाधिकारी एवं सीनियर डिप्टी कलेक्टर विकास कुमार, एसडीआरएफ टीम लीडर ष्ण कुमार, प्रोग्रामर इंजीनियर गोविंद, सदर अस्पताल के ड़ मुकेश कुशवाहा, ड़ शफी इमाम और बाल रक्षा भारत के असीम मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आपदा प्रबंधन के प्रभारी पदाधिकारी विकास कुमार ने कहा कि बाल रक्षा भारत और जिला आपदा



सोमवार को स्थानीय जिला आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला शुरू हुई।

प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से मोतिहारी प्रखंड के 20 गांवों और 40 विद्यालयों में आपदा से बचाव की तैयारी तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए काम किया जा रहा है। प्रशिक्षित आपदा मित्र गांवों और विद्यालयों में बच्चों, शिक्षकों एवं आम लोगों को आपदा से बचाव के प्रति जागरूक करेंगे। 26 और 27 अक्टूबर तक चलने वाली कार्यशाला में प्राथमिक उपचार, सीपीआर, खोज एवं बचाव, सुरक्षित निकासी, आश्रय प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सदर अस्पताल की टीम ने सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार का मक ड्रिल कराया, जबकि एसडीआरएफ की टीम ने खोज-बचाव और आश्रय प्रबंधन का व्यावहारिक अभ्यास कराया। बाढ़ और भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान त्वरित एवं सुरक्षित कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला का संचालन बाल रक्षा भारत के हामिद रजा और सत्य प्रकाश ने किया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार को अगिशमन विभाग की ओर से आग से बचाव और अगि सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

पति-पत्नी के अटूट प्रेम,समर्पण और सुखी वैवाहिक जीवन का प्रतीक है करवा चौथ

मोतिहारी (एनएसबी)। संकष्टी श्रीगणेश चतुर्थी का वत एवं सौभाग्यवती स्त्रियों में अत्यंत लोकप्रिय करक चतुर्थी अर्थात् करवा चौथ का वत 29 अक्टूबर गुरुवार को किया जाएगा। इस दिन चन्द्रोदय रात्रि 07रू57 बजे के बाद चन्द्रमा के दर्शन हो जाने पर परम्परागत तरीके से चन्द्रार्घ्य देकर तथा वत से संबंधित पूजन कर इसे विधिवत संपन्न किया जाएगा। करवा चौथ का वत कार्तिक ष्णपक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी को मनाया जाता है। इस पर्व पर विवाहित स्त्रियाँ पति की लम्बी उम्र,अच्छे स्वास्थ्य,यश एवं अपने अखंड सौभाग्य की कामना से निराहार व निर्जला रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करतीं हैं और उदय होने पर चंद्रमा को अर्घ्य समर्पित कर पति के हाथ से जल ग्रहण करने के उपरांत ही भोजन करतीं हैं। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दीस उन्होंने बताया कि इस दिन भगवान शिव,माता पार्वती,कार्तिकेय,गणेश और चन्द्रदेव का पूजन किया जाता है। चंद्रमा को आयु वृद्धि और शीतलता का कारक माना जाता है। इसीलिए ऐसी मान्यता है कि चंद्रमा की पूजा करने से आयु में वृद्धि होती है तथा वैवाहिक जीवन सुखमय रहता है। निष्कर्षतः यह वत पति-पत्नी के अटूट प्रेम,विश्वास,समर्पण और सुखी वैवाहिक जीवन का प्रतीक है।



सुशील कुमार पाण्डेय।

हरसिद्धि में भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

स्कर्पियो और ट्रैक्टर की टक्कर में दो गंभीर रूप से घायल, निजी अस्पताल में भर्ती

तुरकौलिया(एनएसबी)। हरसिद्धि थाना क्षेत्र के गायघाट के समीप रविवार की रात अनियंत्रित ट्रैक्टर और स्कर्पियो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में स्कर्पियो सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान अंकित और शुभम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि चारों युवक आपस में दोस्त थे और एक ही गांव के रहने वाले थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए मोतिहारी ले जाया जा रहा था। इसी दौरान अंकित और शुभम ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी भेज दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

कल्याणपुर(एनएसबी)। सिसवा खरार पंचायत के मननपुर गांव में पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान मननपुर निवासी राजकुमार साह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राजकुमार साह के पास चोरी की मोटरसाइकिल है। सूचना के आधार पर पुलिस मननपुर गांव स्थित मिल के समीप पहुंची। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस बल ने पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान मोटरसाइकिल के कागजात मांगे जाने पर आरोपी ने कथित रूप से फर्जी कागजात प्रस्तुत किए। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसने करीब एक वर्ष पूर्व उक्त मोटरसाइकिल संतोष चौधरी से 10 हजार रुपये में खरीदी थी। पुलिस ने राजकुमार साह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले में दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया जाता है कि जुलाई माह में भी मननपुर गांव से पुलिस ने मोटरसाइकिल व चोरी की बाइक के पार्ट्स बरामद किए थे। पुलिस के अनुसार चोरी की मोटरसाइकिल को अलग-अलग कर उसके उपयोगी पार्ट्स साथियों को दिए जाते थे, जबकि खराब पार्ट्स कबाड़ में बेच दिए जाते थे। उस मामले में भी एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई थी।

पहाड़पुर में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का अभियान, दो स्थानों पर खाली कराई गई जमीन

पहाड़पुर(एनएसबी)। थाना क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई की। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार एवं अंचलाधिकारी रामसेवक पासवान की मौजूदगी में बतरौलिया और बनकटवा गांव में संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटवाया गया। दोनों स्थानों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रशासन की ओर से बतरौलिया एवं बनकटवा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई विधिवत संपन्न कराई गई। इस दौरान अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। कार्रवाई के दौरान कहीं से भी विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने या किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।प्रशासनिक निगरानी में संपन्न हुई कार्रवाई अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रशासन की ओर से शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखी गई। दोनों स्थानों पर कार्रवाई शांतिपूर्ण रहने से प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस अभियान में पहाड़पुर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार एवं अंचलाधिकारी रामसेवक पासवान की मौजूदगी प्रमुख रही।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

रक्सौल(एनएसबी)। अनुमंडल के आदापुर के जंगी भगत उच्च माध्यमिक.2 विद्यालय में सोमवार को सुरक्षित बचपन अभियान के तहत छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान 26 से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है।कार्यक्रम प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर आयोजित किया गया। अध्यक्षता जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी ने की। पहले दिन छात्राओं को च्ब्ै एक्ट 2012 और बाल सुरक्षा के मुद्दों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।कार्यक्रम में छात्राओं को यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार से सुरक्षित रहने तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों, बच्चों के अधिकारों और व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गयास छात्राओं को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श में अंतर समझाया गया। किसी भी असहज परिस्थिति में बिना डर के माता-पिता, शिक्षक या विश्वसनीय व्यक्ति को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि शोषण को छिपाना नहीं, बल्कि सहायता लेना जरूरी है।छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, प्रयास हेल्पलाइन 9289692023 और जस्ट राइट्स फर चिल्ड्रेन हेल्पलाइन 18001027222 की भी जानकारी दी गई। सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और अनजान लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी गईस मौके पर प्रधानाध्यापक आर के भारती, सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता, अभिषेक कुमार, आशीष कुमार, उमेश कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और सैकड़ों छात्राएं मौजूद रहीं।

निर्माण की समय सीमा खत्म, दो माह बाद भी अधूरा पंचायत सरकार भवन, 2.81 करोड़ रुपये से होना है निर्माण

■ निर्माण में देरी से उठ रहे सवाल



जंग के हवाले सरीया।



एकरारनामा बोर्ड।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र की महारस पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के दो माह बाद भी पूरा नहीं हो सका है। भवन का आधा निर्माण कार्य भी अब तक पूरा नहीं हुआ है। इससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर मिलने वाली सरकारी सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। सरकार की ओर से ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही विभिन्न सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है। भवन बनकर तैयार होने के बाद लोगों को जाति, आय और आवासीय प्रमाणपत्र सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने से राहत मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्यों के निष्पादन में भी सहूलियत होगी। लेकिन निर्माण में हो रही देरी से ग्रामीणों को इन सुविधाओं के लिए अभी भी प्रखंड कार्यालय पर निर्भर रहना पड़ रहा है। निर्माण स्थल पर लगे सूचना पट्ट के अनुसार, पंचायत सरकार भवन निर्माण योजना की एकरारनामा राशि 2 करोड़ 81 लाख 52 हजार 938 रुपये है। निर्माण कार्य 20 जून 2025 को शुरू हुआ था और इसे 19 अगस्त 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। निर्माण की जिम्मेदारी एमडीएस इंफ्रा निर्माण प्राइवेट लिमिटेड को सौंपी गई है। योजना का कार्यकारी विभाग स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, सहरसा है। निर्धारित समय सीमा बीतने के बावजूद भवन का निर्माण अधूरा रहने से योजना के क्रियान्वयन पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग के अधिकारी मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाएंगे, ताकि जल्द से जल्द पंचायत सरकार भवन का लाभ मिल सके। हालांकि, निर्माण में देरी के कारणों और कार्य पूरा होने की नई समय सीमा को लेकर विभाग का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है।

सहरसा में पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या

जांच करने पहुंचे एसपी, बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली, पुरानी रंजिश में वारदात की आशंका, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य



मृतक पूर्व मुखिया।



घटना स्थल पर जांच करते एसपी।



मृतक को देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के सरबेला-मुबारकपुर सड़क मार्ग पर सोमवार को हरेवा पंचायत के पूर्व मुखिया जावेद इकबाल उर्फ गुड्डू की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही सहरसा के एसपी विक्रम सिहाग मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

पुलिस के अनुसार, जावेद इकबाल उर्फ गुड्डू सरबेला गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या का मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस को प्रथम दृष्टया एक संदिग्ध अभियुक्त के बारे में जानकारी मिली है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने जल्द गिरफ्तारी किए जाने की बात कही। घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल की जांच कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। इस दौरान सिमरी बख्तियारपुर के एसडीपीओ निशिकांत भारती, बनमा ईटहरी थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी, एसआई रितेश कुमार, साकेत बिहारी समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर मामले की जांच कर रही है। फोरेंसिक जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

दुर्गा मंदिर परिसर में भव्य महादेव मंदिर के निर्माण को लेकर हुआ भूमिपूजन



भूमिपूजन करवाते आचार्य सुमन झा।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। नगर पंचायत के मुख्य बाजार स्थित दूर्गा मंदिर परिसर में लाखों की लागत से भव्य महादेव मंदिर के निर्माण को लेकर हुआ भूमिपूजन। मंदिर निर्माण कार्य को लेकर सोमवार को आचार्य सुमन झा के अगुवाई में वैदिक मंत्रोचारण के बीच विधि विधान से भूमि पुजन किया गया। मशक बाजा की धून व शंख की आवाज से समस्त क्षेत्र का माहौल गुजायमान हो गया। भूमि पुजन उपरांत मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मौके पर मंदिर कमेटी के सचीव अजय सिंह ने बताया की मंदिर का निर्माण समस्त नगर क्षेत्र के ग्रामीणों के श्रम व धन दान से किया जाएगा।इसमे हर कोई स्वंय श्रमदान या धन दान कर पुण्य का लाभ ले सकते है। भूमि पुजन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर नगर अध्यक्ष मनीष कुमार, कपिलेश साह, शंकर झा, पैक्स अध्यक्ष यशवंत सिंह बुलबुल, विवेक झा, नवीन सिंह, सुनील सम्राट, गिरिश सिह, रमण झा समैत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनें भाई परमेश्वर, कोसी कमिश्नरी में शिव के शिष्य एवं शिष्याओं में खुशी की लहर



परमेश्वर राय।

सहरसा शहर (एनएसबी)। शिव शिष्य बधवा गांव निवासी परमेश्वर राय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर सम्पूर्ण कोसी क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। वही बधाई व शुभकामना व्यक्त करने वाले शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। ज्ञात हो कि शिव शिष्यता के सूत्रधार साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी के स्मृति स्थल उपवन रांची झारखंड में रविवार को शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के न्यासी एवं अध्यक्षा बरखा आनन्द की उपस्थिति एवं सहमति पर पुरी श्रृष्टि में शिव शिष्यता को जन जन तक पहुंचाने के लिए वृहद चर्चा का आयोजन किया गया। बैठक में साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी एवं दीदी मां नीलम आनन्द के आदर्शों पर चलकर शिव के गुरु स्वरुप की कैसे व्याप्ति हो।इस विषय पर सदस्यों ने गहन मंथन किया।संस्था के कार्यकलाप को विस्तार देने के लिए न्यासियों को नए सिरे से प्रभार दिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अंचल क्षेत्र के बधवा गांव निवासी परमेश्वर राय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित साहब श्री के आप्त सचिव अर्चित आनन्द उर्फ अणु भैया, फाउंडेशन के अध्यक्षा बरखा आनन्द, अभिनव आनन्द सहित सभी न्यासियों ने उपाध्यक्ष को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यालय रांची उपवन में न्यासियों की बैठक में परमेश्वर राय को दायित्व सौंपे जाने के वाद कोसी कमिश्नरी में शिव के शिष्य एवं शिष्याओं में खुशी की लहर देखी गई।उपाध्यक्ष मनोनयन पर लोगों ने बताया कि 1992 ई० में साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी के एक पोस्टर को पढ़कर भगवान शिव को गुरु मानने के वाद भाई परमेश्वर ने 34 वर्षों से लगातार सम्पुर्ण भारतवर्ष सहित विदेशों में लोगों को शिव का शिष्य बनाने में अपनी त्याग, समर्पण का परिचय देते हुए संस्था के प्रति एकनिष्ठ रहें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनयन पर सुपौल से वालकृष्ण झा, मोहन जी, अंजनी ठाकुर, मधेपुरा से राजकुमार, राजेश, प्रणव, सहरसा से चन्दन मुखिया,किशन रजक, जटाशंकर ठाकुर, भीम पंडित आदि ने कहा कि मुख्यालय ने जो सहरसा पर भरोसा दिखाया उससे शिव कार्य विस्तार में और अधिक बल मिलेगा।

मासिक कार्ययोजना को लेकर आजाद युवा विचार मंच की बैठक आयोजित



बैठक में मंच के कार्यकर्ता।

सहरसा शहर (एनएसबी)। आजाद युवा विचार मंच के तत्वावधान में संगठन के द्वारा चलाए जा रहे गतिविधियों एंव कार्ययोजना को लेकर अधिवक्ता विनोद झा की अध्यक्षता एवं मंच के वरीय उपाध्यक्ष रघुवंश झा के संचालन में कोशी रोड अवस्थित मंच कार्यालय पर आयोजित की गई। अध्यक्ष अशोक झा लाल एवं मंच के संरक्षक मंडल सदस्य गजमोहन झा, मिथलेश झा, पिंटू तिवारी, रिंकु मिश्रा, विजय कुमार झा कि उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा, एवं स्वरोजगार को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। जिसमें मंच कार्यकारणी के सदस्य, प्रमोद कुमार झा, मृत्युंजय कुमार, अंशु मिश्रा, प्रणव कुमार, संजीव कुमार झा, शिशिर कुमार बौवा, श्यामल किशोर, शैलेश कुमार झा, द्वारा नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा, एवं स्वरोजगार पर महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए मासिक स्तर पर कार्ययोजना तैयार किया गया जिसमें महिने के 1 ता० से 7 ता० में मासिक बैठक, मासिक कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अभियान समिति का गठन एवं शाशन प्रशासन को ज्ञापन, 8 ता० से 14 ता० में स्कूल, कालेज, एवं कोचिंग संस्थानों में जागरूकता अभियान, युवाओं एवं महिलाओं कि बैठक, 15 ता० से 22 ता० में नशामुक्ति परामर्श शिविर एवं प्रभावित परिवारों को गोपनीय सहयोग, 23 ता० से 30 ता० में जनजागरण पदयात्रा, समीक्षा बैठक एवं सार्वजनिक रिपोर्ट प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा, एवं स्वरोजगार के लिए इस जागरुकता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने हेतु मंच द्वारा जल्द ही एक मोबाइल न० जारी किया जाएगा जिसके माध्यम से अन्य लोग भी इस अभियान में मंच के साथ जुड़ सकेंगे। बैठक में मंच के सुरज कुमार, अमित चैधरी, चुन्नू , भुषण झा, चन्दन कुमार, लालू कुमार, नितेश कुमार, रितेश कुमार, राजू कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

शरद पूर्णिमा सह वाल्मीकी जयंती समारोह आयोजित,

शरद पूर्णिमा का वैज्ञानिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व : डॉ. मुरारी कुमार



शाखा मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ।

सहरसा शहर (एनएसबी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा मे पहुंचने पर स्वयंसेवकों को अपार हर्ष की अनुभूति होती है। संघ को जानना व समझना है तो शाखा में आना पड़ेगा, इसमे रमना पड़ता है।तब जाकर समझ आएगी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्या है। उक्त बातें शरद पूर्णिमा व वाल्मिकी जयंती के अवसर पर नया बाजार सराही बायपास रोड अवस्थित हनुमान सायं शाखा में आयोजित बौद्धिक के दौरान जिला सेवा प्रमुख डा मुरारी कुमार ने कही।उन्होने कहा कि जिसने परिवार के कार्य में अपना योगदान नहीं दिया।परिवार के भरण पोषण में परिवार को चलाने में जिसने थोड़ा सा भी अपना उत्तरदायित्व का योगदान नहीं किया। वह समाज और राष्ट्र के लिए कुछ भी योगदान नहीं दे सकता है। उत्तरदायित्व निर्वहन हेतु संघ के स्वयंसेवक समर्पित भाव से स्वयं अब जाग कर हमको जगाना है देश है अपना जगाना देश है अपना।उन्होने कहा कि शरद पूर्णिमा का वैज्ञानिक, आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व है।

वैज्ञानिक रूप से आज के दिन सबसे बड़ा भौगोलिक परिवर्तन आज पृथ्वी से सबसे ज्यादा नजदीक चंद्रमा होती है। साल भर में सबसे ज्यादा नजदीक चंद्रमा पृथ्वी के नजदीक आज के दिन शरद पूर्णिमा के दिन आता है। इस दिन जो खीर बना हुआ है चावल है मखान है दूध है। उस पर जब चंद्रमा की किरण पड़ती है उसके मेल से गर्मी के वजह से पित्त के प्रकोप का शमन होता है।इस दौरान खीर बनाकर खुले आकाश के नीचे रखा गया जहां कार्यक्रम के पश्चात स्वयंसेवकों के बीच अमृत रूपी खीर प्रसाद का वितरण किया गया। उन्होने कहा आज की चंद्रमा को जब हम निहारेंगे तो आंखों की रोशनी बढ़ेगी। प्रखर रूप से चंद्रमा की रोशनी में यौवनता में वृद्धि होती है। पृथ्वी माता है चंदा मामा है आज मामा सबसे ज्यादा नजदीक है। संघ के उत्सव में शरद पूर्णिमा उत्सव का बहुत ही महत्व है। चंद्रमा मन का देवता है। मन की गति चंचल होती है। उसमें को शांति प्रदान करने के लिए हम चंद्र देव की पूजा करते हैं।उन्होने कहा कि सृष्टि के सबसे पहले कवि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि का जन्म दिवस आज ही के दिन हुआ था। जिन्होने अपने नायक भगवान राम को जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी का भाव व्यक्त कराया। डॉ मुरारी कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय संघ सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपरांत संघ के द्वारा पांच परिवर्तन के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन हेतु कार्य निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत नागरिक कर्तव्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आज संविधान द्वारा प्रदत मौलिक अधिकारों की ही बात हो रही है लेकिन नागरिक कर्तव्य के प्रति कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण अराजक स्थिति उत्पन्न हो रहा है। दूसरा स्वदेशी, तीसरा कुटुंब प्रबोधन, चैथा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के लिए स्वयंसेवक घर-घर जाकर जागरुक कर रहे हैं ।इस मौके पर नगर संघचालक इंजीनियर रामेश्वर ठाकुर, नगर कार्यवाह श्रवण, मुख्य शिक्षक आदर्श कुमार प्रार्थना वाचक पीयूष कुमार, शाखा पालक हरी शेखर मिश्रा, नवीन कुमार, मुख्य शिक्षक शंकर प्रभात शाखा सुभाष अग्रवाल, संजय तुलस्यान, अमृत सागर, रवि कुमार संस्कार भारती एवं अन्य स्वयंसेवक एवं शिशु स्वयंसेवक भी भारी संख्या में मौजूद थे।

नवविवाहिता पूनम की हत्या के मामले में पति समेत सात पर मामला दर्ज, जीवछ पोखर में मिला था शव

मां ने दर्ज कराई मामला, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के विराटपुर स्थित मां चंडी मंदिर परिसर के जीवछ पोखर में नवविवाहिता पूनम कुमारी का शव मिलने के मामले में अब उसकी मां ने सोनवर्षा राज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। कांड संख्या 215/26 के तहत दर्ज मामले में मृतका के पति विभीषण यादव सहित ससुराल पक्ष के सात लोगों को नामजद किया गया है। मायके वालों ने घरेलू विवाद में पूनम की हत्या कर शव पोखर में फेंकने की आशंका जताई है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतका की पहचान खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र के नारदपुर गांव वार्ड संख्या 4 निवासी बबलू यादव की बेटी पूनम कुमारी (19) के रूप में हुई थी। उसकी शादी 26 अगस्त 2026 को जम्हरा गांव वार्ड संख्या 11 निवासी



मृतक नवविवाहिता पूनम।

विभीषण यादव के साथ चंडी स्थान मंदिर परिसर में दोनों परिवारों की सहमति से हुई थी। शुक्रवार की रात पूनम का शव पोखर से बरामद किया गया था। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद मायके वाले शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने गांव ले गए। शव मिलने के बाद से ससुराल पक्ष के सदस्यों के फरार होने की बात भी सामने आई है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर घरेलू विवाद होता था। परिजनों को आशंका है कि इसी विवाद में पूनम की हत्या कर शव पोखर में फेंक दिया गया, ताकि घटना को डूबने से हुई मौत का रूप दिया जा सके। हालांकि, हत्या के आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि मौत के स्पष्ट कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। प्राथमिकी में नामजद लोगों के खिलाफ लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है।

दीपावली एवं छठ महापर्व की साफ-सफाई व तैयारियों को लेकर विशेष बैठक



बैठक में महापौर, नगर आयुक्त, व वार्ड पार्षद।

सहरसा शहर (एनएसबी)। नगर निगम के नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा के कक्ष में आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व के सफल, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर एक विशेष बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में महापौर बैन प्रिया संजीव झा, उपमहापौर गुड्डू हयात, सम्मानित वार्ड पार्षदगण एवं पार्षद प्रतिनिधिगण तथा नगर निगम के कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर शहर की साफ-सफाई, छठ घाटों की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, जलनिकासी एवं आम नागरिकों की सुविधाओं को लेकर आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई, ताकि श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों को पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर निगम, सहरसा सभी नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

सोनवर्षा के 19 पंचायतों में आठ में ही श्मशानघाट, सड़क किनारे अंतिम संस्कार की मजबूरी



सड़क किनारे श्मशानघाट।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड की 19 पंचायतों में मात्र आठ पंचायतों में ही सरकारी श्मशानघाट चिह्नित हैं। इनमें भी कई अतिक्रमण की चपेट में हैं। सरकारी श्मशानघाट की समुचित व्यवस्था नहीं होने से खासकर भूमिहीन परिवारों को मृत परिजनों के अंतिम संस्कार में परेशानी उठानी पड़ रही है। कई जगहों पर सड़क किनारे, नहर तट या सुरसर नदी के किनारे दाह संस्कार करना मजबूरी बन गया है। विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि इस दिशा में कोई ध्यान नहीं देते हैं जिससे आमजनों को परेशानी होती है। पंचायतों में मुक्तिधाम निर्माण के लिए पंद्रहवीं वित्त आयोग, मनरेगा और वीभी रामजी योजना के तहत प्रावधान होने के बावजूद अपेक्षित पहल नहीं हो रही है। वहीं, निजी जमीन वाले परिवार अपने खेत या बगीचे में अंतिम संस्कार कर लेते हैं, लेकिन भूमिहीन परिवारों के सामने संकट बना रहता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए करीब 38 कब्रिस्तान चिह्नित हैं। लोगों को राहत देने के लिए सभी पंचायतों में श्मशानघाट की व्यवस्था और अतिक्रमण हटाने की जरूरत है।

जिला अवर निबंधन कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन, कंप्यूटर आपरेटर के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें विभाग: रंजीत कुमार झा



धरना-प्रदर्शन करते जिला अवर निबंधन।

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिला अवर निबंधन कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार द्वारा निबंधन कराने वाले लोगों के साथ अभद्र भाषा एवं अमर्यादित व्यवहार करने के विरोध में सोमवार को निबंधन कार्यालय में मौजूद आम लोग एवं कातिबों ने निबंधन कार्यालय के गेट पर घंटों धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर को निलंबित करने एवं उन्हें तत्काल यहां से हटाने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। साथ ही धरना दे रहे लोगों का नेतृत्व कर रहे रंजीत कुमार झा ने बताया कि लोग रजिस्ट्री का प्रोसेस कराने के लिए जब ऑफिस पहुंचते हैं तो वहां तैनात ऑपरेटर राहुल कुमार जनता के साथ बेहद आपत्तिजनक एवं अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करते हैं। यह उनका प्रतिदिन का व्यवहार सा हो गया है।

सोमवार को भी उन्होंने जानकारी लेने पहुंचे लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया। जिसके बाद स्थानीय लोग उत्तेजित होकर धरना पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं एवं तत्काल उसे हटाने की मांग पर डटे हैं। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी मोबाइल के माध्यम से अवर निबंधक पदाधिकारी को भी दी गयी है।धरना-प्रदर्शन कारियों ने आरोप लगाया कि ऑपरेटर राहुल कुमार पिछले चार वर्षों से एक ही जगह पर बैठा है। जब से कार्य व्यवस्था पेपरलेस हुई है, तब से उसकी मनमानी एवं चांदी काटने का सिलसिला और बढ़ गया है। शिकायतकताओं का कहना है कि जब उन्होंने काम में देरी का कारण पूछा एवं जनता के काम जल्दी करवाने की बात कही, तो ऑपरेटर ने गुस्से में आकर जिले की जनता को खुलेआम गालियां दी।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह अपमान किसी एक व्यक्ति का नहीं है बल्कि पूरे सहरसा जिले की आम जनता का है। प्रदर्शन कारियों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि जब तक आरोपी ऑपरेटर की गिरफ्तारी, निलंबन एवं जिले से तबादला नहीं किया जाता तब तक उनका यह धरना एवं विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा।इसको लेकर अवर निबंधन पदाधिकारी सदर सीमा कुमारी ने कहा कि धरना की जानकारी उन्हें अवश्य मिली है लेकिन इसके पीछे कारण क्या है इसकी विस्तृत जानकारी अब तक अप्राप्त है।दोनों पक्षों से वह जानकारी लेकर न्यायसंगत उचित कार्रवाई करेंगी।इस दौरान माही नारायण पोद्दार,शंभू नाथ झा, चिरंजीव झा,ओमप्रकाश गुप्ता,अवधेश लाभ,नवीन कुमार वर्मा, मनोज यादव, सुशील लाल, योगेश्वर यादव, वीरेंद्र प्रसाद, निशांत कुमार, छोटे लाल यादव, परमेश्वरी राम, सुशील कुमार सुमन सहित दर्जनों लोग धरना पर बैठे रहें।

नाम परिवर्तन

शपथ पत्र

मैं सलिता देवी पति किशोर राम ग्राम पहलाम वार्ड नं 15 पो. पहाड़पुर थाना बनमा इटहरी जिला सहरसा घोषणा करती हूं कि मैं पूर्व में रीनया देवी के नाम से जानी जाती थी। अब मैं सलिता देवी के नाम से जानी जाती हूं। श.प.सं. 16489/22.10.26

संक्षिप्त खबरें

छह बोतल शराब के साथ युवक गिरफ्तार

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के पसराहा ढ़ाला के समीप पुलिस ने एक युवक को छह बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पितोंझिया गांव निवासी अशोक चौधरी के पुत्र संजीत कुमार के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पसराहा ढ़ाला के पास गश्त कर रहे अवर निरीक्षक बल्लू चौधरी ने एक बस से उतरे युवक को पीठ पर बैग लादे हुए संदिग्ध अवस्था में देखा। पुलिस बल ने तुरंत उसे रोककर जब उसके बैग की तलाशी ली, तो उसमें से म्यूजिक मोमेंट कंपनी की सात सौ पचास एमएल की छह बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी युवक को मौके से ही हिरासत में ले लिया गया था। पुलिस ने उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में खगड़िया भेज दिया है। पुलिस इस मामले में आगे की अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है और क्षेत्र में अवैध शराब तस्करों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है ताकि इस तरह की गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

छात्राओं के अधिकारों के बारे में दी गयी जानकारी

बेलदौर। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक उच्च विद्यालय दिघोन में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा और किसी भी प्रकार के शोषण से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान बेलदौर थाने के अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बाल अधिकारों और यौन शोषण से बचाव के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को किसी भी संदिग्ध या अनुचित व्यवहार के प्रति सतर्क रहने, अपनी सुरक्षा को हमेशा प्राथमिकता देने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में बिना डरे अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस अधिकारियों को तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसआई विकास कुमार, महिला सिपाही प्रीति कुमारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सरविंद कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक कुंदन कुमार, अगि देव कुमार, प्रताप आनंद, रूबी कुमारी, साक्षी कुमारी, प्रहलाद कुमार, भीमसेन, रेणु कुमारी सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बेलदौर पुलिस ने फरारी के घर इश्तिहार चस्पा किया

बेलदौर। बेलदौर पुलिस ने पीरनगरा पंचायत शिशवा बहियार पहुंचकर पुलिस पर गोली चलाने के मामले में फरार आरोपी बादल कुमार के घर पर इश्तिहार चस्पा किया है। इस दौरान पुलिस ढोल-नगाड़े के साथ आरोपी के घर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया के तहत इश्तिहार चिपकाकर परिजनों को निर्धारित समय के भीतर



-पुलिस पदाधिकारी।

न्यायालय या थाने में आरोपी को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेश का पालन न करने पर आरोपी के घर की कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, फरार आरोपी बादल कुमार के खिलाफ बेलदौर थाने में कांड संख्या 399ध्24 दर्ज है। इस मामले में बादल कुमार सहित कुल पांच युवकों को नामजद आरोपी बनाया गया है।

विद्यालय के बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जिले के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं वाले विद्यालयों में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत खगड़िया जिले के विभिन्न विद्यालयों में पक्सो एक्ट 2012, बाल अधिकार, बाल विवाह एवं साइबर अपराध विषय पर 26 से 31 अक्टूबर तक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को को जिले के विभिन्न प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों में बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत लाल बाबू इंटर विद्यालय, खगड़िया में आयोजित जागरूकता शिविर की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव चंदन कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए बाल सुरक्षा, बच्चों के कानूनी अधिकारों, यौन अपराधों से संरक्षण तथा किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री चंदन कुमार ने बताया कि सुरक्षित बचपन अभियान राष्ट्रीय स्तर पर संचालित एक महत्वपूर्ण विद्यालय जागरूकता अभियान है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण, उनके



-संबोधित करते जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव।

कानूनी अधिकारों तथा सुरक्षित वातावरण में जीवन जीने के महत्व से अवगत कराना है। अभियान का मूल संदेश है जागरूकता, सुरक्षा और संरक्षण"हर बच्चे का अधिकार तथा हर बच्चे का बचपन, हम सबकी जिम्मेदारी। लाल बाबू इंटर विद्यालय, खगड़िया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एमडीएम), अनामिका कुमारी, बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी प्रियंका कुमारी,सनोज कुमार सिंह, दीपक कुमार, सीमा, रत्नेश कुमार पटेल ने भी बच्चों को संबोधित किया। वक्ताओं ने बच्चों को पक्सो अधिनियम, 2012, बाल अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा, सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श, बाल शोषण की पहचान, साइबर अपराधों से बचाव तथा बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बच्चों को बताया कि किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार अथवा असुरक्षित परिस्थिति का सामना करने पर चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी भरोसेमंद वयस्क को इसकी जानकारी देनी चाहिए तथा जरूरत पड़ने पर संबंधित सक्षम प्राधिकार से सहायता प्राप्त करनी चाहिए। चंदन कुमार ने कहा कि पक्सो अधिनियम, 2012 अठारह वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण कानून है। इस कानून के प्रावधानों की जानकारी बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों एवं अभिभावकों को होना भी आवश्यक है, ताकि बच्चों के प्रति किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार की पहचान की जा सके और समय पर उचित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ अपनी समस्याएं साझा करने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में बच्चों को अनलाइन ठगी, साइबर उत्पीड़न, सोशल मीडिया के दुरुपयोग तथा अनजान व्यक्तियों के साथ निजी जानकारी, पासवर्ड अथवा तस्वीरें साझा करने से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध अनलाइन गतिविधि की जानकारी अपने अभिभावकों या संबंधित सक्षम प्राधिकार को देने की सलाह दी गई। उन्होने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया का प्रयास है कि सुरक्षित बचपन अभियान के माध्यम से जिले के अधिक से अधिक बच्चों तक यह संदेश पहुंचे कि हर बच्चे का बचपन सुरक्षित हो, हर बच्चा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो तथा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में उसे समय पर उचित सहायता एवं संरक्षण प्राप्त हो सके।

राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने से सरकारी कामकाज पर असर

चौथम (एनएसबी)। अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से सरकारी कामकाज की रफ्तार धीमी पड़ गई है। कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण जहां आम लोगों को अपने जरूरी कार्यो के निष्पादन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं भूमि से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि संबंधी भौतिक सत्यापन तथा विभिन्न प्रमाण-पत्रों के सत्यापन जैसे कार्यो पर हड़ताल का असर साफ दिखाई देने लगा है। हालांकि, अंचल कार्यालय में कामकाज पूरी तरह ठप नहीं हुआ है, लेकिन कर्मचारियों की कमी के कारण कार्यो के निष्पादन में पहले जैसी गति नहीं रह गई है। राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल के कारण अंचल कार्यालय आने वाले लोगों को अपने काम के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। कई ऐसे कार्य, जिनके निष्पादन में राजस्व कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, अब समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। इससे आम लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। खासकर जमीन से संबंधित मामलों में कर्मचारियों की रिपोर्ट और भौतिक सत्यापन पर निर्भर रहने वाले आवेदकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि राजस्व कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इसी क्रम में कर्मचारी बीते 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक सामूहिक सेवा अवकाश पर रहे थे। इसके बाद कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। अपनी कई सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर डटे हुए हैं।कर्मचारियों के आंदोलन का सीधा असर अब अंचल कार्यालय के दैनिक कामकाज पर पड़ रहा है। राजस्व विभाग से जुड़े कार्यो में कर्मचारियों की अहम भूमिका होने के कारण उनकी अनुपस्थिति में कार्यो का नियमित निष्पादन चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को अपने जरूरी काम पूरे कराने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल के चलते भूमि से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्यो की गति प्रभावित हुई है। दाखिल-खारिज और परिमार्जन के अलावा विभिन्न मामलों में भूमि का भौतिक सत्यापन भी प्रभावित हो रहा है। वहीं, जाति, आवासीय सहित अन्य प्रमाण-पत्रों से संबंधित आवेदनों के भौतिक सत्यापन पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। इन कार्यो के समय पर पूरा नहीं होने से आम लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जुड़े कार्यो में परेशानी हो सकती है। कई मामलों में राजस्व कर्मचारी की रिपोर्ट और सत्यापन के बाद ही आगे की प्रक्रिया पूरी होती है। ऐसे में हड़ताल लंबी खिंचने पर लंबित आवेदनों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अंचल कार्यालय में कामकाज प्रभावित होने के संबंध में जब अंचलाधिकारी रविराज से जानकारी ली गई, तो उन्होंने भी माना कि राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से कार्यालय के कार्यो पर असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि अंचल कार्यालय में कामकाज जारी है, लेकिन कर्मचारियों की कमी के कारण कार्यो में अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही है। इसके चलते आम लोगों के कार्यो को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने में भी परेशानी हो रही है। उपलब्ध कर्मियों के माध्यम से जैसे-तैसे लोगों के कार्यो का निष्पादन किया जा रहा है।सीओ के अनुसार, फिलहाल कार्यालय में कामकाज पूरी तरह बाधित नहीं हुआ है, लेकिन कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण अन्य कर्मियों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया है। सीमित कर्मचारियों के सहारे कार्यालय के नियमित कार्यो को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

बागमती नदी के कटाव से छह परिवारों के घर नदी में समाए

मुआवजे के लिए सीओ को सौंपा आवेदन

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड के खड़ेता गांव में बागमती नदी का कटाव लगातार तेज होता जा रहा है। कटाव के कारण अब तक कई एकड़ षि भूमि नदी में समा चुकी है, वहीं करीब छह परिवारों के घर भी बागमती की धारा में विलीन हो गए हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि नवादा घाट से धमहरा तक जाने वाली सड़क के कुछ हिस्से भी कटाव की चपेट में आ चुके हैं। यदि समय रहते कटाव निरोधी कार्य नहीं कराया गया, तो वार्ड संख्या 13 में सड़क का बड़ा हिस्सा नदी में समा सकता है। इससे स्थानीय लोगों के आवागमन पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। कटाव से प्रभावित परिवारों ने सोमवार को पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू कुमार के नेतृत्व में अंचल कार्यालय पहुंचकर अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से पीड़ित परिवारों ने मुआवजा देने के साथ-साथ तत्काल रहने की व्यवस्था कराने की मांग की। घर नदी में समा जाने के कारण इन परिवारों के सामने अब सिर छिपाने का संकट उत्पन्न हो गया है। पीड़ित परिवारों का कहना है कि बागमती नदी के कटाव की समस्या को लेकर स्थानीय लोग लगातार आवाज उठाते रहे हैं। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को कई बार इसकी जानकारी दी गई थी। बावजूद इसके, कटाव रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई होने तक कई परिवारों के आशियाने उजड़ गए। ग्रामीणों के अनुसार, खड़ेता गांव में पिछले कुछ दिनों से कटाव की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। नदी के कटाव से दर्जनों किसानों की कई एकड़ जमीन बागमती में समा चुकी है। वहीं, लगभग छह परिवारों के घर कटाव की भेंट चढ़ गए हैं। इससे प्रभावित परिवारों के सामने रहने और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड संख्या 13 कटाव से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। यदि जल्द ही कटाव निरोधी कार्य शुरू नहीं किया गया, तो स्थिति और भयावह हो सकती है। नवादा घाट से धमहरा तक जाने वाली सड़क के कुछ हिस्सों के कट जाने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। सड़क का शेष हिस्सा भी नदी में समाने पर आवागमन बाधित होने की आशंका है। अंचलाधिकारी रविराज ने कटाव प्रभावित परिवारों को सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजा देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र परिवारों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत के तौर पर अंचल कार्यालय की ओर से पलीथिन शीट भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे अस्थायी रूप से अपना बचाव कर सकें। हालांकि, पीड़ित परिवारों के सामने फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती रहने के लिए सुरक्षित जगह की व्यवस्था करना है। ऐसे में प्रभावित लोगों ने प्रशासन से जल्द राहत उपलब्ध कराने और स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि कटाव के कारण विपिन मलिक, पांडव कुमार, रूबी कुमारी, राधा देवी और खुशबू देवी सहित अन्य प्रभावित परिवार शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खड़ेता गांव में बागमती नदी के कटाव पर रोक लगाने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि केवल मुआवजा देने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। इसके लिए नदी के किनारे कटाव निरोधी कार्य कराना जरूरी है, ताकि शेष घरों, षि भूमि और सड़क को सुरक्षित रखा जा सके।

भाकपा जिला परिषद की बैठक में कई सांगठनिक फैसले 1 नवंबर की दिल्ली रैली में सैकड़ों कार्यकर्ता होंगे शामिल

खगड़िया (एनएसबी)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी खगड़िया जिला परिषद की बैठक जिला पार्टी कार्यालय में प्रभाशंकर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी आंदोलनों और कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में पार्टी की गोगरी अंचल की रविबारी शाखा के सदस्य जलधर मुनि सहित अन्य दिवंगत लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व विधान पार्षद उषा साहनी ने पार्टी की ऊपरी कमिटी के फैसलों की रिपोर्टिंग की। उन्होंने कहा कि देश की मौजूदा परिस्थितियों में वामपंथी दलों, इंडिया ब्लक एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, आगामी चुनाव बैलेट पेपर से कराने तथा किसी राज्य में चुनाव से पूर्व एसआईआर पर रोक लगाने सहित जनता के ज्वलंत सवालों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इंडिया ब्लक की ओर से 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली आयोजित की गई है। उन्होंने खगड़िया जिले से अधिक से अधिक संख्या में पार्टी सदस्यों एवं समर्थकों से रैली में भाग लेने की अपील की। बैठक में जिला सचिव पुनीत मुखिया ने



संबोधित करते प्रभाकर सिंह।

पिछले कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 नवंबर को रूसी क्रांति दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में रैली एवं विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। वहीं, पार्टी के राष्ट्रव्यापी जेल भरो आंदोलन के तहत 3 दिसंबर को खगड़िया में भी आंदोलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें हजारों पार्टी सदस्य एवं समर्थक भाग लेंगे। बैठक में सांगठनिक जिम्मेदारियों के तहत रविंद्र यादव को सहायक जिला सचिव तथा कमरेड नारायण साह को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा जिला संगठन विभाग सहित विभिन्न जनसंगठनों के विभागों की उपसमितियों का गठन कर उनके संयोजक एवं सह-संयोजक भी चुने गए। जिला सचिव पुनीत मुखिया ने कहा कि 1 नवंबर की दिल्ली रैली में खगड़िया जिले से सैकड़ों पार्टी सदस्य एवं समर्थक शामिल होंगे। इसके लिए अंचल एवं शाखा स्तर पर बैठकें आयोजित कर तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला प्रभारी प्रभाकर प्रसाद सिंह, रविंद्र यादव, नारायण साह, रमेश चंद्र चौधरी, विभाष चंद्र बोस, मनोज सदा, सुरेश सिंह, अनिल कुमार सिंह, नरेश कुमार शर्मा एवं बटेश्वर मुनि सहित अन्य पार्टी नेता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

आठ शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली और नवाचार के लिए किया गया सम्मानित

बेलदौर(एनएसबी)। लखीसराय स्थित महात्मा गांधी बीएड कलेज अशोक धाम में आयोजित प्रमंडल स्तरीय सम्मान समारोह में बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के आठ शिक्षकों को उनकी उत्ष्ट कार्यशैली और नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान किए गए। इस समारोह में लखीसराय के जिलाधिकारी, विधायक, खेल पदाधिकारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान राष्ट्रीय गीत, बिहार गीत, झिझिया लोकनृत्य और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित नाटकों की प्रस्तुतियां हुईं। इस सूची में बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के शिक्षक शिक्षिका नीरज कुमार, आशीष कुमार, रजनी कुमारी, रश्मि कुमारी, इंदु शर्मा, रूपम कुमारी, सुमित कुमार और पूजा कुमारी शामिल हैं। इस उपलब्धि से स्थानीय शिक्षा जगत में उत्साह का माहौल है। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार चौधरी ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सांसद ने रहीमपुर दक्षिणी में कटाव स्थल का लिया जायजा

खगड़िया (एनएसबी)। सांसद राजेश वर्मा एवं खगड़िया सदर विधायक बबलू मंडल के साथ रहीमपुर दक्षिणी पंचायत में गंगा कटाव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कटाव की गंभीरता और स्थानीय लोगों की समस्याओं को समझा तथा संबंधित अधिकारियों को कटावरोधी कार्यो को मजबूती से कराने के निर्देश दिए, ताकि गंगा किनारे बसे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उसके बाद मथार के दुर्ग स्थान में आयोजित जनसभा को संबिधित किया इस जनसभा में में रहीमपुर दक्षिणी ,मध्य,उत्तरी एव टीकारामपुर के हजारो लोगो की उपस्थिति थी। जनसभा के दौरान रहीमपुर दक्षिणी, टीकारामपुर, मथार समेत आसपास के इलाकों में गंगा कटाव से उत्पन्न गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों ने गंगा किनारे मजबूत बंडाल का निर्माण कर कटाव रोकने और बड़ी आबादी को विस्थापन के खतरे से बचाने की मांग की। सांसद राजेश वर्मा लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हम आपको भरोसा दिलाते हैं कि आपकी उम्मीदों पर पानी नहीं फिरने देंगे। जिस जोश के साथ सांसद और विधायक का स्वागत किया है उस जोश और विश्वास को



लोगों से जानकारी लेते सांसद।

खत्म नहीं होने देंगे और जल्द इसका सकरात्मक पहल देखने को मिलेगा। सांसद राजेश वर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा की मैं यहां आपको सिर्फ यह आश्वासन देने नहीं आया हूं कि काम हो जाएगा, बल्कि यह बताने आया हूं कि समाधान कैसे सुनिश्चित होगा। चाहे केंद्र सरकार से राशि लानी पड़े या राज्य सरकार से, जब तक इस समस्या के समाधान की दिशा में ठोस पहल नहीं होगी, तब तक यह मुद्दा प्रधानमंत्री के समक्ष उठाया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा सत्र में इस इलाके में गंगा कटाव की समस्या को सबसे पहले सदन के पटल पर उठाया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन्हें इस गंभीर समस्या से अवगत कराया जाएगा, ताकि कटावरोधी कार्यो और मजबूत बंडाल निर्माण के लिए प्रभावी पहल सुनिश्चित हो सके। सांसद ने गंगा कटाव की समस्या को लगातार उठाने और सरकार के समक्ष रखने के लिए स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताष्ण कुमार मुन्ना, इंजीनियर धर्मेंद्र, नागेंद्र त्यागी तथा विधायक बबलू मंडल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन सभी लोगों ने स्थानीय जनता की पीड़ा को क्षेत्र से लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तक पहुंचाने का काम किया है। जनसमस्याओं को लगातार उठाने और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहने वाले सभी लोगों का उन्होंने आभार व्यक्त किया। सांसद ने दोहराया कि गंगा कटाव से प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, उनकी जमीन और आजीविका को बचाना प्राथमिकता है। क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास के साथ अपनी मांगें रखी हैं, उन मांगों को संबंधित सरकारों और विभागों तक पहुंचाकर समाधान की दिशा में लगातार प्रयास किया जाएगा। विधायक बबलू मंडल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में सड़क की समस्याओं के साथ साथ कटाव की समस्याओं की जल्द निदान होगा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से हमारी मुलाकात हुई है यहां गंगा किनारे कटाव को रोकने के लिए सफल प्रयास कर कटाव रोकने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघन भगत समेत एनडीए के नेताओं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

पुलिस दीदी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

बेलदौर (एनएसबी)। महिला सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे 'पुलिस दीदी' अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा दो विद्यालय का लगातार निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में सोमवार को बेलदौर थाना में पदस्थापित एसआई सरिता कुमारी और महिला सिपाही निशा कुमारी ने नगर पंचायत स्थित आदर्श मध्य विद्यालय भैसा डीह,मध्य विद्यालय रोहियामा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को कानून, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। इस पहल का



बच्चों को जागरूक करती पुलिस दीदी।

मुख्य उद्देश्य बच्चों को वर्तमान समय की संवेदनशील चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों व व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर सजग बनाना है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मानव तस्करी, बाल श्रम, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए गए। पुलिस टीम ने बच्चों को संदिग्ध परिस्थितियों तथा अनजान लोगों से जुड़े जोखिमों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की जानकारी मिलने पर तुरंत अपने भरोसेमंद अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करें।कार्यक्रम के दौरान मध्य विद्यालय भैसा डीह के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार, रोहियामा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश कुमार मंडल सहायक शिक्षक राकेश कुमार,अमरेन्द्र कुमार समेत विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

किसानों के बीच फेरोमोन ट्रैप का वितरण

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के पसराहा पंचायत अंतर्गत सोनडीहा गांव में किसानों के बीच फेरोमोन ट्रैप का वितरण किया गया। इस संबंध में पौधा संरक्षण विभाग की निदेशक रीमा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ और रबी दोनों ही प्रमुख सीजन में विभिन्न प्रकार के कीटों और



किसान व अन्य।

रोगों का प्रकोप अत्यधिक बढ़ जाता है, जिससे फसलों को भारी नुकसान पहुंचता है। इससे निपटने के लिए विभाग द्वारा किसानों को फेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप, येलो स्टिकी ट्रैप और ब्लू स्टिकी ट्रैप जैसे आधुनिक जैविक नियंत्रण उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये सभी उपकरण खेतों में विशेष रूप से कीटों को अपनी ओर आकर्षित करके उन्हें पकड़ने, उनकी निरंतर निगरानी करने तथा उनकी संख्या को नियंत्रित रखने में अत्यंत मदार साबित होते हैं। फेरोमोन ट्रैप के उपयोग से किसान बिना किसी जहरीली रासायनिक दवा के छिड़काव के पूरी तरह जैविक और सुरक्षित तरीके से कीटों पर प्रभावी नियंत्रण पा सकते हैं।

ईमानदारी और पारदर्शिता से ही भ्रष्टाचार पर लगेगी लगाम

महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा ने अधिकारियों-कर्मचारियों से किया आह्वान, कर्तव्यनिष्ठा और जवाबदेही को कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाने पर जोर, इरिमी में सतर्कता का संदेश

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान जमालपुर में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सुशासन के लिए नैतिक मूल्यों के पालन, सरकारी कार्यों में जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया।महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा ने अपने संदेश में कहा कि सतर्कता, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता सुशासन के मूल आधार हैं। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, निष्पक्षता और पूर्ण जवाबदेही के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता का उद्देश्य केवल भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाना नहीं, बल्कि कार्यप्रणाली में नैतिकता, पारदर्शिता और आपसी विश्वास को मजबूत करना भी है।महानिदेशक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने दैनिक कार्यों में उच्च नैतिक मानकों का पालन करने और भारतीय रेल की गरिमा एवं प्रतिष्ठा बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने की अपील की।संस्थान के संकायाध्यक्ष एवं वरिष्ठ आचार्य प्रेम प्रकाश ने कहा कि सतर्कता केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक कार्मिक के व्यावसायिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। सरकारी कार्यों में ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना हर कर्मचारी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने और प्रत्येक कार्य को पूरी निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ पूरा करने की आवश्यकता बताई।उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता की सार्थकता तभी है, जब ईमानदारी और नैतिक मूल्य केवल नारों तक सीमित न रहकर कार्यव्यवहार का हिस्सा बनें। ऐसी कार्यसंस्कृति विकसित करना जरूरी है, जिसमें जनहित सर्वोपरि हो और प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा के दिशानिर्देश में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सतर्कता संबंधी मूल्यों को अपने कार्यव्यवहार में अपनाने तथा अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और निष्ठा से करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में वरिष्ठ आचार्य राजीव कुमार, आचार्य सुसरण तिरु, मो अय्युब खान, सिद्धार्थ शंकर, अरविंद कुमार, सहायक आचार्य सुनील कुमार, व्याख्याता आश्विन विनय बाखला, मुकुन्द बिहारी, राजेंद्र झा, मुख्य अनुदेशक मनोज कुमार सिंह, प्रत्युष आनंद, श्रीसव्यसांची सुमन, संजय कुमार सिन्हा सहित संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



सतर्कता संदेश पढ़ने महानिदेशक।

संक्षिप्त खबरें

सोनपुर मंडल के बेगूसराय एवं हाजीपुर स्टेशनों पर पहली बार क्लॉक रूम-सह-डिजिटल लॉकर सुविधा के आवंटन हेतु ई-नीलामी संपन्न

पाँच वर्षों के लिए आवंटन से रेलवे को प्राप्त होगा 12.81 लाख का राजस्व

सोनपुर (एन एसबी) पूर्व मध्य रेल में 'पहली बार' सोनपुर मंडल द्वारा दिनांक 26 अक्टूबर, 2026 को 'बेगूसराय' एवं 'हाजीपुर' रेलवे स्टेशनों पर क्लोक रूम-सह-डिजिटल लकर सुविधा के आवंटन हेतु सफलतापूर्वक ई-नीलामी संपन्न की गई। इसके अंतर्गत उक्त सुविधाओं का आवंटन पाँच वर्षों की अवधि के लिए किया गया है, जिससे रेलवे को कुल घ1281 लाख का राजस्व प्राप्त होगा। यह पहल पूर्व मध्य रेल में गैर-किराया राजस्व (छवद-थंतम त्मअमदनम छथ्र) के अंतर्गत क्लोक रूम-सह-डिजिटल लकर सुविधा के आवंटन की अपनी तरह की 'पहली' 'पहल' है। इससे रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को अपने सामान को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक एवं बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस सुविधा के माध्यम से यात्रियों को अपनी यात्रा के दौरान सामान रखने में सहूलियत मिलेगी तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं में और सुधार होगा। साथ ही, रेलवे की परिसंपत्तियों एवं उपलब्ध स्थानों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करते हुए गैर-किराया राजस्व में वृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा। सोनपुर मंडल द्वारा यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण, रेलवे परिसरों के बेहतर उपयोग तथा गैर-किराया राजस्व के नए स्रोत विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यह पहल इन्हीं प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

सोनपुर मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के तहत शपथ ग्रहण एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

सत्यनिष्ठा से समृद्धि की थीम के साथ पारदर्शी, जवाबदेह एवं भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यप्रणाली अपनाने पर जोर

सोनपुर (एनएसबी) पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 (26 अक्टूबर से 01 नवंबर, 2026) के अवसर पर आज दिनांक 26 अक्टूबर, 2026 को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम च्तवइपजल वित च्तवेचमतपजल (सत्यनिष्ठा से समृद्धि) है, जो प्रशासनिक कार्यप्रणाली में ईमानदारी, नैतिकता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के महत्व को रेखांकित करती है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली। सभी ने अपने कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करने तथा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की भावना अपनाने का संकल्प लिया। इसी क्रम में मंडल कार्यालय के सभाकक्ष में सतर्कता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता पूर्व मध्य रेल के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री पंकज कुमार सिन्हा एवं मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर, श्री अमित सरन ने संयुक्त रूप से की। इसमें मंडल के सभी शाखा अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने कहा कि सतर्कता केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संगठन के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने सभी से अपने दैनिक कार्यों में ईमानदारी, पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं दक्षता को प्राथमिकता देने और निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों पर आधारित कार्यसंस्कृति से ही भ्रष्टाचार-मुक्त, जवाबदेह एवं जनहितकारी प्रशासन को मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान उपस्थित मुख्यालय के अफिसर में मनु रतन, क्ल ब्टब्ब्जवतम आशुतोष झा, क्लब्टब्ब्समबज़ मयंक अग्रवाल, सुबोध कुमार, अमित कुमार सिंह, क्ल ब्टब्ब्।-चएवं मंडल के अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए तथा रेलवे की कार्यप्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के संबंध में उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सोनपुर मंडल में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा, नैतिक आचरण तथा भ्रष्टाचार की रोकथाम के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कार्यस्थल पर ईमानदार एवं उत्तरदायी कार्यसंस्कृति को प्रोत्साहित करना तथा रेलवे की प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जनविश्वास को और सुदृढ़ करना है।



मंडल रेल प्रबंधक शपथ दिलाते हुए।

संक्षिप्त खबरें

रिवल्वर और दो जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। अपराध की योजना बनाने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को रिवल्वर और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान चालीसकुरवा निवासी रोहित और गुलशन के रूप में हुई है। इस संबंध में एसडीपीओ रामण्ण ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक रिवल्वर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

हथौड़े से आभूषण दुकानदार पर हमला करने वाला विकास गिरफ्तार

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। चोंदी में आभूषण दुकानदार पर हथौड़े से हमला करने के मामले में बाढ़ थाना पुलिस ने आरोपित विकास को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। दुकानदार पर हथौड़े से हमला किए जाने की घटना से इलाके में चर्चा का माहौल है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

नीलम देवी को 25 नवम्बर तक खाली करना होगा सरकारी आवास

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार ने पूर्व सदस्य नीलम देवी को पटना के मल रोड स्थित सरकारी आवास संख्या-01 को 25 नवंबर 2026 तक खाली करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में संयुक्त सचिव-सह-भू-सम्पदा पदाधिकारी की ओर से 26 अक्टूबर 2026 को पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के अनुसार, नीलम देवी को राज्य स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की सदस्य के रूप में उपमंत्री का दर्जा प्राप्त था। इसी आधार पर विभागीय कार्यालय आदेश संख्या-73, दिनांक 19 मई 2026 के माध्यम से उन्हें पटना के मल रोड स्थित आवास संख्या-01 आवंटित किया गया था। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अधिसूचना संख्या-578, दिनांक 26 अक्टूबर 2026 के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य के रूप में उनका मनोनयन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इसके बाद सरकारी आवास खाली करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। विभागीय पत्र में आवास आवंटन (पटना केंद्रीय पूल) नियमावली, 1986 के नियम-11 (2) (1) का हवाला देते हुए कहा गया है कि सेवा समाप्त होने के बाद आवास अपने कब्जे में रखने की अनुमन्य अवधि एक माह है। इसी प्रावधान के तहत नीलम देवी को 25 नवंबर 2026 तक आवास खाली करने का अनुरोध किया गया है। विभागीय निर्देश के बाद अब 25 नवंबर तक सरकारी आवास खाली करना होगा। यह कार्रवाई राज्य स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति में उनके मनोनयन की समाप्ति के बाद सरकारी आवास आवंटन से संबंधित नियमों के तहत की गई है।

क्रांतिकारी विवाह के साथ तीन दिवसीय विश्व महा धर्म सम्मेलन संपन्न

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। आनंद मार्ग का तीन दिवसीय विश्व महा धर्म सम्मेलन देर रात सांस्तिक कार्यक्रम, पुरोधा प्रमुख विश्व देवानंद अवधूत के प्रवचन और क्रांतिकारी विवाह के साथ संपन्न हो गया। सम्मेलन के अंतिम दिन आध्यात्मिक प्रवचन के साथ गायन, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।पुरोधा प्रमुख ने 'बाबा एक रहस्य हैं और उनकी लीला भी रहस्यमय है' विषय पर रोचक कहानी सुनाई। उन्होंने बाबा की लीलाओं के गूढ़ स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक चिंतन की नई दिशा प्रदान की। उनके प्रवचन ने श्रोताओं के मन में जिज्ञासा उत्पन्न की और उन्हें बाबा के जीवन से जुड़ी घटनाओं पर गहराई से विचार करने के लिए प्रेरित किया। बाबा की लीलाएं कई बार सामान्य मानवीय बुद्धि और तर्क से परे प्रतीत होती हैं, जो उनके व्यक्तित्व को और अधिक रहस्यमयी बनाती हैं।सम्मेलन के मंच पर जमालपुर एवं भागलपुर के कलाकारों ने प्रभात संगीत पर आधारित भव्य सांस्तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रावा के कलाकारों ने भावपूर्ण गायन और मनमोहक नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन मृणाल पाठक ने किया। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक 'भक्ति की पराकाष्ठा' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों के अभिनय और प्रस्तुति की उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की।इधर केंद्रीय कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णयों एवं संकल्पों के साथ सम्मेलन के समापन की घोषणा की गई। इसमें आचार्य प्रणवेशानंद अवधूत, आचार्य कमलेशानंद अवधूत, आचार्य मेघदीपानंद अवधूत सहित कई आचार्यों के साथ देश-विदेश से हजारों आनंद मार्गी शामिल हुए।



सभी का अभिवादन करते पुरोधा प्रमुख।

आनंद मार्ग आश्रम 13 संन्यासियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के सौजन्य से आश्रम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन आचार्य अवनींद्रानंद अवधूत एवं आचार्य रुद्र प्रकाशानंद अवधूत ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 13 सन्यासियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।शिविर में सदर अस्पताल के रक्त केंद्र के प्रभारी डा़मो. फैजुद्दीन के नेतृत्व में रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान डा फैजुद्दीन ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है और कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि निर्धारित स्वास्थ्य मानकों को पूरा करने वाले 18 से 60 वर्ष तक के लोग चिकित्सकीय सलाह एवं पात्रता के अनुसार नियमित अंतराल पर रक्तदान कर सकते हैं।उन्होंने लोगों से रक्तदान को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की अपील की। शिविर का उद्देश्य लोगों में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहयोग करना रहा।अवसर पर आचार्य अवनींद्रानंद अवधूत, आचार्य रुद्र प्रकाशानंद अवधूत सहित स्वास्थ्य विभाग एवं आनंद मार्ग से जुड़े कई लोग उपस्थित रहे। शिविर में रक्तदान करने वालों के प्रति आयोजकों ने आभार जताया और भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।



रक्तदान शिविर में मौजूद आनंद मार्गी।

कचरा उठाव नहीं होने से हलिमपुर गांव में गी का अंबार

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर प्रखंड की पूर्वी इंद्ररुख पंचायत के हलिमपुर गांव में नियमित रूप से कूड़ा-कचरा का उठाव नहीं होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। घरों से निकलने वाले कचरे का उठाव नहीं होने के कारण लोग इधर-उधर कचरा फेंकने को मजबूर हैं। इससे गांव में जगह-जगह गी फैल रही है।स्थिति यह है कि मंदिर, विद्यालय और महापुरुषों की प्रतिमा के आसपास भी कूड़े-कचरे का अंबार लगने लगा है। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही गांव की स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित कचरा उठाव नहीं होने से समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से गांव में नियमित रूप से कूड़ा-कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि गांव को स्वच्छ रखा जा सके।

उद्घाटन के बाद से बंद पड़ा प्लास्टिक कचरा प्रबंधन प्लांट

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। प्रखंड की बाक पंचायत में लाखों रुपये की लागत से निर्मित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन प्लांट उद्घाटन के बाद से ही बंद पड़ा है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा उद्घाटित इस प्लांट का संचालन शुरू नहीं होने से सरकारी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। प्लांट के बंद रहने से प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की योजना धरातल पर उतरने के बजाय कागजों तक सिमटती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने इसे सरकारी राशि का दुरुपयोग बताते हुए नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यदि प्लांट का संचालन ही नहीं होना था, तो इसके निर्माण पर लाखों रुपये खर्च करने का औचित्य क्या है लोगों ने शासन-प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए प्लांट को अविलंब चालू कराने की मांग की है।

शांति व्यवस्था को लेकर जमालपुर पुलिस का बड़ा एक्शन, 10 गिरफ्तार

जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जमालपुर आदर्श थाना पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के नेतृत्व में शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया।गिरफ्तार लोगों में नशे की हालत में हंगामा करने वाले, निरोधात्मक कार्रवाई के तहत पकड़े गए व्यक्ति और वारंटी शामिल हैं। छापेमारी के दौरान पांच लोगों को बीएनएसएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन अन्य को नशे की हालत में पकड़ा गया। इसके अलावा दो वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान वालीपुर निवासी रोशन कुमार उर्फ बादल, रामपुर कलोनी निवासी ऋषभ कुमार, गोलू कुमार, वलीपुर निवासी निशांत कुमार, छोटी दौलतपुर निवासी अरविंद कुमार पासवान, लक्ष्मणपुर निवासी बबलू कुमार पासवान, मारवाड़ी मोहल्ला निवासी हरिओम कुमार, दरियापुर निवासी अजय मंडल, नया टोला केशोपुर निवासी रूपेश पासवान और रोहित खान के रूप में हुई है। रोशन कुमार उर्फ बादल के खिलाफ पूर्व से भी थाना में मामला दर्ज है।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर असामाजिक तत्वों, नशेड़ियों और वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस।

सील रेलवे क्वार्टर से एसी, 75 इंच की एलईडी और सोना की चोरी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर रेलवे कलोनी में प्रशासन द्वारा सील किए गए रेलकर्मी के ार्टर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने ार्टर का ताला खोलकर एसी, 75 इंच की एलईडी, इन्वर्टर-बैटरी, सोने के आभूषण समेत घर में रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। मामले में रेलकर्मी साजन कुमार ने आदर्श थाना जमालपुर में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।रेलकर्मी साजन कुमार, पिता स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद यादव, रामपुर कलोनी स्थित ार्टर नंबर 488 एबी में रहते हैं। ार्टर प्रशासन द्वारा सील किया गया था। 24 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे पड़ोसी ने उन्हें ार्टर का ताला खुला होने की सूचना दी। इसके बाद उन्होंने थाना पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी और ार्टर का वीडियो भी बनाया।चोरों ने ार्टर से एसी, 75 इंच की एलईडी, पंखे, ट्यूबलाइट, बल्ब, गैस सिलेंडर, इन्वर्टर-बैटरी, गोदरेज, मिक्सी, दो साइकिल, कूलर, टेबल फैन, बड़े बक्से और स्टील के बर्तन समेत अन्य घरेलू सामान चोरी कर लिया। ार्टर की नई अंडरग्राउंड वायरिंग के तार, स्विच बोर्ड, आरसीबी और एमसीबी तक उखाड़ लिए गए। घर में रखा एक महीने का राशन और दो भर सोना भी चोरी होने की बात आवेदन में कही गई है।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के आधार पर पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और चोरी हुए सामान की बरामी को लेकर छापेमारी करने की बात थानाध्यक्ष ने कही है।



चोरी की घटना के बाद बंद पड़ा ार्टर।

संक्षिप्त खबरें

बाल बाल बच गये प्रधान शिक्षक

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। अंगारघाट थाना क्षेत्र में स्कूल जाने के दौरान एक प्रधान शिक्षक पर बाइक सवार बदमाशों ने गोलीबारी कर दी। अकस्मात हुई इस घटना से अफरातफरी मच गई। इसी बीच लोग घटनास्थल की दौड़े, मगर शोर मचने और आसपास के लोगों को अपनी ओर आते देख बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर अंगारघाट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार, प्राथमिक विद्यालय गांवपुर में कार्यरत प्रधान शिक्षक अमरेंद्र कुमार पांडेय स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान चैता उत्तरी से सूयार्टाड़ा रेवाड़ी जाने वाली सड़क पर दशरहा चौर के पास उक्त घटना घटी। हालांकि, शिक्षक को गोली नहीं लगी और और वे बाल बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही अंगारघाट थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना उजियारपुर और अंगारघाट थाना क्षेत्र की सीमा के पास हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। पीड़ित शिक्षक को आवेदन देने के लिए कहा गया है। आवेदन मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस शिक्षक के बयान और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर घटना की जांच में जुटी है।

बंगराहा पंचायत में किसान चौपाल का आयोजन

उर्वरकों के संतुलित उपयोग और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के प्रति किया गया जागरूक

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड के बंगराहा पंचायत में सोमवार को किसानों के बीच कृषि योजनाओं एवं आधुनिक खेती की तकनीकों को लेकर किसान चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में किसानों को मिट्टी की जांच, उर्वरकों के संतुलित उपयोग, जैविक खेती तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि समन्वयक भगवती चरण एवं कृषि विभाग से जुड़े कर्मियों ने किसानों को मिट्टी की जांच कराने के बाद आवश्यकतानुसार उर्वरकों का इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद के संतुलित उपयोग से खेती की लागत को नियंत्रित करने के साथ फसल की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलती है। वहीं, जैविक खेती अपनाने से मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और दीर्घकालीन कृषि विकास को बढ़ावा देने में सहायता मिलती है। चौपाल के दौरान किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न सरकारी योजनाओं, उनके लाभ और आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। अधिकारियों ने किसानों से योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रता के अनुसार लाभ उठाने तथा वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन सहायक तकनीकी प्रबंधक मधुकर श्लोक ने किया। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य रामकरण महतो एवं कृषि समन्वयक अंजनी कुमार, लेखापाल चंदन कुमार, राम प्रमाण महतो, लालबाबू कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

नाला जाम, सड़क और आंगन में बह रहा गंदा पानी

मनियारपुर के वार्ड 10 और 11 के तीन दर्जन लोगों ने बीडीओ से की जलनिकासी बहाल करने की मांग

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड की मनियारपुर पंचायत के वार्ड संख्या 10 और 11 में नाला अवरुद्ध होने से जलनिकासी की समस्या गंभीर हो गई है। नाले का गंदा पानी सड़क और लोगों के आंगन में बह रहा है। इससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, गंदे पानी के जमाव से संक्रमणजनित बीमारियां फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। समस्या से परेशान दोनों वार्डों के करीब तीन दर्जन लोगों ने बीडीओ महताब अंसारी को संयुक्त आवेदन देकर नाले की जलनिकासी बहाल कराने की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले को गांव के ही कुछ लोगों ने दोनों तरफ से अवरुद्ध कर दिया है। इसके कारण पानी की निकासी ठप हो गई है और गंदा पानी सड़क के साथ लोगों के आंगन तक पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने समस्या का स्थायी समाधान कर नाले का बहाव सुचारु कराने की मांग की है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में मो. अलाउद्दीन, हरमून प्रवीण, रीना देवी, निकिल राज सहित करीब तीन दर्जन ग्रामीण शामिल हैं। इस संबंध में बीडीओ महताब अंसारी ने बताया कि मामले की जांच की गई है। नाले के पानी का समुचित बहाव नहीं हो पा रहा है। निजी जमीन में पानी जाने से फसल बर्बाद होने की आशंका के कारण किसानों ने पानी का बहाव रोक दिया है। मामले को देखा जा रहा है, ताकि समस्या का समाधान निकाला जा सके।

लोजपा (रामविलास) अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने मोहम्मद अशरफ

सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में हुआ स्वागत

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने गोपालगंज जिले में संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मोहम्मद अशरफ को सौंपी। इस अवसर पर आयोजित सभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सलीम साहिल ने कार्यकताओं और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी की विचारधारा, सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी के मुद्दों पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सलीम साहिल ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान ने सामाजिक न्याय और सभी वर्गों की राजनीतिक भागीदारी को हमेशा महत्व दिया। उन्होंने कहा कि रामविलास पासवान ने मुस्लिम मुख्यमंत्री बनने की बात भी उठाई थी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने अशरफ अंसारी को विधान परिषद भेजकर अल्पसंख्यक समाज की राजनीतिक भागीदारी को महत्व देने का संदेश दिया है। सलीम साहिल ने कहा कि पार्टी की कोशिश है कि समाज के सभी वर्गों को संगठन में उचित प्रतिनिधित्व मिले और उनकी समस्याओं को राजनीतिक मंच पर मजबूती से उठाया जाए। उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहम्मद अशरफ से संगठन को पंचायत और प्रखंड स्तर तक मजबूत करने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की अपेक्षा जताई। वहीं, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर नौशाद अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि अब अल्पसंख्यक समुदाय को गंभीरता से विचार करना होगा कि उनके हितों की बात कौन करता है और उनकी राजनीतिक भागीदारी को कौन मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि समाज को अपने भविष्य, अधिकारों और विकास से जुड़े मुद्दों पर जागरूक होकर निर्णय लेना चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन लोजपा (रामविलास) के जिला उपाध्यक्ष अंशु कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष अमित भारद्वाज, खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनिंद्र ओझा और जिला सचिव विकास मिश्रा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभा में मजहरुद्दीन, रेहान आलम, मोख्तार आलम, प्यारे आलम, डॉ. मोहम्मद शहजाद और मोहम्मद आरिफ सहित सैकड़ों अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने संगठन को मजबूत बनाने और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद बढ़ाने पर जोर दिया। मोहम्मद अशरफ को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाए जाने को जिले में पार्टी संगठन के विस्तार की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को संगठन से जोड़ने, उनकी समस्याओं को सामने लाने और पार्टी की गतिविधियों को जिला स्तर पर गति देने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

एकडेरवां में महान संत सुपन भगत की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न, उमड़ा आस्था का सैलाब

बैकुंठपुर (दैनिक नवसंदेश) थाना क्षेत्र के एकडेरवां गांव के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा. महान संत सुपन भगत की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्य विष्णु पांडेय, रंजन पांडेय, अरूण कुमार पांडेय व सत्यानंद पांडेय ने विधि-विधान से संपन्न करायी। अपग्रेड मिडिल स्कूल एकडेरवां के आगे स्थित संत स्थल पर आयोजित इस पावन समारोह में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत मूर्ति में प्राण-प्रतिष्ठा करायी। सुबह से ही गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा. बाजा-गाजा, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच संत की मूर्ति का अनावरण किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि संत सुपन भगत त्याग, भक्ति और समता के शाश्वत प्रतीक थे।

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 1 से 6 नवंबर तक

अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की टीमें लेंगी हिस्सा, तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा

समस्तीपुर एनएसबी। समस्तीपुर में आगामी 1 से 6 नवंबर तक राज्य स्तरीय अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें बिहार के नौ प्रमंडलों की टीमों और एकलव्य टीम सहित कुल 10 टीमों के भाग लेने की संभावना है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें खिलाड़ियों के आवासन, चिकित्सा, सुरक्षा, पेयजल और खेल मैदान की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।



बैठक में डीएम ने आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी करने और संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने को कहा। उन्होंने खेल मैदान की उपयुक्तता, साफ-सफाई, खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाओं और दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की समीक्षा की।

विभिन्न प्रमंडलों से आने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और दल प्रभारियों के ठहरने, पेयजल एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था करने पर जोर दिया गया। वहीं, प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को चोट लगने या किसी आपात स्थिति में तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने तथा आयोजन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। नगर निकाय को साफ-सफाई, कचरा निष्पादन और पेयजल सहित अन्य नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा गया।

डीएम ने मैचों के सुव्यवस्थित संचालन, टीमों के आगमन एवं प्रस्थान और आयोजन से संबंधित सूचनाओं के समयबद्ध प्रसार की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जिले के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का समय पर निर्वहन करें, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलें और प्रतियोगिता का आयोजन सुचारु रूप से हो सके।

बैठक में सिविल सर्जन, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), जिला खेल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और उपनगर आयुक्त सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

फ्लिपकार्ट के कार्यालय से डेढ़ लाख की लूट, जांच में जुटी पुलिस

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। शहर के हरपुर ऐलोथ स्थित फ्लिपकार्ट के क्षेत्रीय कार्यालय में रविवार की देर रात चार की संख्या में आए बेखौफ हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोलकर लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अपराधी कार्यालय के कर्मियों को हथियार के बल पर बंधक बनाकर वहां रखे करीब 1 लाख 49 हजार 700 रुपये नकद लूटकर फरार हो गए।. वारदात के बाद सबूत मिटाने की नीयत से अपराधी कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे की हार्ड डिस्क और डीवीआर भी उखाड़कर अपने साथ ले गए।

घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। कार्यालय प्रबंधक रविशंकर कुमार के अनुसार, रोजाना की तरह कार्यालय में पार्सल वितरण और लेखा-जोखा से संबंधित कार्य निपटाया जा रहा था। इसी दौरान देर रात दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश हथियारबंद बदमाश कार्यालय परिसर में आ धमके। अंदर घुसते ही बदमाशों ने पिस्तौल तान दी और मौजूद कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ ऊपर करवा दिए।

गनपॉइंट पर सभी कर्मियों को एक कोने में बैठा दिया गया, जिससे कर्मचारियों में दहशत फैल गई। इसके बाद अपराधियों ने काउंटर व गल्ले में रखे 1,49,700 रुपये नकदी जबरन समेट लिए। लूटपाट के दौरान बदमाशों की नजर कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों पर पड़ी। पुलिस पहचान न कर सके, इसके लिए अपराधियों ने तकनीकी कक्ष में जाकर सीसीटीवी सिस्टम से जुड़ा डीवीआर और हार्ड डिस्क भी तार काटकर निकाल लिया।

लूट की रकम और उपकरण लेकर सभी अपराधी मुसरीघरारी की ओर तेजी से बाइक दौड़ाते हुए भाग निकले। अपराधियों के जाने के बाद कर्मियों ने तुरंत शोर मचाया और घटना की सूचना स्थानीय पुलिस व वरीय अधिकारियों को दी। वारदात की सूचना मिलते ही मुसरीघरारी थानाध्यक्ष दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। कुछ ही देर में सदर एसडीपीओ भी मौके पर पहुंचे और कार्यालय कर्मियों व प्रबंधक से घटना की बिंदुवार जानकारी ली।

पुलिस ने आसपास के मुख्य मार्गों पर नाकेबंदी कर दी है। मुसरीघरारी थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि फ्लिपकार्ट कार्यालय से नकदी और डीवीआर लूट की बात सामने आई है। पुलिस आसपास के प्रतिष्ठानों और मुख्य सड़कों पर लगे अन्य सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है ताकि अपराधियों के भागने की दिशा और पहचान सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही गिरोह की शिनाख्त कर लूटी गई रकम बरामद कर ली जाएगी और अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

खानपुर प्रखंड में किसान संगठनों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। रबी फसल की बुआई के मौसम में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर खानपुर प्रखंड में किसान संगठनों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। स्वतंत्र किसान मजदूर सेवा संस्थान एवं खाद विक्रेता संघ, खानपुर ने सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय स्तर पर विभिन्न प्रमाणपत्रों और सेवाओं के नाम पर कथित अवैध वसूली से किसान परेशान हैं। किसानों ने रासायनिक उर्वरक एवं बीज को अनुदानित सरकारी दर पर उपलब्ध कराने, कृषि उत्पादों का उचित मूल्य सुनिश्चित करने, खेतों तक सिंचाई एवं बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने, पशु खरीद अनुदान का भुगतान तथा अन्य लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। वहीं खाद विक्रेता संघ, खानपुर ने आरोप लगाया कि बुआई के मौसम में जानबूझकर खाद की कृत्रिम किल्लत पैदा कर कालाबाजारी और ओवररेटिंग को बढ़ावा दिया जाता है। संघ का कहना है कि कार्रवाई बड़े थोक कारोबारियों के बजाय छोटे खुदरा दुकानदारों पर की जाती है। संघ ने मांग की कि कंपनियां एवं थोक विक्रेता निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराएं, ताकि किसानों को डीएपी और यूरिया सरकारी दर पर मिल सके तथा कृत्रिम संकट समाप्त हो।

सभा को संबोधित करते हुए किसान संगठन के नेता प्रेमानंद सिंह ने कहा कि खानपुर प्रखंड की ग्राम पंचायत पुरूषोत्तम पुर अन्नु में करीब 200 महादलित भूमिहीन परिवारों ने सहयोग पोर्टल के माध्यम से बासगत पर्चा के लिए आवेदन किया है, लेकिन अब तक उन्हें लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने आरोप लगाया कि 15 अगस्त को अंचल कार्यालय, खानपुर द्वारा ग्राम पंचायत पुरूषोत्तम पुर अन्नु में ग्राम कचहरी की जमीन का बासगत पर्चा मुखिया के निकटस्थ परिजनों के नाम निर्गत कर दिया गया। उन्होंने भूमिहीन परिवारों की उपेक्षा कर प्रभावशाली एवं कथित गैर-पात्र लोगों के नाम पर्चा जारी किए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए ऐसे सभी बासगत पर्चों को रद्द कर वास्तविक पात्र भूमिहीन परिवारों को वास स्थल का बासगत पर्चा देने की मांग की।

सभा में स्वतंत्र किसान मजदूर सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गौरी शंकर मिश्रा, मिथिला मिल्क यूनियन के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार आजाद, राम कुमार चौधरी, उपेंद्र सिंह, प्रेमा नन्द सिंह, डॉक्टर रणधीर वर्मा, लक्ष्मण महतो, आरती कुमारी, विष्णुदेव राय, रामपुनित राय, यशवंत कुमार उर्फ दिलवर, पशुपालक किसान संगठन के अध्यक्ष बैजनाथ चौधरी, वार्ड सदस्य फूल कुमारी, शिवजी सदा, बैजनाथ सदा, तेतर सदा सहित अन्य किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर छात्राओं ने प्राचार्य को सौंपा आवेदन

समस्तीपुर एनएसबी। बीआरबी कॉलेज, समस्तीपुर में छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कॉलेज के प्राचार्य को आवेदन सौंपा गया। आवेदन के माध्यम से कॉलेज में व्याप्त समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द सुधार की मांग की गई। आवेदन में मुख्य रूप से सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन की व्यवस्था, वॉशरूम में डस्टबिन की समुचित व्यवस्था, वॉशरूम की नियमित एवं बेहतर साफ-सफाई तथा गर्ल्स कॉमन रूम को खाली कराकर सुव्यवस्थित करने की मांग की गई है।



बिहार शक्ति अभियान की लीडर रीचा कुशवाहा ने कहा कि छात्राओं को कॉलेज में बुनियादी सुविधाएं मिलना उनका अधिकार है। इन समस्याओं को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। कॉलेज प्रशासन को छात्राओं की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द समाधान करना चाहिए। वहीं, कॉलेज की छात्रा एवं सत्याग्रह से जुड़ी नेहाँ भारती ने कहा कि कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को स्वच्छ वॉशरूम, सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और व्यवस्थित गर्ल्स कॉमन रूम जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए। इन सुविधाओं का अभाव छात्राओं को परेशानी में डालता है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की मांगों को अनसुना किया गया, तो वे अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाएंगी।

शक्ति अभियान टीम की ओर से स्पष्ट किया गया कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है, तो 28 अक्टूबर 2026 को बीआरबी कॉलेज परिसर में बिहार शक्ति अभियान एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान बिहार शक्ति अभियान बिहार कॉर्डिनेटर रिचा कुशवाहा, सदस्य मोना कुमारी, शिमरन कुमारी, नेहा, संध्या वर्मा, फरहत नाज सहित अन्य छात्राएं मौजूद रहे। अभियान ने कॉलेज प्रशासन से मांग की कि लड़कियों की समस्याओं का जल्द समाधान कर कॉलेज में बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित किया जाए।

प्राथमिक विद्यालय बंगराहा में चोरी, समरसेबल और सोलर लाइट के तार उड़ा ले गए चोर

विद्यापतिनगर एनएसबी। थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बंगराहा में रविवार की रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर विद्यालय परिसर में लगे समरसेबल बोरिंग और सोलर लाइट के तार काटकर ले गए। सोमवार को विद्यालय खुलने के बाद जब पानी के लिए बोरिंग चालू किया गया, तब चोरी की घटना का खुलासा हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिनीत कुमार ने बताया कि सोमवार को स्कूल खुलने के बाद जब पानी की जरूरत के लिए समरसेबल बोरिंग चालू किया गया तो वह नहीं चला। इसके बाद जांच की गई, जिसमें बोरिंग और सोलर लाइट के तार काटकर चोरी किए जाने की जानकारी मिली। घटना के कारण विद्यालय में पानी की उपलब्धता प्रभावित हुई है। प्रधानाध्यापक ने चोरी की घटना की सूचना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) को दे दी है।

वोट बचाओ, देश बचाओ रैली को लेकर समस्तीपुर में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। आगामी 01 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न रैली की तैयारियों को लेकर समस्तीपुर स्थित सर्किट हाउस में जिला कांग्रेस कमेटी, (शहरी) की महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष अनिता राम की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक एवं जिला पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय तथा प्रभारी प्रकाश कुमार सहित विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष, प्रखंड प्रभारी, जिला पदाधिकारी, जिला सचिव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में रैली की तैयारियों, संगठन की मजबूती और कार्यकताओं की भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक देर रात तक चली।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला पर्यवेक्षक श्री उपाध्याय ने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से



देर रात तक चला विचार-विमर्श

01 नवंबर को दिल्ली में आयोजित ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न रैली में शामिल हो कर सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की रक्षा और जनहित के मुद्दों को लेकर कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों, प्रभारियों एवं कार्यकताओं से आपसी समन्वय के साथ अधिक से अधिक कांग्रेसजनों को दिल्ली पहुँचने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया।

श्री उपाध्याय ने संगठनात्मक एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहें और रैली के उद्देश्य एवं संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास करें। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) की जिलाध्यक्ष श्रीमती राम ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा जनसेवा, सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के सिद्धांतों पर आधारित है। संगठन की मजबूती कार्यकताओं की मेहनत, समर्पण और आपसी एकजुटता से ही संभव है। वोट बचाओ, देश बचाओह्न रैली लोकतांत्रिक अधिकारों और जनता की आवाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को सामने रखने का अवसर है। इसलिए एकजुट होकर 1 नवंबर को दिल्ली चलें और रैली में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी पदाधिकारी आपसी तालमेल के साथ काम करें, जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दें और कांग्रेस संगठन को प्रखंड से लेकर जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस क्रम में उपस्थित नेताओं एवं पदाधिकारियों ने भी रैली की तैयारियों और दोनों जिला कांग्रेस कमेटियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने, प्रखंड स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करने तथा 01 नवंबर की रैली में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी समस्तीपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ क्षेत्रीय एखलाकूर रहमान सिद्दीकी, शिवराम ठाकुर, सहित विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष, प्रखंड प्रभारी, जिला सचिव एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बोधगया में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 का पब्लिक इमेज सेमिनार कहानियां आयोजित

सेवा कार्यों की प्रेरक कहानियों से समाज में रोटरी की सकारात्मक छवि मजबूत करने पर जोर

बोधगया (एनएसबी)। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के तत्वावधान में बोधगया एक होटल मे डिस्ट्रिक्ट पब्लिक इमेज सेमिनार ह्यकहानियाँ झ एभरी स्टोरी स्टेज का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी द्वारा आयोजित इस सेमिनार का उद्देश्य रोटरी के सेवा कार्यों को प्रभावी ढंग से समाज के सामने प्रस्तुत करना तथा जनसामान्य के बीच रोटरी की सकारात्मक छवि को और सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत रोटेरियनों के बीच मैत्रीपूर्ण संवाद एवं गीतों से हुई। इसके बाद डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय गान, दीप प्रज्वलन और गुरुकुल संगीत केंद्र, गयाजी द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। सेमिनार अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा ने स्वागत संबोधन दिया। सेमिनार में रोटरी की सार्वजनिक छवि, प्रभावी संचार,



ब्रांडिंग और सेवा कार्यों की कहानियों को समाज तक पहुँचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनु नारंग ने ह्य द बिग पिक्चर विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। आरपीआईसी पीडीजी बिंदु सिंह ने ह्य द पावर द पावर ऑफ परसेप्शन तथा एआरपीआईसी पीडीजी निलेश अग्रवाल ने ह्य द आर्ट का टेलिंग योर रोटरी स्टोरीह्न विषय पर संबोधन दिया। पूर्व रोटरी इंटरनेशनल निदेशक कमल संघवी ने ह्य थे रोटरी ब्रांडह्न विषय पर अपने विचार साझा किए। विशेष परिचर्चा ब्रांड स्मार्ट थे रोटरी आईडेंटिफाई में डीपीआईसी पीडीजी जोगेश गंभीर और पीडीजी संदीप नारंग की सहभागिता निर्धारित थी। कार्यक्रम में विभिन्न रोटरी क्लबों की जनसंपर्क गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए पब्लिक इमेज वीडियो प्रदर्शन और रोटरी पोस्टर ब्रांडिंग चैलेंज भी आयोजित किए जाने थे। ह्य120 सेकंड एलिवेटर पिच झ कहानियाँह्न सत्र के माध्यम से क्लब प्रतिनिधियों को अपनी सेवा परियोजनाओं और सामाजिक योगदान की कहानियाँ संक्षेप में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी की स्मारिका के विमोचन का कार्यक्रम भी रखा गया। सेमिनार के समापन सत्र ह्य बी द स्टोरी बिल्ड द ब्रांड में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनु नारंग ने रोटरी की पहचान को मजबूत बनाने में प्रत्येक रोटेरियन की भूमिका को रेखांकित किया जाना निर्धारित था। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन महजबीं निशात अंजुम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम के समापन का कार्यक्रम था। ढसेमिनार का मूल संदेश था कि रोटरी की पहचान केवल सेवा कार्यों से नहीं, बल्कि उन कार्यों से समाज में आने वाले सकारात्मक बदलाव को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने से भी बनती है। प्रत्येक सेवा परियोजना के पीछे मानवीय संवेदना, समर्पण और परिवर्तन की एक प्रेरक कहानी होती है। इन कहानियों को सही माध्यमों से समाज तक पहुँचाकर अधिक लोगों को सेवा कार्यों से जोड़ा जा सकता है। यह सेमिनार रोटरी की सार्वजनिक छवि को सशक्त बनाने और सेवा की भावना को व्यापक जनसमुदाय तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

संक्षिप्त खबरें

आम जनों की शिकायत है सुनी गई

गयाजी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई जिसमें फरियादी अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

प्रशिक्षु सिपाहियों के मेस एवं खान-पान की व्यवस्था का निरीक्षण

गयाजी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक-सह-साइबर थानाध्यक्ष, गया द्वारा पुलिस केन्द्र, गया में प्रशिक्षु सिपाहियों के मेस एवं खान-पान की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अल-हम्द इस्लामिक स्कूल, नगमतिया रोड, गया के अर्धवार्षिक परीक्षा का रिजलट घोषित

गयाजी (एनएसबी)। अल-हम्द इस्लामिक स्कूल, नगमतिया रोड, गया के अर्धवार्षिक परीक्षा का रिजलट होटल जीआर इंटरनेशनल में धूमधाम से घोषित किया गया । जिस में मुख्य अतिथि मगध यूनिवर्सिटी, बोधगया के उर्दू विभाग के हेड डॉ. प्रोफेसर अब्दुल हई ने कार्यक्रम में शिरकत की और बेहतरीन नंबर लाने वाले स्टूडेंट्स को रिपोर्ट कार्ड के साथ



कीमती तोहफों से नवाजा। मुख्य अतिथि डॉ. प्रोफेसर अब्दुल हई ने स्टूडेंट्स और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा गरीबी से बाहर निकलने का एक शक्तिशाली हथियार है। रिजल्ट कार्ड लेने के लिए होटल जीआर इंटरनेशनल का बड़ा हॉल स्टूडेंट्स और अभिभावकों से खचाखच भरा हुआ था। रिजल्ट कार्ड देते समय बच्चों के टीचरों के अलावा अल-हम्द इस्लामिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. मीम नाजिश ने सभी सफल स्टूडेंट्स का हौसला बढ़ाया और उन्हें और मेहनत करने की सलाह दी।

जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याए, समस्याओं का हुआ ऑन द स्पॉट निवारण

गयाजी (एनएसबी)। जिलाधिकारी, गया श्री शशांक शुभंकर ने समाहरणालय में आये अनेकों फरियादियों को देख उनकी समस्याओं को सुना गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं गयी। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।



अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जनता दल यू के प्रखण्ड अध्यक्षों की सूची जारी

गयाजी। जनता दल यू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने जनता दल यू के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा से अनुमोदन करा के प्रखण्ड अध्यक्ष की सूची जारी कर दिया है। श्री कुमार ने बताया कि गया जिले के सभी प्रखण्ड में अध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया है। प्रदर्शनी लगाने में सभी प्रखण्ड अध्यक्ष का अहम भूमिका होगा।

समाहरणालय सभा कक्ष में सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

अरवल (एनएसबी)। समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा तथा अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणाली से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों तथा उनकी रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों को यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने, वाहन चालकों में यातायात जागरूकता बढ़ाने तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुरक्षात्मक एवं निरोधात्मक उपाय करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सीसिटी एनएस के अंतर्गत पुलिस थानों में अपराध संबंधी मामलों एवं अन्य आवश्यक सूचनाओं की डेटा प्रविष्टि को शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों के अद्यतन एवं डेटा की शुद्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने तथा पुलिसिंग को अधिक तकनीक-सक्षम, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।



बैठक करते डीएम व एसपी।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत डीएम ने दिलाई भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की शपथ

अरवल (एनएसबी)। समाहरणालय परिसर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन, जिला पदाधिकारी ने दिलाई भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की शपथ जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता मे समाहरणालय परिसर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता तथा भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति को अपनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यालय प्रधान एवं समाहरणालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने शपथ ग्रहण करते हुए अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जवाबदेही के साथ करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था में जनता का विश्वास बनाए रखना प्रत्येक पदाधिकारी एवं कर्मचारी की जिम्मेदारी है। सभी सरकारी सेवकों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ करना चाहिए तथा अपने कार्यों में किसी भी प्रकार के भ्रष्ट आचरण से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यकुशलता एवं जनविश्वास को प्रभावित करता है।



शपथ दिलाते डीएम।

अभियंत्रण महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

मेहंदिया (एनएसबी)। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन सुरक्षा की चुनौतियों को देखते हुए राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, में सोमवार को साइबर खतरों एवं उनके निवारण पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 30 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रायोजन से चल रहे इस कार्यक्रम में शिक्षकों और शोधकताओं को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को साइबर अपराधों, आंकड़ों की सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी तथा डिजिटल माध्यमों से उत्पन्न खतरों की पहचान और उनसे बचाव के आधुनिक तरीकों से अवगत कराना है। वर्तमान समय में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता और तकनीकी जानकारी का महत्व भी बढ़ गया है।कार्यक्रम के संरक्षक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के निदेशक प्रो. अमित पात्रा हैं। संस्थान के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियंत्रण विभाग के प्रो. सोमनाथ त्रिपाठी संयोजक तथा प्रो. जिमसन मैथ्यू समन्वयक हैं। वहीं, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल के प्राचार्य डॉ. प्रणव कुमार भी कार्यक्रम के समन्वयक हैं।पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक जानकारी के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके लिए महाविद्यालय के कक्ष संख्या 102 में सैद्धांतिक कक्षाएं तथा पीपीएस प्रयोगशाला में व्यावहारिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित किया जा रहा है।



कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों तथा अनुसंधान और विकास संगठनों से जुड़े शिक्षक एवं शोधकर्ता भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों की साइबर सुरक्षा संबंधी समझ और तकनीकी दक्षता को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि वे अपने शिक्षण और शोध कार्यों में प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर सकें।महाविद्यालय की इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों को बदलती तकनीकी परिस्थितियों के अनुरूप तैयार करना और उन्हें साइबर सुरक्षा की नई चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाना है। इससे तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

साइबर खतरों से बचाव के आधुनिक तरीकों की मिलेगी जानकारी, 30 अक्टूबर तक चलेगा कार्यक्रम

छठ पूजा को लेकर नगर निगम गयाजी ने तेज की तैयारी

गयाजी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर गया नगर निगम गयाजी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्तिक महीने की शुरूआत के साथ ही शहर के दर्जनों से अधिक छठ घाटों की साफ-सफाई, समतलीकरण और मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए नगर निगम की ओर से घाटों पर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। नगर निगम का मुख्य उद्देश्य छठ महापर्व से पहले घाटों को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है, ताकि व्रती आसानी से भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर सकें।

नगर निगम गयाजी की ओर से विभिन्न छठ घाटों पर साफ-सफाई के साथ जमीन को समतल करने और घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को दुरुस्त करने का काम कराया जा रहा है। जिन घाटों पर गंदगी जमा है, वहां सफाई कराई जा रही है। वहीं, जिन स्थानों पर जमीन ऊबड़-खाबड़ है, वहां समतलीकरण कर श्रद्धालुओं के लिए जगह तैयार की जा रही है। घाटों पर पहुंचने वाले रास्तों को भी व्यवस्थित करने की योजना है, ताकि छठ पूजा के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को आने-जाने में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

दर्जनों से अधिक घाटों-तालाबों की सफाई और समतलीकरण शुरू

नालों पर बनेगी अस्थायी पुलिया, घाटों पर बिछेगी बालू

छठ घाटों की तैयारियों के तहत नगर निगम की ओर से उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां नालों का पानी बहता है या नालों के कारण श्रद्धालुओं को घाट तक पहुंचने में परेशानी होती है। ऐसे स्थानों पर अस्थायी पुलिया का निर्माण कराया जाएगा, ताकि व्रती और श्रद्धालु आसानी से घाट तक पहुंच सकें। इसके साथ ही घाटों पर बालू बिछाकर पूजा के लिए उपयुक्त स्थान तैयार किया जाएगा। इससे व्रतियों को बैठने और पूजा की अन्य तैयारियां करने में सहूलियत मिलेगी।



छठ पूजा के दौरान घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में घाटों की जमीन को समतल रखना और आवागमन के रास्तों को सुरक्षित बनाना जरूरी है। नगर निगम की ओर से इन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य कराए जा रहे हैं। खासकर उन घाटों पर व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया जा रहा है, जहां छठ के दौरान अधिक भीड़ जुटती है।

केंदुई, पितहमहेश्वर, ब्राह्मणी घाट, दिनकर घाट, सूर्यपोखरा, पॉलीटेक्निक, सीढ़िया और महादेव घाट सहित अन्य घाटों पर सफाई शुरू : छठ पूजा की तैयारियों के तहत शहर के विभिन्न घाटों पर काम शुरू कर दिया गया है। ब्राह्मणी, घाट, पितामेश्वर घाट, दिनकर घाट, मानपुर सूर्य पोखरा, सूर्यकुंड तालाब, सिंगरा स्थान घाट, पॉलीटेक्निक घाट, सीढ़िया घाट, महादेव घाट, वार्ड संख्या 30 स्थित नारायणगढ़ तालाब और केंदुई घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर छठ पूजा को लेकर तैयारियां को लेकर साफ सफाई सहित अन्य कार्य की जा रही हैं।

इन घाटों पर साफ-सफाई के साथ जरूरत के अनुसार अन्य कार्य भी कराए जाएंगे। नगर निगम की ओर से घाटों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की कवायद की जा रही है। इसका उद्देश्य यह है कि छठ पूजा के समय व्रतियों को पूजा करने के लिए पर्याप्त और व्यवस्थित स्थान मिल सके। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की आवाजाही में भी किसी तरह की बाधा उत्पन्न नहीं हो। शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित छठ घाटों पर हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में समय रहते तैयारियां शुरू होने से घाटों को व्यवस्थित करने और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा।

चेंजिंग रूम सहित अन्य सुविधाओं की होगी व्यवस्था : छठ पूजा के दौरान व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर चेंजिंग रूम सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। छठ महापर्व में महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में पूजा-अर्चना के लिए घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में चेंजिंग रूम की व्यवस्था व्रतियों के लिए महत्वपूर्ण होती है। नगर निगम की ओर से घाटों पर उपलब्ध जगह और जरूरत के अनुसार इन सुविधाओं को विकसित करने की तैयारी की जा रही है।

पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, 12 वाहनों से हुई 25 हजार रुपये की वसूली

मेहंदिया (एनएसबी)। कलेर पुलिस द्वारा सोमवार की शाम कलेर बाजार स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-139 पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया से लेकर चारपहिया वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने वाहनों के आवश्यक कागजात, हेलमेट, सीट बेल्ट सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 12 वाहनों से 25 हजार रुपये जुमार्ने की राशि वसूल की गई। इस संबंध में कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जाता है। सोमवार की शाम भी कलेर बाजार में करीब दो घंटे तक सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न वाहनों को रोककर उनके कागजात और सुरक्षा मानकों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुमार्ना वसूला गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन जांच अभियान का उद्देश्य केवल जुमार्ना वसूलना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करना भी है। जांच के दौरान वाहन चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने तथा गाड़ी के सभी आवश्यक कागजात साथ रखने की हिदायत दी गई। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने और लापरवाही से वाहन नहीं चलाने की अपील की गई।

वहीं, जांच अभियान के दौरान कुछ वाहन चालकों में पुलिस की कार्रवाई को लेकर हलचल भी देखी गई। कुछ वाहन चालक रास्ता बदलकर निकलते नजर आए। हालांकि पुलिस की ओर से अधिक से अधिक वाहनों की जांच करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा।पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों के बीच यातायात नियमों के पालन को लेकर सतर्कता बढ़ने की उम्मीद है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे जुमार्ने से बचने के साथ-साथ अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए भी यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें।



वाहन जांच करती पुलिस।

सुरक्षित यात्रा को लेकर वाहन चालकों को किया गया जागरूक, दो घंटे तक चली जांच

आलू दुकान से 1 लाख से अधिक की चोरी घटना सीसीटीवी में कैद

कुर्था(एसएनबी)। कुर्था बाजार में चोरों के हौसले बुलंद हैं या फिर भीड़भाड़ वाला बाजार उनके लिए आसान ठिकाना बनता जा रहा है? कभी आभूषण दुकान से जेवर गायब होने की चर्चा तो कभी आलू दुकान से नकदी भरा बक्सा लेकर चोर के फरार होने की घटना। इन घटनाओं ने बाजार के कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। अब सवाल यह है कि दुकानदार अपनी मेहनत की कमाई संभालें या चोरों से बचाने के लिए पहरेदारी करें? ताजा मामला कुर्था बाजार स्थित मस्जिद के सामने द्वारिका साब के मुन्ना आलू भंडार का है। जानकारी के अनुसार दुकान में रोजमर्रा के कारोबार के बीच एक अज्ञात व्यक्ति मौका पाकर रुपये से भरा बक्सा लेकर फरार हो गया। बक्से में करीब एक लाख रुपये नकद होने की बात बताई जा रही है। हालांकि नकदी की वास्तविक राशि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। कुर्था बाजार जैसे व्यस्त इलाके में चोरी की घटना सामने आने के बाद दुकानदारों के मन में सुरक्षा को लेकर सवाल उठना लाजिमी है। आखिर दिनभर लोगों की आवाजाही वाले बाजार में चोर इतनी आसानी से वारदात को अंजाम देकर निकल कैसे जाते हैं? क्या बाजार की सुरक्षा व्यवस्था केवल घटना के बाद चर्चा का विषय बनने के लिए है?

कुर्था में चोरों की चांदी दुकानदारों की नींद हराम पुलिस कैमरों में खोज रही सुराग



सीसीटीवी फुटेज।

डीएम और एसपी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियो की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में विभिन्न जिला स्तरीय समितियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख याधव की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति, खनन टास्क फोर्स, जिला स्तरीय निगरानी समिति, एनसीओआरडी की जिला स्तरीय कमिटी तथा नीलाम पत्र वादों से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक, विभिन्न निगरानी संबंधी कार्यों की समीक्षा, मादक पदार्थों की तस्करी एवं दुरुपयोग पर नियंत्रण तथा नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में तेजी लाना रहा। सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के अनुपालन तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। सडक सुरक्षा के प्रति आम लोगों को जागरूक करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग को प्रोत्साहित करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाएं। सड़क सुरक्षा से जुड़े विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।



जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाकर खेतों की उर्वरा शक्ति बचाएं किसान : कृषि विभाग

गोरौल (दैनिक नवसंदेश)। पटेढ़ी बेलसर प्रखंड में कृषि विभाग की ओर से प्रखंड स्तरीय वासंतिक कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रीति कुमारी,प्रखंड कृषि पदाधिकारी वीरेंद्र पासवान तथा किसान बंधुओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में किसानों को खेती की आधुनिक तकनीकों,जैविक एवं प्राकृतिक खेती के महत्व, रबी फसलों की बुआई तथा बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों को बताया गया कि खेती में बेहतर उत्पादन के साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखना भी जरूरी है।इसके लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल आवश्यकता के अनुसार और संतुलित मात्रा में करने, जैविक खाद को बढ़ावा देने तथा प्राकृतिक खेती की पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया गया।कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने और खेती की लागत को नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाने की सलाह दी।कार्यक्रम में खेतों की उर्वरा शक्ति में लगातार सुधार लाने और मिट्टी को स्वस्थ बनाए रखने के उद्देश्य से संतुलित उर्वरक प्रबंधन की आवश्यकता पर चर्चा की गई। किसानों को समझाया गया कि बिना जरूरत रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने से खेती की लागत बढ़ सकती है। इसलिए मिट्टी की जरूरत के अनुरूप खाद एवं उर्वरकों का इस्तेमाल करना चाहिए। जैविक खाद और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिल सकती है।कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में रबी फसलों की बुआई, फसल प्रबंधन तथा बेहतर पैदावार प्राप्त करने के विभिन्न तरीकों पर भी चर्चा हुई।किसानों को समयानुसार कृषि कार्य करने, उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी लेने और उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।कृषि विभाग का उद्देश्य किसानों को जागरूक कर खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने की दिशा में प्रोत्साहित करना रहा।कृषि कर्मियों और किसानों की रही भागीदारी इस कार्यक्रम में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक श्वेता राज,सभी कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार तथा प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से आए किसान शामिल हुए। प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी तकनीकी जानकारियां उपलब्ध कराई गईं,ताकि वे अपने खेतों में वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने के साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी सुरक्षित रख सकें।

संक्षिप्त खबरें

दीपावली और छठ पूजा को लेकर नगर परिषद बोर्ड की बैठक

साफ-सफाई और लाइटिंग व्यवस्था पर जोर

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। नगर परिषद सभागार मे बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे आगामी दीपावली और छठ पूजा पर चर्चा किया। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद की सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने किया। बैठक में माननीय विधायक श्री अवधेश सिंह, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, उपसभापति कंचन कुमारी सहित सभी वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर शहर में साफ-सफाई, लाइटिंग, छठ घाटों के निर्माण एवं मरम्मत, बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम की व्यवस्था तथा घाटों पर चूना-ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। विधायक अवधेश सिंह ने सभी संबंधित कार्यों को बेहतर तरीके से और निर्धारित समय पर पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में पर्व के दौरान शहर की सफाई, रोशनी और छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। वही सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने छठ घाटों की साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए संबंधित कार्यों को समय पर पूरा कराने की बात कही। उन्होंने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया।

बकाया मानदेय भुगतान और कार्य बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं आमरण भूख हड़ताल शुरू

भगवानपुर (दैनिक नवसंदेश)। लक्ष्मी नारायण महाविद्यालय, भगवानपुर के मुख्य द्वार पर दैनिक एवं मस्टर रोल कर्मियों ने 15 महीनों के बकाया मानदेय भुगतान और कार्य बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं आमरण भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। धरनारत कर्मियों ने बताया कि विगत 15 महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण उनके घरों में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दुर्गा पूजा के बाद अब आगामी पर्व-त्योहारों में भी परिवारों के समक्ष



रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। कर्मियों का कहना है कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा मामले में स्थगनादेश (CWJC 8505/2026) दिए जाने के बावजूद महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें कार्य पर वापस नहीं लिया जा रहा है, जिससे विवश होकर उन्हें गांधीवादी तरीके से आमरण अनशन का मार्ग चुनना पड़ा। अनशनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक 15 माह के बकाए वेतन का भुगतान और कार्य बहाली का विधिवत आदेश नहीं मिल जाता, तब तक यह अहिंसक सत्याग्रह निरंतर जारी रहेगा।

तख्त साहिब में अखंड पाठ

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख पंथ के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर ग्रंथी की देखरेख में तीन दिनों के अखंड पाठ सोमवार को भी चला. मंगलवार को अखंड पाठ का समापन होगा. उसी दिन विशेष दीवान सजेगा. जिसमें शबद कीर्तन और कथा प्रवचन के साथ अन्य धार्मिक आयोजन होगा. प्रबंधक कमेटी की ओर से इसके लिए तैयारी की गयी है.

मुख्यमंत्री से मिल सिख सर्किट में शामिल करने की उठायी मांग

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन व हिंदू जागरण के संयोजक विनोद कुमार सिंह यादव मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से सोमवार को मिल कर आवेदन सौंपा है. इसमें श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार साहबजादों के शौर्य पराक्र म स्मृति में बिहार के चार गांव फतेहपुर, जोरावरपुर, अजीतपुर जुझारपुर और खालसा घाट घोषित स्थल को सिख सर्किट से जोड़ कर पर्यटन विभाग के साहित्य पत्र में प्रकाशित करने की मांग की है.इसके साथ ही पटना साहिब बाईपास महादेव चौक पर शिलान्यास हुए शहीद स्मारक का भी निर्माण कराने और जनवरी माह में आयोजित होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व में शामिल होने का आग्रह किया गया.

गांजा बेचते पकड़ाया

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। मेहंदीगंज थाना की पुलिस ने रानीपुर मोरचा में गांजा की खरीदी बिक्री की गुप्त सूचना पर छापेमारी कर एक युवक को पकड़ा और गांजा बरामद किया है. थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक किलो 21 ग्राम गांजा बरामद करते हुए धंधेबाज अजय राय को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बिक्री के 1200 रुपये भी छापेमारी के दौरान युवक के पास से बरामद किया है. पुलिस ने बताया कि जब्त शराब मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है.

महिला सशक्तिकरण मेला आयोजित

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 की ओर से महिला सशक्तिकरण मेला हाजीगंज स्थित अरोड़ा हाउस में लगायी गयी. जिसका उद्घाटन डिस्ट्रिक चेयरमैन प्रियंका कुमार ने की. कार्यक्रम में नीना कुमार,वीणा जैन,श्वेता सिन्हा,विभा चरणपहाड़ी,नीलू अरोडा,विमला,रोटरी पटना सिटी के अध्यक्ष पंकज किशोर सिंह व चेयरमैन अनंत अरोड़ा इनर व्हील पटना सिटी की सदस्य समेत अन्य उपस्थित थे.कार्यक्रम का संचालन संयोजक रूचि अरोड़ा ने करते हुए पांच जरूरतमंदों में सिलाई मशीन का वितरण किया गया. मेला में 50 से अधिक स्टॉल महिलाओं ने लगाया था. वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन से महिलाएं आत्मनिर्भर व सशक्त होगी.

मकान से आभूषण चोरी,पुलिस कर रही छानबीन

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के पंचवटी कॉलोनी के श्रमजीवी कॉलोनी मुहल्ला में रहने वाले अमित कुमार की पत्नी नेहा कुमारी ने बंद मकान से 28 लाख रुपये से अधिक के सोने चांदी के आभूषण चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी है. दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस मामले में छानबीन आरंभ की है. पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि वो मकान में ताला बंद कर अस्पताल गयी थी. जब लौटी तो देखा कि आलमीरा टूटा हुआ है. चोरों ने आलमीरा के लॉकर में रखे सोने-चांदी के आधा किलो से अधिक आभूषण की चोरी कर लिया है. जिसकी अनुमामित कीमत लगभग 28 लाख रुपये से अधिक हो सकती है. पुलिस चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए आसपास में लगे सीसीटी फुटेज को भी खंगाल रही है.

कुंदन हत्याकांड में एक और गिरफ्तार

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। खाजेकला थाना के गुजरी बाजार सेल टैक्स ऑफिस के समीप दशहरा मेला की भीड़ के बीच 21 अक्तूबर की रात मोगलपुरा टिकिया टोली मुहल्ला निवासी नागेंद्र ठाकुर के पुत्र कुंदन कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है. डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया कि हत्याकांड में शामिल चौक थाना के दुंदी बाजार निवासी सूरज चौधरी को गिरफ्तार किया गया है. अब तक हत्याकांड में दो युवक और एक किशोर को पकड़ा गया है. जबकि कांड में शामिल अन्य की तलाश में भी पुलिस टीम छापेमारी कर रही है. बताते चले कि विसर्जन शोभायात्र में नाच गाना के दौरान हुए विवाद में घटना हुई थी.

चांदपुरा मलंग स्थान पर दो दिवसीय मेले का शुभारंभ

शरद पूर्णिमा पर लगता है ऐतिहासिक मेला।

गोरौल (दैनिक नवसंदेश)। गोरौल प्रखंड के चांदपुरा मलंग स्थान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले दो दिवसीय मेले का उद्घाटन सोमवार को प्रखंड प्रमुख मुन्ना कुमार, गोरौल नगर पंचायत की उपमुख्य पार्षद धनमंती देवी, अंचलाधिकारी सीमा रंजन, जिला परिषद सदस्य रूबी कुमारी और मेला समिति के अध्यक्ष सह मुखिया राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।प्राचीन काल से आयोजित होने वाला यह मेला अपनी विशिष्ट परंपरा के लिए प्रसिद्ध है।शरद पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले इस मेले में बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा पश्चिम बंगाल,असम, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से लोग खरीदारी और बिक्री के लिए पहुंचते हैं। मेले में मुजफ्फरपुर,मोतिहारी, दरभंगा और सीतामढ़ी जैसे शहरों से भी दुकानदार अपनी दुकानें लेकर पहुंचे हैं।चांदपुरा मलंग स्थान पर बाबा मलंग के दर्शन के लिए सालों भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है।मेले के दौरान महिलाओं की अच्छी-खासी भीड़ खरीदारी के लिए उमड़ती है।यहां की एक खास परंपरा नई



गाड़ियों की पूजा कराने से भी जुड़ी है। दूसरे राज्यों से भी लोग नई गाड़ी खरीदने के बाद बाबा मलंग स्थान पर पूजा कराने पहुंचते हैं।श्रद्धालुओं के बीच ऐसी मान्यता है कि यहां पूजा कराने से वाहन दुर्घटनाओं से सुरक्षित रहता है।मेले के उद्घाटन अवसर पर जदयू नेता त्रिविक्रम प्रसाद,अशोक कुमार सिंह,मंगलेश्वर कुमार शर्मा,अनिल कुमार शर्मा, सुरेश प्रसाद यादव,राजाराम पासवान,बिनोद साह, चंद्रभूषण राय,अजित पांडेय, सोनू कुमार सिंह,शंकर यादव, अजय यादव,शंभू शरण राय, राजाराम राय,हिमाचल कुमार, विश्वनाथ राय, अवधेश्वर सिंह,आरएन यादव और सुभाष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।मेले को लेकर गोरौल थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त करते नजर आए।

बेलसर में चंडीगढ़ निर्मित शराब की बड़ी खेप बरामद लग्जरी गाड़ी चालक गिरफ्तार

गोरौल (दैनिक नवसंदेश)। वैशाली जिले के बेलसर थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ निर्मित शराब की खेप बरामद की है।पुलिस ने मौना गांव के पास एक लग्जरी गाड़ी से करीब 131 लीटर शराब जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब 15 कार्टन में रखी गई थी।वहीं, वाहन का मालिक पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस फरार व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार, बेलसर थाना के एसआई शैलेश कुमार बीती रात मौना-बेलसर मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चला रहे थे। इसी दौरान झुनी चौक के पास संदिग्ध लग्जरी गाड़ी पर पुलिस की नजर पड़ी। पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद खदेड़कर गाड़ी को रोका गया और उसकी तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान गाड़ी से चंडीगढ़ निर्मित शराब के 15 कार्टन बरामद हुए, जिनमें कुल करीब 131 लीटर शराब होने की जानकारी दी गई है।पुलिस ने मौके से गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के जैतपुर निवासी मुन्ना पासवान के रूप में बताई गई है। हालांकि, वाहन मालिक मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार व्यक्ति की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रही है।बेलसर पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।मामले में फरार वाहन मालिक की तलाश जारी है। शराब बरामदगी की पुष्टि बेलसर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शराब कहां से लाई जा रही थी तथा इसकी आपूर्ति कहां की जानी थी।

विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का दिलाया संकल्प

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। नशा मुक्त युवा फॉर विकिसत भारत के संकल्प कार्यक्रम में किला रोड स्थित श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज में युवाओं को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया. कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ मनोज कुमार व मुख्य अतिथि डॉ मुकेश कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने तथा सामाजिक कल्याण के कार्यों में भागिदारी बढ़ाने,युवाओं की भूमिका और नशा मुक्त समाज के महत्व को रेखाकिंत किया.

बालिकाओं को बाल अधिकारों और संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। सुरक्षित बचपन अभियान के तहत हाजीपुर स्थित राज्य संपोषित बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल अधिकार एवं संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, वैशाली, श्री आनंद नंदन सिंह, अवकाश प्राप्त जिला एवंअपर सत्र न्यायाधीश गंगा प्रसाद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नीतिश दयाल,अवर न्यायाधीश सह सचिव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार वैशाली प्रमोद कुमार, प्रधान मजिस्ट्रेट संस्थाओं को सूचित करें तथा अपनी निजी जानकारी, फोटो और वीडियो अनजान लोगों के साथ साझा न करें।

उन्होंने कहा कि जागरूकता बाल संरक्षण की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारों और कानून की जानकारी होने पर बच्चे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठा सकते हैं। इस अवसर पर गंगा प्रसाद अवकाश प्राप्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नीतीश दयाल जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट, अवर न्यायाधीश प्रमोद कुमार एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड विकास कुमार ने बच्चों के कानूनी अधिकारों एवं



किशोर न्याय बोर्ड विकास कुमार तथा संस्थान के सचिव डॉ. सुधीर कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर जिला जज ने छात्राओं को बाल अधिकारों और संरक्षण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण में रहने तथा शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। उन्होंने बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण और ऑनलाइन यौन उत्पीड़न के प्रति सजग रहने की अपील की। उन्होंने सलाह दी कि किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में अभिभावकों, शिक्षकों, संबंधित अधिकारियों या विधिक सहायता मौलिक अधिकारों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डॉ. सुधीर कुमार शुक्ला ने बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण और हिंसा की रोकथाम में समाज की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में छात्राओं को बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध कानूनी संरक्षण एवं विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक डॉ राजेश शुभांगी ने किया।

गोपाल कृष्ण प्रधानाध्यापक, अनीता शर्मा, मुकेश कुमार, सरोज कुमार सिंह, नूतन कुमारी, सबिता कुमारी,दीपक कुमार,अरबिंद कुमार इस अवसर पर अपनी बातों को रखा।

शोकाकुल परिजनों से मिले पीएचइडी मंत्री संजय सिंह

महुआ (दैनिक नवसंदेश)। महुआ के विधायक सह बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय सिंह ने महुआ के कई शोकाकुल परिजनों से मुलाकात करते हुए अपने संवेदना जाहिर करते हुए शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को ढांढ़स बंधाया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को महुआ के पुरानी बाजार निवासी युवा व्यवसाय राजकमल जायसवाल के पिता 73 वर्षीय जीतन प्रसाद जायसवाल के असामयिक निधन की खबर सुनकर उनके घर पर पहुंच बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय सिंह ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मिल कर अपनी संवेदना प्रकट करते हुए ढांढस बंधाया। इस मौके पर भगवान चौधरी, श्री राम चौधरी,मुकेश ठाकुर, महमूद आलम,विक्की कुमार आदि के साथ-साथ अनेकों लोग उपस्थित थे।



क्या ठोकी करीब एक सप्ताह पहले महुआ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 20 निवासी युवा समाजसेवी राजकमल जायसवाल के 73 वर्षीय जीतन प्रसाद जायसवाल जी का हृदय आघात से असामयिक निधन हो गया था। उनके असामयिक निधन की खबर सुनते ही अनेकों लोगों ने दुख व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में डॉक्टर आसमा परवीन, अभिषेक जायसवाल, मोहन सिंह,रविंद्र कुमार,राम जानकी थेरेपी सेंटर के डॉक्टर प्रमोद कुशवाहा,सूरज जायसवाल, दीपक कुशवाहा समेत दर्जनों लोग शामिल हैं।वहीं दूसरी ओर महुआ सिंह राय पश्चिमी में एक साथ तीन-तीन युवकों की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद के शोकाकुल परिजनों से भी बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री रविवार की दोपहर उनके घर पर पहुंचे और तीनों शोकाकुल परिजनों के सदस्यों से मुलाकात करते हुए अपनी संवेदना प्रकट की।

कौमुदी महोत्सव में होती रही काव्य, गजल व गीतों की रस वर्षा, जमकर झूमे श्रोता

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। साहित्यिक संस्था किरण मंडल (पुराना) द्वारा आयोजित कौमुदी महोत्सव पर कवि सम्मेलन में देश के नामचीन रचनाकारों के एक से बढ़कर एक रचनाओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। दिल्ली से पधारे सुप्रसिद्ध कवि डॉ. राहुल शिवाय ने सूरज के पाँवों में मुझे छाला नहीं मिला, जुगनू से आसमां को उजाला नहीं मिला...अपनी उम्दा पंक्तियां सुना कर भव्य कवि सम्मेलन का आगाज किया।

शहर के बागमली, बेटी विद्यायन स्थित राष्ट्रकवि दिनकर सभागार में आयोजित 80वें कौमुदी महोत्सव की अध्यक्षता संस्थाध्यक्ष प्रो. डॉ दामोदर प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन मणि भूषण प्रसाद सिंह अकेला ने किया। सर्वप्रथम अखौरी चंद्रशेखर ने सरस्वती वंदना से मां शारदे का आह्वान किया। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। उप प्राचार्या मोनी सिन्हा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए। विजय कुमार सिंह रचित काव्य पुस्तक का लोकार्पण अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। देवघर से पधारे प्रख्यात कवि अनिल कुमार झा ने चौथेपन में आते-आते छूट गया सब



पाते- पाते उमस बड़ी तो घनगहराया कुछ हासिल हुआ न जाते-जाते..पढ़ा तो श्रोता मंत्र मुक्त हो गए। बनारस की सुकंठ कोकिला डॉ. वर्षा रानी अपनी पंक्तियों के माध्यम से श्रोताओं के हृदय तल में उतर गई। समस्तीपुर के स्वरकोकिल महाकवि हरिनारायण सिंह हरि ने मुस्कान तरंगित तन- उछाल गड्ढों से शोभित उभय गाल। है मधुर तेज, मुख पर उछाह यौवन का विकसित विकल दाह...ने उम्दा पंक्तियां सुना कर श्रोताओं को गुनगुनाने पर विवश कर दिया। पटना से आई कवयित्री अभिलाषा सिंह ने पग- पग पर बनते संबल पौरुष भुजबल अक्षय हो, हे पुण्य धरा के पुरुष! तुम्हारी सदा सर्वदा जय हो.. पंक्तियां गाकर कर वातावरण को गमगीन कर दिया। संतोष चौधरी ने सुना है कोई कॉकरोच कर रहा बड़ा शोर है, सड़न में जो पलता रहा सड़ा रहा क्यों देश है..मुखड़ा सुना कर देश के बिगड़ते हालात पर कुठाराघात किया। राजेश कुमार ने बांकी है उसमें जान, लेकिन अभी भी खुली है उसकी किताब... पढ़कर ने खूब तालियां बटोरी। विवेका चौधरी ने एक पार्टी पिया के नाम कर दिया हमारे दिल बेचैन है पिया के मिले के लिए.. और प्रियतम ने शरद पूर्णिमा को रात चूमने लगी जिसको भी देखो आज सभी मंत्र मुक्त हैं.. सुना कर शमा बांध दी। वहीं डॉ. शिव बालक राय प्रभाकर ने गीत पढ़ा तो श्रोता वाह-वाह करने पर मजबूर हो गए। कवि

संक्षिप्त खबरें

बंकीखाल में 62 बोतल शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के बंकीखाल गांव में पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक आरोपित के घर के सामने से झोला में लेकर भाग रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान उचकागांव थाना क्षेत्र के बंकीखाल गांव के विनेश्वरी महतो के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपित के पास रखें झोला से 47 बोतल अंग्रेजी और 15 बोतल देसी शराब बरामद किया गया है। मामले में गिरफ्तार प्राथमिकी करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित को सोमवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया।

गुरमा में महिला पर जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव गांव थाना क्षेत्र के गुरमा गांव में कुछ लोगों द्वारा चाकू, लाठी, भाला, फरसा से जानलेवा हमला कर महिला रीता देवी को बुरी तरीके से घायल कर दिया। मामले में घायल महिला रिता देवी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में भर्ती कराया गया। जहां उसकी चिंताजनक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना 24 अक्टूबर की सुबह की है। मामले में घायल महिला रिता देवी के आवेदन पर गांव के आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गईं। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित कृष्ण प्रसाद और राजन प्रसाद को गिरफ्तार कर सोमवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया।

श्रीपुर चोरी कांड में दो आरोपित गिरफ्तार

दो लाख नकद व आभूषण बरामद, पुत्र के दोस्त ने ही दिया था चोरी की घटना को अंजाम, तीन धारदार चाकू भी जब्त

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी मोड़ के पास संचालित शॉड ग्रेस स्कूलश की एक अनियंत्रित और जर्जर बस सोमवार को मुख्य सड़क पर बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। चलती बस का अचानक स्टेरिंग फेल होने से वह सड़क के किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इस घटना में बस में सवार दर्जनों छात्र-छात्राएं सुरक्षित हैं, लेकिन इस लापरवाही ने स्कूल प्रबंधन और शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कूल बस बच्चों को लेकर जा रही थी, तभी फुलवरिया रेलवे मोड़ के पास अचानक उसका स्टेरिंग फेल हो गया। वाहन पर नियंत्रण खोते ही बस सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। हादसे के बाद बस में बैठे छात्र-दर्जनों बच्चे डर से रोने और चिल्लाने लगे. बच्चों के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके की ओर दौड़े और बच्चों को बस से निकाला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अभिभावकों ने

गॉड ग्रेस स्कूल की जर्जर बस का स्टेरिंग फेल

बाल-बाल बचे दर्जनों बच्चे, जवान मर रहे तो बस क्यों नहीं, हादसे के बाद बस कंडक्टर के बिगड़े बोल, अभिभावक आक्रोशित



घटना के बाद उमड़ी लोगों की भीड़


घटना के बाद स्कॉर्पियो से स्कूल जाते बच्चे

सहमे बच्चों को गले लगाकर ढांढस बंधाया। अभिभावकों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश देखा गया कि स्कूल संचालक द्वारा बेहद जर्जर और खटारा बसों का संचालन किया जा रहा है।

अभिभावक दीनदयाल प्रसाद, धुरेन्द्र बैठा ने बताया कि स्कूल संचालक से पहले भी कई बार शिकायत की गई थी कि बसें पूरी तरह जर्जर हालत में हैं और इनके पुर्जे-पुर्जे खराब हो चुके हैं। इसलिए इनसे बच्चों को न भेजा जाए. बावजूद इसके संचालक अपनी लापरवाह जिद पर अड़े रहे। हद तो तब हो गई जब घटना के बाद गुस्साए अभिभावकों ने जब बस के कंडक्टर से बात की, तो उसने संवेदनहीनता की सारी हदें पार करते हुए अमर्यादित शब्दों में कहा जब जवान व्यक्ति मर जा रहा है, तो यह तो बस है, कभी भी स्टेरिंग फेल हो सकता है और दुर्घटना हो सकती है। स्कूल प्रबंधन की इस घोर लापरवाही और जर्जर वाहनों के धड़ल्ले से हो रहे संचालन को लेकर क्षेत्र के अभिभावकों और प्रबुद्धजनों में गहरा रोष व्याप्त है। लोगों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि ऐसे गैर-जिम्मेदार स्कूल संचालक का लाइसेंस रद्द किया जाए और तत्काल प्रभाव से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को टाला जा सके। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा मामला संज्ञान में आया है। बच्चों की जान जोखिम में डालने वाले ऐसे स्कूलों के खिलाफ विभागीय स्तर पर सख्त जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अनंत सिंह का पार्टी से निष्कासन प्रदेश नेतृत्व का सही निर्णय : प्रमोद पटेल

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जदयू विधायक अनंत सिंह को 6 वर्षों के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता को रद्द करते हुए पार्टी से निष्कासित किए जाने के निर्णय को जिला जदयू ने सही और उचित कदम बताया है। जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा को इस निर्णय के लिए धन्यवाद देते हुए कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष का यह निर्णय पार्टी दल संगठन हित में ऐतिहासिक निर्णय है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कोई भी व्यक्ति पार्टी से बड़ा नहीं है पार्टी के सम्मान के साथ समझौता नहीं होना चाहिए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का हर निर्णय का स्वागत योग्य है। जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र कुमार सिंह, रामाशीष सिंह, राधेश्याम-साहनी, मिथिलेश कुमार राय, योगेंद्र राम, हबीब अख्तर खान, सतीश कुमार सिंह, साहेब जाद अली, प्रभात कुवर, मुन्ना कुवर, अभय पांडेय, उमेश प्रसाद कुशवाहा, धर्मराज प्रसाद सिंह, ललन मांझी, चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा, मोव इबरार खान, परवेज आलम खान, परवेज हसन, मोहम्मद तौहीद, साहेबजाद अली, आनंद बिहारी श्रीवास्तव, डॉ0 ए के तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष के निर्णय का स्वागत किया है।

श्रीपुर में दवा दुकानों पर ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी

दवाओं के प्रकार, भंडारण और रखरखाव की हुई जांच मेडिकल दुकानदारों में मचा हड़कंप

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना क्षेत्र के दीवान परसा बाजार में सोमवार को औषधि विभाग की टीम ने दवा दुकानों पर छापेमारी की। ड्रग इंस्पेक्टर कुमार संजय के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से बाजार की मेडिकल दुकानों में हड़कंप मचा रहा। टीम ने विभिन्न दवा दुकानों में पहुंचकर उपलब्ध दवाओं के प्रकार, उनके भंडारण और रखरखाव से संबंधित बिंदुओं की जांच की।छापेमारी के दौरान दवाओं को निर्धारित परिस्थितियों में रखने तथा उनके सुरक्षित भंडारण से जुड़े पहलुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। औषधि विभाग की टीम की अचानक हुई कार्रवाई से दवा दुकानदारों में अफरातफरी का माहौल रहा। टीम ने दुकानों में रखी दवाओं की उपलब्धता और उनके रखरखाव की स्थिति का भी जायजा लिया।बताया जाता है कि शिकायत के आधार पर विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की। हालांकि, छापेमारी के दौरान किसी दुकान से प्रतिबंधित या अवैध दवा बरामद होने अथवा किसी दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। औषधि विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के दवा कारोबारियों में सतर्कता बढ़ गई है।

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने अपने बचपन के विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने और संसाधन उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड स्थित डुमरिया मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। खास बात यह रही कि यह वही विद्यालय है, जहां शिक्षा मंत्री ने अपने बचपन में शिक्षा ग्रहण की थी। अपने पुराने विद्यालय पहुंचकर उन्होंने शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया और विद्यालय के विकास को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही, विद्यालय में आवश्यकतानुसार शैक्षणिक एवं बुनियादी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। अपने बचपन के विद्यालय में पहुंचकर शिक्षा मंत्री ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर सुविधाएं और विद्यार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा मंत्री का यह निरीक्षण सरकारी विद्यालयों की व्यवस्था में सुधार और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



प्रसाद-बुद्धि के प्रतीक संत सुपन भगत की प्राण-प्रतिष्ठा

शिक्षा मंत्री बोले- विरासत सहेजना ही संस्कृति को जीवित रखना है

बैकुंठपुर (दैनिक नवसंदेश) वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित संत शिरोमणि सूपन भगत की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी भी पहुंचे. मंदिर में फीता काटकर उद्घाटन किया। राजसूयी यज्ञ को सफल बनाने वाले संत श्वपच वाल्मीकि सुपन भगत की पूजा की और उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों की विरासत को सहेजना हमारी संस्कृति को जीवित रखना है। उन्होंने संत स्थल के विकास का भी आश्वासन दिया। बिहार के शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि संत सुपन भगत त्याग, भक्ति और समता के शाश्वत प्रतीक थे। उन्होंने हमें सिखाया कि भक्ति में न जात है, न अहंकार, केवल प्रसाद-बुद्धि है। भीम जैसा महाबली भी उनके आगे झुक गया, यही हमारी संस्कृति की ताकत है। ऐसे महापुरुषों की विरासत को सहेजना, हमारी संस्कृति को जीवित रखना है। सरकार संत स्थल के सौंदर्यीकरण, यहां पुस्तकालय और बच्चों के लिए शिक्षा केंद्र बनाने को संकल्पित है, ताकि आने वाली पीढ़ी सुपन भगत की समता और भक्ति की सीख ले सके।

बथुआ बाजार में महाजाम स्कूली वाहन और एंबुलेंस फंसी, जनता में भारी आक्रोश

अतिक्रमणकारियों के आगे नतमस्तक प्रशासन सड़क पर सजे ठेले, राहगीर परेशान



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड के सबसे व्यस्त व्यावसायिक केंद्र बथुआ बाजार में सोमवार दोपहर प्रशासनिक लापरवाही और व्यवस्था की पोल खुल गई। तेज धूप और गर्मी के बीच मुख्य सड़क पर करीब दो किलोमीटर लंबा महाजाम लग गया। जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। जाम की इस विकट स्थिति में कई स्कूली वाहनों के अलावा जिंदगी और मौत से जूझ रहे मरीज को ले जा रही एक एंबुलेंस भी घंटों फंसी रही। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फुलवरिया पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद एंबुलेंस को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना ने एक बार फिर प्रशासनिक तैयारियों और दावों की पोल खोल दी है। जाम में फंसे मलमलिया निवासी कमलेश कुमार ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि गोरखपुर एयरपोर्ट जाते समय बथुआ बाजार में प्रवेश करते ही धड़कनें बढ़ जाती हैं। यह जाम अब एक स्थायी नासूर बन चुका है। सबसे दर्दनाक स्थिति छुट्टी के बाद घर लौट रहे स्कूली बच्चों की रही। भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच बच्चे पसीने से तर-बतर होकर वाहनों में बेहाल नजर आए, लेकिन स्थानीय स्तर पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने सुध नहीं ली। महाजाम का मुख्य कारण मुख्य मार्ग पर फैला अवैध अतिक्रमण है। फल, सब्जी व अन्य सामानों के ठेले बेतरतीब तरीके से सड़क पर सजाए जाते हैं। जिससे आवागमन सिकुड़ जाता है। लोगों का गंभीर आरोप है कि पुलिस-प्रशासन की सुस्ती तथा कथित मिलीभगत के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले सातवें आसमान पर हैं। आंखें मूंदे बैठा प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। प्रशासनिक उदासीनता से आक्रोशित अभिभावकों, दुकानदारों और राहगीरों ने बथुआ बाजार को तुरंत अतिक्रमण मुक्त करने के लिए बुलडोजर कार्रवाई की पुरजोर मांग की है। जनता ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यात्रियों की फ्लाइट्स और ट्रेनें लगातार छूटती रहेंगी. अब देखना यह है कि कुंभकर्णी नींद सो रहा प्रशासन इस चेतावनी के बाद कब जागता है।

जनसुनवाई में दस से अधिक फरियादियों की सुनी गईं समस्याएं

पेंशन भुगतान की शिकायत का हुआ समाधान

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय प्रखंड कार्यालय में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई में दस से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं।इस दौरान वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान लंबित रहने, आवास योजना का लाभ नहीं मिलने और स्वच्छता अभियान से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाई गईं।प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) आदित्य प्रकाश ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों की जांच कर त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए।जनसुनवाई के दौरान पेंशन भुगतान से जुड़ी एक शिकायत का मौके पर ही समाधान कराया गया।जनसुनवाई में एक वृद्ध ने शिकायत की कि पिछले छह महीने से उनके खाते में वृद्धावस्था पेंशन की राशि नहीं आ रही है। मामले की जांच में बैंक स्तर पर गड़बड़ी के कारण भुगतान लंबित होने की बात सामने आई।इस पर बीडीओ ने संबंधित बैंक प्रबंधक से बातचीत कर समस्या के समाधान की पहल की।उन्होंने फरियादी को आश्वस्त किया कि अगले महीने की 10 तारीख तक पेंशन की राशि उनके खाते में पहुंच जाएगी।वहीं, पेंशन से संबंधित एक अन्य



शिकायत का भी निष्पादन किया गया।इसके अलावा आवास योजना और स्वच्छता अभियान से संबंधित समस्याओं को भी जनसुनवाई में रखा गया।बीडीओ ने इन मामलों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है।इसके माध्यम से लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान आरडीओ अशरफ आलम भी मौजूद रहे।

सांखे बाजार, बालाहाता और वृंदावन महावीरी अखाड़ा मेला को लेकर शांति समिति की बैठक

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव थाना क्षेत्र के साखे बाजार, बालाहाता बाजार और वृंदावन में एक ही दिन 26 और 27 अक्टूबर को आयोजित होने वाली महावीरी अखाड़ा जुलूस व मेला को लेकर सोमवार के दिन थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झां की अध्यक्षता में तीनों बाजारों में अलग-अलग शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जहां महावीरी अखाड़ा जुलूस व मेला को लेकर सख्त निर्देश जारी किया गया।

बताया जा रहा है कि उचकागांव थाना क्षेत्र के सांखे बाजार में आयोजित होने वाले महावीरी अखाड़ा मेले में थाना क्षेत्र के सांखे खास, तुलसिया, पचमवां, नौतन, बिरवट घूरन और सतकोठवा गांव का जुलूस शामिल होता है। जबकि बालाहाता



बाजार में आयोजित होने वाले महावीरी अखाड़ा मेला में बालाहाता, बालाहाता वृत्ति टोला, बालाहाता हरिजन टोला, भगवान टोला, पिडरा और राजापुर जबकि वृंदावन में आयोजित होने वाले महावीरी अखाड़ा मेला में वृंदावन सदासी राय का टोला सहित पांच महावीरी अखाड़ा जुलूस शामिल होता है। थानाध्यक्ष ने शांति समिति की बैठक में कहा कि मेले में आर्केस्ट्रा, डीजे पर पूरी तरीके से प्रतिबंध रहेगा। महावीरी अखाड़ा जुलूस व मेला की ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी।

करवतहीं बाजार में पटाखा दुकान व गोदाम पर छापेमारी

पांच क्विंटल से अधिक विस्फोटक सामग्री जब्त, निष्क्रिय करने के लिए बुलाया गया बम निरोधक दस्ता

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) आगामी दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।इसी क्रम में सोमवार को गोपालपुर थाना क्षेत्र के करवतहीं बाजार में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक पटाखा दुकान और गोदाम पर छापेमारी कर पांच क्विंटल से अधिक खतरनाक पटाखे और विस्फोटक सामग्री जब्त की। जब्त सामग्री की मात्रा डेढ़ पिकअप से अधिक बताई जा रही है। पटाखों को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने के लिए जिला मुख्यालय से बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है।मामले में करवतहीं गांव निवासी सुजीत कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि करवतहीं



बाजार स्थित एक दुकान में अवैध रूप से भारी मात्रा में पटाखों का भंडारण कर उनकी बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद अंचल पदाधिकारी मनोरंजन कुमार शुक्ला के नेतृत्व में गोपालपुर पुलिस की टीम ने संबंधित दुकान और गोदाम पर छापेमारी की।सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। तलाशी के दौरान सुजीत कुमार की दुकान और गोदाम से भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। अंचल पदाधिकारी मनोरंजन कुमार शुक्ला ने बताया कि जब्त पटाखों को निष्क्रिय करने के लिए जिला मुख्यालय से बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है।आवश्यक सुरक्षा प्रक्रिया पूरी करने के बाद विशेषज्ञों की टीम पटाखों को निष्क्रिय करेगी।वहीं, गोपालपुर थानाध्यक्ष परमेश कुमार ने बताया कि जब्त पटाखों की जब्ती सूची तैयार की जा रही है।आरोपित के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण और कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा मानकों और नियमों का उल्लंघन कर पटाखों का भंडारण या बिक्री करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

साढ़े तीन माह बाद भी लापता दोनों भाइयों का सुराग नहीं

मां के छोड़ जाने के बाद दादी ने संभाला था पालन-पोषण, 9 जुलाई को शौच के लिए निकले थे दोनों बच्चे

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)। साढ़े तीन महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भोपतापुर गांव से लापता दो सगे भाइयों का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।बच्चों की वापसी की उम्मीद में बुजुर्ग दादी रामपति देवी की आंखें दरवाजे पर टिकी हैं।हर गुजरते दिन के साथ परिवार की बेचैनी बढ़ती जा रही है।एक ओर दादा-दादी बच्चों के लौटने की आस लगाए बैठे हैं, तो दूसरी ओर दो महीने तक अपने स्तर से तलाश करने के बाद पिता कन्हैया कुमार रोजी-रोटी की मजबूरी में चेन्नई लौट गए हैं। परिवार की इस पीड़ा से गांव के लोग भी दुखी हैं।भोपतापुर गांव निवासी कन्हैया कुमार के दो बेटे 11 वर्षीय अभय कुमार और नौ वर्षीय पंकज कुमार हैं। बताया जाता है कि जब दोनों बच्चे महज चार और दो वर्ष के थे, तभी उनकी मां घर छोड़कर चली गई थी।इसके बाद से दादी रामपति देवी ने ही दोनों का पालन-पोषण


(अभय कुमार का फाईल फोटो)


(पंकज कुमार का फाईल फोटो)

किया।दोनों भाई अपने दादा-दादी के साथ गांव में रहते थे,जबकि पिता चेन्नई में काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।रामपति देवी के अनुसार, नौ जुलाई को दोनों बच्चे शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे।काफी इंतजार के बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की।इसी दौरान पता चला कि दोनों बच्चे घर से छह हजार रुपये लेकर निकले थे। इसके बाद परिवार के लोगों ने आसपास के गांवों और संभावित ठिकानों पर खोजबीन की, लेकिन बच्चों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।बच्चों का पता नहीं चलने पर 15 जुलाई को रामपति देवी ने कुचायकोट थाने में दोनों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।उन्होंने उसी दिन एसपी के जनशिकायत कोषांग में भी आवेदन देकर बच्चों को खोजने की गुहार लगाई।इसके बाद पुलिस ने भी उनकी तलाश शुरू की, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आ सकी है।बच्चों के लापता होने की खबर मिलने पर पिता कन्हैया कुमार गांव पहुंचे थे।उन्होंने करीब दो महीने तक आसपास के इलाकों में बच्चों की तलाश की और संभावित ठिकानों पर जानकारी जुटाने का प्रयास किया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद दोनों बेटों का कोई सुराग नहीं मिला।अंततः रोजी-रोटी की मजबूरी के कारण उन्हें वापस चेन्नई लौटना पड़ा।दोनों पोतों के लापता होने से दादी रामपति देवी का बुरा हाल है।वह अब भी उनके लौटने की उम्मीद में दिन-रात बेचैन रहती हैं।परिवार को उम्मीद है कि दोनों बच्चे सकुशल घर लौट आएंगे।वहीं, लंबे समय से बच्चों का पता नहीं चलने और शिकायत के बावजूद उनकी बरामदगी नहीं होने से परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, युवक गंभीर रूप से घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के पोखरभिंडा गांव के पास रविवार की देर शाम बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की पहचान बरौली थाना क्षेत्र के बरौली बाजार निवासी सोनू सिंह के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, सोनू सिंह किसी काम से उत्तर प्रदेश के सलेमगढ़ बाजार गए थे।वहां से वापस लौटने के दौरान पोखारभिंडा गांव के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई।टक्कर के बाद वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया।